GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 09-11-2022

# नपं अध्यक्ष के पुत्र पर हमला करने वाला गिरफ्तार

उनवल। बीते दिनों खजनी थाने के नगर पचायत अध्यक्ष उनवल के पुत्र मोनू निषाद को मामूली विवाद को लेकर गांव के सामने कुछ लोगों ने बुरी तरह मार पीट कर घायल कर दिया था। इस मामले में मोनू की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 308 के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया। नपं अध्यक्ष उनवल के पुत्र मोनू निषाद के उपर 6 नवम्बर को शाम सात बजे अन्य लोगों के साथ जानलेवा हमला करने मे एक आरोपी राजेश कुमार राना पुत्र जगलाल निवासी कंदराई थाना खजनी चौकी महुआडाबर को चौकी प्रभारी महुआडाबर ने हमराहियों के साथ एक बजे आर,डी, एम,स्कूल कंदराई के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दुकानदार का चालान काटने पर हंगामा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मंगलवार को गुलरिहा इलाके के खपड़हवा पुलिस पीकेट के ठीक पीछे पुलिस द्वारा सब्जी बाजार में फुटपाथ पर मटर बेचने वाले ठेला व्यवसायी का चालान काटने पर बाजार मालिक ने एतराज जताया। जिसको लेकर पुलिस से ठेला व्यवसायी की झड़प हो गयी। पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पुत्र को सख्ती के साथ पुलिस पीकेट पर ले गई तो उसको छुड़ाने भाई पहुंचा गया। पुलिस उसको भी बेवजह बैठा ली। उसके बाद दोनों को लेकर थाने चली गई। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज दुकानदारों का गुस्सा सांतवे आसमान पर पहुंच गया। तीसरा भाई पीकेट पर पहुंचा कर विरोध करने लगा। पुलिस ने दो भाई समेत तीन को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी है। इस तरह की कार्रवाई से पुलिस के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ना लाजिमी हैं।

**पुलिस ने पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के बेटे सहित तीन को लिया हिरासत में**

**गुलहि इलाके के खपड़हवा सब्जी मंडी में दुकादार का काटा चालान**

**भयहट प्रतिनिधि** के अनुसार थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा पुलिस पीकेट के पास बांसस्थान रोड पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। वहीं पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख व पूर्व प्रधान स्व गोपाल जयसवाल की जमीन पर सब्जी बाजार लगती है। वहीं पुलिस फुटपाथ के दुकानदारों का चालान काटने लगी। जिस पर बाजार मालिक पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख का बेटा एतराज करने लगा। इसी बात पर बाजार मालिक और पुलिस के बीच वाद विवाद हो गया। पुलिस बाजार मालिक को सख्ती के साथ पीकेट पर ले कर चली गई। भाई को छुड़ाने उसका दूसरा भाई पीकेट पर पहुंचा तो पुलिस ने उसको भी बैठा लिया। कुछ देर बाद दोनो थाने लेकर चली गई। आक्रोशित लोगों के साथ बाजार मालिक का तिसरा भाई पीकेट पर पहुंचा और विरोध करने लगा। घटना का वीडियो क्लिप इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



**पत्रकार के साथ अभ्रदता करने का आरोप :** थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर एक के एक पत्रकार ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर गुलरिहा पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाया है कि जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा चौराहे पर पुलिस एक युवक की पीटाई कर रही थी। जिसका खबर कवरेज कर रहे पत्रकार का मोबाईल छीन कर अपशब्द कहा गया। इस संबंध में इंस्पेक्टर एमके पाण्डेय ने मोबाईल छीनने की घटना गलत बताते हुए इनकार कर दिया है।

**सांसद प्रतिनिधि ने सीओ से शिकायत की :** जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा पुलिस पीकेट के पास बाजार में हुई घटना की स्थानीय लोगो ने सांसद प्रतिनिधि संजय को जानकारी दी तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी आईपीएस मानुष पारिख से शिकायत की। घटना का वारल वीडियो भेज कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध इंस्पेक्टर ने बताया कि विनय व विशाल जयसवाल और प्रेम सहानी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# खिचड़ी मेला की तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश



मण्डलायुक्त सभागार में खिचड़ी को लेकर आयोजित बैठक में संबोधित करते कमिश्नर रवि कुमार एनजी व अन्य।

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कमिश्नर रवि कुमार एनजी ने मकर संक्रान्ति मेले की तैयारी बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि मकर संक्रान्ति मेले की सभी तैयारी समय से पूरी कर ली जाय। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं व्यवस्था उपलब्ध करायी जाय।

आयुक्त सभागार में तैयारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर ने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही मंदिर में भारी संख्या में लोग आने लगते है। इसके बाद से लोग आते रहते हैं। मकर संक्रान्ति से लेकर शिवरात्रि तक काफी संख्या मे श्रद्धालू आते है। इसलिए भीड़ को नियंत्रित करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन अभी से अपनी तैयारी कर ले। यह सुनिश्चित करें कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हों, वाहन स्टैण्ड पर प्रकाश एवं साफ सफाई की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के भी व्यापक प्रबां किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया है कि मेले में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगवाए जायें। नगरनिगम सफाई की पर्याप्त व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्था करे तथा इसकी नियमित सफाई हो। नगरनिगम मेला क्षेत्र मे पर्याप्त स्थायी एवं अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवायें। उन्होंने निर्देश दिया कि गोरखपुर विकास प्राकिरण तथा पीडब्लूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग मेला क्षेत्र के सड़कों को ठीक करायें। बिजली विभाग जर्जर तारों एंव पोल ठीक करायें।

**कमिश्नर ने अफसरों को सफाई, सुगम यातायात के लिए कदम उठाने को कहा**

**सड़क को ठीक करने व जर्जर तारों को ठीक करने की हिदायत**

कमिश्नर ने निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग मेला के दौरान कैम्प लगाये। आपूर्ति विभाग किरोसिन एवं खाद्यान्न का वितरण करायें। वन विभाग जलौनी लकड़ी की व्यवस्था कराए। उन्होंने आकाशवाणी एवं दूरदर्शन मेले का लाइव प्रसारण करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया है कि मेले के दौरान परिवहन विभाग बसों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था रखे, नागरिक सुरक्षा एवं अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं का भी योगदान लें। उन्होंने निर्देश दिया है कि अभी से अभियान चलाकर विभिन्न मोहल्लो मे साफ सफाई कराया जाये। बैठक में डीआईजी जे रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. डा. गौरव ग्रोवर सहित सम्बंधित आकिारी गण उपस्थित रहे।

# गला दबाकर की गई महिला की हत्या, हुई पहचान

GORAKHPUR (8 Nov): टीनशेड के कमरे में मिला शव गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो की रहने वाली शफीना का था. पति से रिश्ता टूटने के बाद वह अकेले किराए पर कमरा लेकर रहती थी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि गला दबाकर उसकी हत्या की गई है. बिहार के रहने वाले युवक से आखिरी बार उसकी बात हुई थी. एसएसपी ने पिपराइच थाने की टीम को बिहार के पश्चिम चंपारण भेजा है. जंगल धूसड़ स्थित कटरे के पीछे टीनशेड में सोमवार की शाम पिपराइच थाना पुलिस को 35 वर्षीय महिला का शव मिला था. पहचान न होने पर पुलिस ने मकान मालिक घनश्याम से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि औराही गांव के छावनी टोला निवासी आटो चालक मनीष कुशवाहा उनके बेटे का मित्र है. उसने ही महिला को किराए पर कमरा दिलाया था. मनीष को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो महिला की पहचान गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी सिकंदर खां की पुत्री शफीना के रूप में हुई. पुलिस के फोटो दिखाने पर स्वजन ने पहचान की.

## 2020 में हुई थी शादी

सिकंदर ने बताया कि 2020 में शफीना की शादी दुर्गाबाड़ी के पास हुई थी. मोबाइल नंबर मिलने के बाद सर्विलांस की मदद से पिपराइच थाना पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि पश्चिम चंपारण (बिहार) के रहने वाले युवक से शफीना की आखिरी बार बात हुई थी, जो पादरी बाजार में किराए पर कमरा लेकर रहता है. युवक को ढूंढते हुए पिपराइच पुलिस कमरे पर पहुंची तो मकान मालिक ने बताया कि तीन नवंबर की सुबह दो हजार रुपये उधार लेकर युवक कमरे में ताला बंद कर निकला तबसे लौटा नहीं. युवक का नाम, पता मिलने के बाद उसकी तलाश में एसएसपी ने एक टीम को पश्चिम चंपारण भेजा है.

# जीआरपी को मिला पिपराइच से गायब बालक

पिपराइच थाना क्षेत्र के भलुही गांव से सोमवार को गायब मुकद्दर अली का 11 वर्षीय बेटा शमीम मुहम्मद को गोंडा जीआरपी को मिल गया है. थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि गायब लड़का ट्रेन द्वारा मुंबई जा रहा था. गोंडा जीआरपी की सूचना पर शमीम को लेने के लिए दो पुलिसकर्मी गए हैं.

# जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

खजनी नगर पंचायत अध्यक्ष उनवल के पुत्र मोनू निषाद पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपित कंदराई निवासी राजेश कुमार राना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. विधिक कार्रवाई करने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है.

# 6 अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिए गोरखपुर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर गोरखपुर के अलग-अलग थानों के 6 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई. इसमें कैंपियरगंज, सिकरीगंज, राजघाट, रामगढ़ताल और गोला थाना के बदमाश शामिल है.कैंपियरगंज के शहिद अली, नागेन्द्र चौहान, सिकरीगंज के राजेश बेलदार, राजघाट के तुर्कमानपुर पहाड़पुर के शहनवाज उर्फ शानू मॉडल, रामगढ़ताल पैडलेगंज के उत्सव राय और गोला थाने के राजगढ़ के इजहार अंसारी की हिस्ट्रीशीट गोरखपुर पुलिस ने खोली है. अब इन बदमाशों की पुलिस निगरानी करेगी.

# ससुरालियों पर बेटी की हत्या का आरोप

पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम बैलों निवासी एखलाक की पत्नी रेशमा खातून की मंगलवार को बीआरडी मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई. स्वजन रेशमा का शव लेकर घर पहुंचे. उधर, सूचना पर पहुंचे मायकेवालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. दारोगा अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी.

# हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई, चार को जेल

आर्केस्ट्रा में नाच देखने को लेकर सरण्डा व मुड़ियारी बुजुर्ग गांव के बीच हुई मारपीट के मामले में नाजिर अली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर हत्या के प्रयास की धारा बढ़ा दी है. दारोगा आलोक सिंह ने बताया कि मारपीट को लेकर दोनों गांव के लोग आमने-सामने आ गए थे. सुरक्षा को लेकर गांव में पुलिस तैनात है. घटना में घायल सरण्डा निवासी सलामुद्दीन व जमालुद्दीन की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मारपीट व बलवा के मामले में धारा बढ़ाई गई है. आरोपित धर्मवीर, प्रिंस यादव, अवनीश निषाद, सुनील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

## महिला को घर से निकाला, छह पर मुकदमा

सहजनवां गीडा थाना के एक गांव की महिला ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि दहेज में बाइक नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया. थाना प्रभारी एसपी सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर पति हरिश्चंद्र, ससुर मोमफली, सास फूलमती, जेठ गुड्डू, जेठानी उर्मिला व ननद रीना के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है.

## छेड़खानी के आरोप में युवक हिरासत में

पीपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी की गई. पिता ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह निमंत्रण में गए थे. इस दौरान एक युवक घर में घुसकर बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा. शोर मचाने पर वह फरार हो गए. थाना प्रभारी शिवशंकर चौबे ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

# गुलरिहा में हुई घटना, रामगढ़ताल में दर्ज कराई डकैती की एफआईआर

i UPDATE

गुलरिहा थाने में अज्ञात पर दर्ज कराई थी एनसीआर



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (8 Nov):** नौकायन के रेस्टोरेंट में साथियों संग घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट करने वाले प्रॉपर्टी डीलर विनोद मिश्रा ने पुलिस को गुमराह कर डकैती का मुकदमा दर्ज कराया है. दो दिन पहले गुलरिहा थाने में उसने अज्ञात लोगों पर गाड़ी तोड़ने का आरोप लगाते हुए एनसीआर दर्ज करायी थी. पेशबंदी में रेस्टोरेंट संचालक, पार्षद व उनके साथियों पर तोड़फोड़ व लूटपाट का आरोप लगाते हुए दो दिन बाद डकैती का मुकदमा दर्ज करा दिया. दोनों मुकदमों में एक ही गाड़ी को तोड़ने का आरोप लगाया गया है. मामला सामने आने के बाद हड़कंप मचा है. एसएसपी पूरे मामले की जांच करा रहे हैं.

## रेस्टोरेंट में घुसकर तोड़फोड़

रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार को चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा को रेस्टोरेंट में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था. नौकायन रोड पर सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट के संचालक राहुल सिंह ने तीन नवंबर को रामगढ़ताल थाने में विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर डकैती,

## अभद्रता का आरोप

विनोद का आरोप था कि खराब भोजन देने पर रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने उनसे अभद्रता की. विरोध पर उनकी कार तोड़ दी, बचाने पहुंचे साथियों पर हमला कर दिया. पुलिस को उन्होंने अपनी गाड़ी का टूटा शीशा दिखाया था. बाद में पता चला कि विनोद मिश्रा ने दो नवंबर को गुलरिहा थाने में भी एक मुकदमा दर्ज कराया था. गुलरिहा थाना पुलिस को उन्होंने बताया था कि एक नवंबर की रात में कार से घर जा रहे थे. बनगाई के पास अज्ञात लोग कार में तोड़फोड़ करके फरार हो गए. तहरीर के आधार पर गुलरिहा थाना पुलिस ने तोड़फोड़ करने का मुकदमा (एनसीआर) दर्ज किया था. एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी. जेल गए आरोपित ने अगर पुलिस को गुमराह किया तो है उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी.

## मुकदमा दर्ज होने के बाद बनाई योजना

डकैती, बलवा, मारपीट का मुकदमा दर्ज होने और घटना का वीडियो वायरल होने पर विनोद मिश्रा और साथियों ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया. स्थानीय पुलिस के साथ ही अधिकारी भी इस बात को समझ नहीं पाए.

तोड़फोड़ व बलवा का मुकदमा दर्ज कराया था. पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे का वीडियो फुटेज भी सौंपा था, जिसमें आरोपित कर्मचारियों को पीटते हुए दिख रहे हैं. दो दिन बाद आरोपित विनोद मिश्रा ने चूल्हा चौका रेस्टोरेंट के मैनेजर शशांक, संचालक राहुल सिंह, सहयोगी संग्राम सिंह, बेतियाहाता के पार्षद सोनू तिवारी, अभिषेक पांडेय और 15 अज्ञात पर डकैती समेत गंभीर धाराओं में क्रास एफआइआर करा दी.

# बुलडोजर बाबा गाने पर विवाद, 5 के खिलाफ केस

- गुलरिहा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में भिड़े दो पक्ष
- विवाद के बाद चले ईंट पत्थर, दो सगे भाइयों का सिर फटा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को बहूभोज कार्यक्रम में बज रहे डीजे पर बुलडोजर वाला बाबा गाना चलाने को लेकर दो पक्षों के विवाद हो गया। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बलवा सहित गंभीर धाराओं में केस दज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी अंबिका यादव के घर शनिवार को बहूभोज कार्यक्रम में डीजे पर गाना बज रहा था। बुलडोजर वाला बाबा गाने को लेकर विवाद हो गया। ईंट पत्थर चलने से दो सगे भाइयों का सिर फट गया। पुलिस ने तीन को हिरासत में ले लिया। सोमवार को अंबिका यादव ने पांच के विरुद्ध लिखित तहरीर दी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि घटना की रात डीजे पर बुलडोजर वाला बाबा गाना चल रहा था, गाने पर ऐतराज होने पर बालेश्वर यादव अपने भाई व दो भांजे के साथ डंडा, ईट-पत्थर लेकर गाली गुप्ता देने लगे।

आरोप है कि मना करने पर डांस करने वाले बच्चों को अवैध असलहा लेकर धमकाने के साथ जान से मारने के इरादे से फायर किया तथा घर में घुसकर मारा पीटा, जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखा बहुत सारा सामान तोड़ दिया। गुलरिहा पुलिस ने लिखित तहरीर पर बालेश्वर यादव, बालकेस यादव, राहुल यादव, सूरज यादव तथा धर्मेंद्र यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# 62 पीपीएस अधिकारियों को मिली जिलों में तैनाती

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश सरकार ने प्रांतीय पुलिस सेवा संवर्ग के 62 अधिकारियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उनकी तैनाती के जिलों में ही तैनाती दे दी है।

सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया। इन सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का प्रशिक्षण 12 नवंबर को पूरा होगा। इन्हें 12 नवंबर के बाद ज्वाइन करना होगा। तैनात किए गए अधिकारियों में प्रतीक दहिया को पीलीभीत, शुचिता सिंह को मेरठ, दीपांशी राठौर संतकबीरनगर, सार्थक सेंगर बस्ती ,अंशुमन श्रीवास्तव देवरिया, अनुरुद्ध कुमार महाराजगंज, जितेंद्र कुमार शर्मा गोरखपुर में तैनात किए गए हैं।

रिपोर्ट

टॉप टेन में रहने वाली गोरखपुर पुलिस 24 स्थान पर खिसक गई, कुशीनगर की स्थिति प्रदेश में और ज्यादा खराब, प्रदेश में 43वां स्थान मिला

# शिकायत निस्तारण में प्रदेश में देवरिया व महराजगंज टॉप पर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में गोरखपुर पुलिस पिछड़ गई है। टॉप टेन में रहने वाली गोरखपुर पुलिस इस बार 24वें स्थान पहुंच गई है। वहीं परिक्षेत्र के कुशीनगर जिले की पुलिस की स्थिति तो और ज्यादा खराब है। यहां की पुलिस प्रदेश भर में 43वें पायदान पर चली गई है। हालांकि देवरिया और महराजगंज जिले की पुलिस ने यूपी में पहला स्थान हासिल किया है। हालांकि यह निस्तारण की बात है अगर पब्लिक की संतुष्टि की बात पर आए तो पुलिस का परफार्मेंस और ज्यादा खराब स्तर पर है। अकसर भले ही कोई भी दावा करें पर हकीकत यह है कि ज्यादातर आम आदमी अभी भी पुलिस की कार्रवाई के रवैय से संतुष्ट नहीं। पुलिस के पास पहुंच रही शिकायतों के निस्तारण में सबसे ज्यादा आम आदमी को निराशा हो रही है। हाल यह है कि पुलिस अपनी कागजी कार्रवाई कर निस्तारण की रिपोर्ट दाखिल कर यह जताने की कोशिश करती कि सब ठीक है लेकिन जब कोई वारदात सामने आती है तब पता चलता है कि कहीं न कहीं कुछ तो गड़बड़ था ही। शिकायत निस्तारण के आंकड़ों पर बात करें तो कई जगह इसमें पुलिस की सुस्ती नजर आ रही रही है। हालांकि निस्तरण के बाद भी शासन के फीडबैक के आंकड़े की बात करें तो उसमें भी पुलिस की कार्रवाई से 65 से लेकर 80 प्रतिशत तक जनता संतुष्ट नहीं है। अक्टूबर महीने में आईजीआरएस पर की गई शिकायत निस्तारण के आंकड़ों पर गौर करें तो गोरखपुर परिक्षेत्र के दो जिलेदेवरिया और महराजगंज का काफी अच्छा परफार्मेंस रहा। दोनों जिलों ने सौ फीसदी शिकायतों का निस्तारण किया है वे प्रदेश में अव्वल आ गए हैं। शासन से जारी सूची में दोनों को पहला-स्थान मिला है वहीं। बाकी दो जिलों गोरखपुर और कुशीनगर का परफार्मेंस अच्छा नहीं रहा। गोरखपुर जिला टॉप टेन से इस बार 24वें स्थान पर पहुंच गया।



65 से 80 % तक जनता पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं

## एडीजी भी अपने स्तर से सुधार रहे हैं परफार्मेंस

गोरखपुर। शिकायत सुनने और उसे निस्तारित करने की पुलिस की कार्यप्रणाली में शासन स्तर पर आईजीआरएस निस्तारण और संतुष्टि के आधार पर रैंक तय किया जाता है। गोरखपुर जोन में एडीजी भी अपने स्तर पर छह मानकों को आधार बनाकर पुलिस की छवि और शिकायत के निस्तारण की पब्लिक से रिपोर्ट लेते हैं। सात महीने से चल रहे पब्लिक अपूवल में एफआईआर, आईजीआरएस के पीड़ितों की संतुष्टि को आधार बनाया जाता है। दोनों मामलों में संतुष्टि का आंकड़ा अभी तक 50 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाया है। एडीजी भी अपने स्तर पर लगातार काम कर रहे हैं।

# डॉक्टर की कार पर फायरिंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। झंगहा इलाके के डॉक्टर से 20 लाख की रंगदारी मांगने और उसकी कार पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस मामले में डॉक्टर से रंगदारी मांगने वाले उनके साढ़ू समेत तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पकड़े गए आरोपी की पहचान, विनय यादव निवासी बंनसप्ती बेलकुण्डा, थाना रुद्रपुर देवरिया के रुप में हुई। विनय पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। मंगलवार को चौरीचौरा पुलिस ने एसओजी की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया, इस मामले में पकड़े गए आरोपी जीतेन्द्र गुप्ता, राकेश निषाद, पन्नेलाल यादव और गौतम गौंड़ पुत्र निर्मल निवासी बरवा पट्टी थाना खामपार जिला देवरिया, सतीश निषाद पुत्र चन्द्रिका निवासी लक्ष्मीपुर लुवटही थाना रूद्रपुर, देवरिया ने मिलकर रंगदारी मांगने की योजना बनाई।

## 20 लाख की मांगी थी रंगदारी

मुख्य आरोपी जितेंद्र ने अपने साढ़ू डॉक्टर सन्तराज गुप्ता के मोबाइल पर फोन कर धमकी दी थी और 20 लाख रुपये की मांग की थी। साथ ही डॉक्टर को डराने के लिए एक हफ्ते पहले उनकी कार पर फायरिंग कराई थी। जितेंद्र ने ही जेल में रहने के दौरान संपर्क में आए रामगोपाल से योजना बताकर रंगदारी के रुपये मिलने पर हिस्सेदारी की बात बताकर अपाची बाइक ली तय योजना के अनुसार जितेन्द्र गुप्ता अपने साथी गौतम द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर से 8 सितंबर 2022 को साढ़ू डा. सन्तराज गुप्ता के मोबाइल नंबर पर फोन किया और जान से मारने की धमकी देकर 20 लाख रूपया रंगदारी मांगी।

# जिले के छह बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एसएसपी ने निर्देश पर कैम्पियरगंज, सिकरीगंज, राजघाट, रामगढ़ताल और गोला थाने की पुलिस ने छह बदमाशों को दुराचारी घोषित करते हुए उनके आपराधिक इतिहास के अनुरूप 'ए' प्रकार की हिस्ट्रीशीट खोली है। पुलिस अब इन बदमाशों की निगरानी करेगी।

कैम्पियरगंज पुलिस ने शहिद अली पुत्र नबी खान निवासी जंगल बंबन थाना कैम्पियरगंज की हिस्ट्रीशीट खोली है उसके खिलाफ गोवध एक्ट के दो केस दर्ज हैं, वहीं गैंगेस्टर की भी कार्रवाई हो चुकी है। कैम्पियरगंज पुलिस ने ही नागेन्द्र चौहान पुत्र मन्नु चौहान निवासी नुरूद्दीनचक थाना कैम्पियरगंज की हिस्ट्रीशीट खोली है, उसके ऊपर चोरी और लूट के नौ केस और गैंगेस्टर की भी कार्रवाई हो चुकी है। वहीं सिकरीगंज पुलिस ने राजेश बेल्दार नवासी वारीगांव थाना सिकरीगंज की हिस्ट्रीशीट खोली है। उसके ऊपर चोरी सहित अन्य धारा में छह केस दर्ज है। राजघाट थाना पुलिस ने सहनवाज उर्फ शानू मॉडल पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ लाल बाबू निवासी तुर्कमानपुर पहाड़पुर थाना राजघाट की हिस्ट्रीशीट खोली है।रामगढ़ताल पुलिस ने उत्सव राय पुत्र संजीव राय निवासी कालेदूर पड़हा पैडलेगंज थाना कैण्ट, हाल पता- एम.आई.जी 37 गौतम विहार विस्तार थाना रामगढ़ताल की हिस्ट्रीशीट खोली है।

- सहनवाज की राजघाट में हिस्ट्रीशीट खुली
- इजहार अन्सारी की गोला में हिस्ट्रीशीट खुली

# बलवा के छह आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

पिपराइच। सरण्डा व मुड़ियारी बुजुर्ग के लोगों के बीच आर्केस्ट्रा में मारपीट के मामले में छह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार की शाम सरण्डा गांव निवासी खदेरू मियां के लड़के की बारात जा रही थी। इस दौरान मुड़ियारी बुजुर्ग के युवकों से मारपीट हो गई थी। नाजिर की तहरीर पर मुड़ियारी बुजुर्ग के धर्मवीर, सुनील, सचिन, प्रिंस, राजन, अविनाश पर बलवा का केस दर्ज था।

# छात्राओं ने राहगीरों को बताया ट्रैफिक नियम

गोरखपुर। आर्यनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरुकता रैली निकाली गयी। रैली को एसपी ट्रैफिक महेन्द्र पाल सिंह ने हरी झंडी दे कर रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय से निकल कर तरंग क्रॉसिंग, जटा शंकर, धर्मशाला से होते यातायात कार्यालय पहुंची। जहां स्वयं सेविकाओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूक किया।

# बकरी घुसने की उलाहना पर दंपति पर हमला, केस

खोराबार, कुसम्ही बाजार। खोराबार थानाक्षेत्र के रजही के शिवाला टोला निवासी रामपति निषाद और उनकी पत्नी को मंगलवार की शाम पडोसी नंदलाल गौड़ और परिवार के लोगों ने हमला कर को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रामपति को अस्पताल भेजवाया। पुलिस रामपति के बेटे मोहन की तहरीर पर आरोपी नंदलाल गौड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है। पुलिस ने नंदलाल, उसकी पत्नी और बेटी को हिरासत में ले लिया है।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए सख्त निर्देश

# खिचड़ी मेले को लेकर अभी से तैयारी कर लें जिम्मेदार

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी ने मंगलवार को आयुक्त सभागार में अधिकारियों के साथ मकर संक्रांति (खिचड़ी) मेले की तैयारी को लेकर बैठक की। इस दौरान मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मकर संक्रांति मेले की सभी तैयारी समय से पूरी कर ली जाएं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि नववर्ष के पहले दिन से ही मंदिर में काफी संख्या मे लोग आने लगते हैं। इसके बाद से लोग आते रहते हैं। मकर संक्रांति से लेकर शिवरात्रि तक काफी संख्या मे श्रद्धालु आते हैं। इसलिए भीड़ को नियंत्रित करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी कर लें। सुनिश्चित करें कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हों। वाहन स्टैंड पर प्रकाश एवं साफ-सफाई की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि मेले में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाएं। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया है कि नगर निगम इस बात का ध्यान रखे कि सफाई व्यवस्था में किसी तरह की दिक्कत न आने पाए। पर्याप्त संख्या में मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था करा दी जाए। इसकी नियमित सफाई कराई जाए। नगर निगम मेला क्षेत्र मे पर्याप्त स्थायी एवं अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाएं।



खिचड़ी मेले को लेकर बैठक करते मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी। • हिन्दुस्तान

## सड़कों की हो जाए मरम्मत

उन्होंने निर्देश दिया कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग मेला क्षेत्र की सड़कों को ठीक कराएं। बिजली विभाग जर्जर तारों व पोल ठीक कराए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि आपूर्ति विभाग किरोसिन एवं खाद्यान्न का वितरण कराए। उन्होंने आकाशवाणी एवं दूरदर्शन विभाग को मेले का लाइव प्रसारण करने का निर्देश दिया।

## बसों की पर्याप्त व्यवस्था हो

मंडलायुक्त ने परिवहन निगम को निर्देश दिया कि मेले के दौरान बसों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की जाए। नागरिक सुरक्षा एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं का भी योगदान लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अभी से अभियान चलाकर विभिन्न मोहल्लों में साफ-सफाई कराई जाए। बैठक में डीआईजी, एसएसपी, जिलाधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विवाद में टूटी कार, थाने पर कराया डकैती का केस

**फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नौकायन के एक रेस्टोरेंट में साथियों संग घुसकर खाने के विवाद में तोड़फोड़ व लूटपाट करने वाले प्रापर्टी डीलर विनोद ने अधिकारियों को गुमराह कर डकैती का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अब उन पर इनाम की तैयारी कर रही है।

दो दिन पहले गुलरिहा थाने में उसने अज्ञात लोगों पर गाड़ी तोड़ने का आरोप लगाते हुए एनसीआर दर्ज कराया था। पेशबंदी में रेस्टोरेंट संचालक, पार्षद व उनके साथियों पर तोड़फोड़ व लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए दो दिन बाद डकैती का मुकदमा दर्ज करा दिया। रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने सोमवार को चिलुआताल थानाक्षेत्र के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा को रेस्टोरेंट में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। नौकायन रोड पर सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट के संचालक राहुल सिंह ने तीन नवंबर को रामगढ़ताल थाने में विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर डकैती, तोड़फोड़ व बलवा करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे की फुटेज सौंपा जिसमें आरोपित कर्मचारियों को पीटते हुए दिख रहे हैं। दो दिन बाद आरोपित विनोद मिश्रा ने चूल्हा चौका रेस्टोरेंट के मैनेजर शशांक, संचालक राहुल सिंह, सहयोगी संग्राम सिंह, बेतियाहाता के पार्षद सोनू तिवारी, अभिषेक पांडेय व 15 अज्ञात पर केस दर्ज किया था।

# अतिक्रमणकारियों का चालान कर रही पुलिस से उलझे मनबढ़

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के खपड़हवा चौराहे पर मंगलवार की देर शाम प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस वाहनों की जांच के साथ ही चौराहे पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का 290 में चालान कर रही थी।

इसी दौरान चौराहे पर कांप्लेक्स के मालिक आकाश जायसवाल व विनय जायसवाल पुत्रगण स्व0 गोपाल जयसवाल चालान कर रहे पुलिस कर्मियों से उलझ गए। दोनों को पकड़ कर पुलिस चौराहे पर बनी पिकेट पर लेकर जाने लगी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने युवक को भी वीडियो बनाने से मना किया। इधर दोनों युवकों को लेकर पुलिस थाने पर पहुंची, तभी खपड़हवा पिकेट पर मौजूद सिपाहियों को एक दर्जन से अधिक युवकों ने घेर लिया।

# गोरखपुर में पूर्णिमा पर नदी में नहाने गए तीन बच्चे डूबे

- गोताखोरों की मदद से कराई जा रही तलाश
- कुशीनगर के 11 साल के बच्चे की डूबने से मौत

गोरखपुर/कुशीनगर, हिटी। गोरखपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर परिवारीजनों के साथ नदी में स्नान करने गए एक किशोर समेत तीन बच्चे डूब गए। गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश की जा रही है। वहीं कुशीनगर जिले में एक बालक की डूबने से मौत हो गई।

कैम्पियरगंज क्षेत्र के भौराबारी में मंगलवार सुबह नदी में नहाने के दौरान तीन छात्र डूबने लगे। वहां मौजूद पनियरा के लक्ष्मीपुर निवासी राधेरमण सहानी ने किसी तरह दो बालकों को बचा लिया पर 12 वर्षीय कृष पुत्र संदीप जायसवाल निवासी मुहम्मदपुर उर्फ जंगल बब्बन टोला रामनगर डूब गया। वहीं गोला क्षेत्र के बांहपुर गांव निवासी रुदल चौधरी का एकलौता बेटा 12 वर्षीय रोशन गांव के लड़कों के साथ सरयू में स्नान करने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। एक अन्य घटना में बेलघाट क्षेत्र के लोनानागर गांव निवासी रामलक्षन मौर्य का 16 वर्षीय पुत्र सत्यम सेमरी घाट पर नहाने गया था। इस दौरान वह डूब गया।

वहीं कुशीनगर जिले में सेवरही के बांसी नदी के किनारे मेले में मंगलवार को तमकुहीराज के ग्राम विशुनपुरा तुलसी पट्टी निवासी भरत मद्धेशिया ने मूंगफली का दुकान लगाई थी। उसके साथ 11 वर्षीय इकलौता बेटा बड़े भी था। अचानक पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया। उसे निकालकर तत्काल सीएचसी सेवरही पहुंचाया गया पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

› नाव पलटी, तीन डूबे P 07

# गुलरिहा में घटना, रामगढ़ताल में दर्ज कराया डकैती का केस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नौकायन के रेस्टोरेंट में साथियों संग घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट करने वाले प्रापर्टी डीलर विनोद मिश्रा ने पुलिस को गुमराह कर डकैती का मुकदमा दर्ज कराया है। दो दिन पहले गुलरिहा थाने में उसने अज्ञात लोगों पर गाड़ी तोड़ने का आरोप लगाते हुए एनसीआर दर्ज करायी थी। पेशबंदी में रेस्टोरेंट संचालक, पार्षद व उनके साथियों पर तोड़फोड़ व लूटपाट का आरोप लगाते हुए दो दिन बाद डकैती का मुकदमा दर्ज करा दिया। दोनों मुकदमों में एक ही गाड़ी को तोड़ने का आरोप लगाया गया है। मामला सामने आने के बाद हड़कंप मचा है। एसएसपी पूरे मामले की जांच करा रहे हैं।

रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार को चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा को रेस्टोरेंट में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। नौकायन रोड पर सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट के संचालक राहुल सिंह ने तीन नवंबर को रामगढ़ताल थाने में विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर डकैती, तोड़फोड़ व बलवा का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे का वीडियो फुटेज भी सौंपा था, जिसमें आरोपित कर्मचारियों को पीटते हुए दिख रहे हैं। दो दिन बाद आरोपित विनोद मिश्रा ने चूल्हा चौका रेस्टोरेंट के मैनेजर शशांक, संचालक राहुल सिंह, सहयोगी संग्राम सिंह, बेतियाहाता के पार्षद सोनू तिवारी, अभिषेक पांडेय और 15 अज्ञात पर डकैती समेत गंभीर धाराओं में क्रास एफआइआर करा दी। विनोद का आरोप था कि खराब भोजन देने पर रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने उनसे अभद्रता की। विरोध पर उनकी कार तोड़ दी, बचाने पहुंचे साथियों पर हमला कर दिया।

पुलिस को उन्होंने अपनी गाड़ी का टूटा शीशा दिखाया था। बाद में पता चला कि विनोद मिश्रा ने दो नवंबर को गुलरिहा थाने में भी एक मुकदमा दर्ज कराया था। गुलरिहा थाना पुलिस को उन्होंने बताया था कि एक नवंबर की रात में कार से घर जा रहे थे। बनगाई के पास अज्ञात लोग कार में तोड़फोड़ करके फरार हो गए। तहरीर के आधार पर गुलरिहा थाना पुलिस ने तोड़फोड़ करने का मुकदमा (एनसीआर) दर्ज किया था। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जेल गए आरोपित ने अगर पुलिस को गुमराह किया तो है उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**फालोअप**

- **जेल भेजे गए प्रापर्टी डीलर विनोद ने पुलिस को किया गुमराह**
- **दो मुकदमों में एक ही गाड़ी तोड़ने का लगाया गया है आरोप**

### बाद में बनाई योजना

डकैती, बलवा, मारपीट का मुकदमा दर्ज होने और घटना का वीडियो वायरल होने पर विनोद मिश्रा और साथियों ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। स्थानीय पुलिस के साथ ही अधिकारी भी इस बात को समझ नहीं पाए।

### फरार आरोपितों पर घोषित होगा इनाम

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने मंगलवार को मुकदमे की समीक्षा की। उन्होंने रामगढ़ताल थानेदार को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद फरार चल रहे आरोपितों पर इनाम घोषित करने की तैयारी शुरू हो गई है।

# युवक के खिलाफ मारपीट व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**जासं, मुंडेरा बाजार** : चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि एक युवक उसके साथ शादी का झासा देकर एक साल तक दुष्कर्म करता रहा। जब शादी के लिए दबाव बनाया तो गाली देते हुए जान से मारने व दुष्कर्म के दौरान बनाए गये वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा। थाना प्रभारी जयंत कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपित विवेक के खिलाफ मारपीट व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चौकी प्रभारी पर रिश्वत लेने का आरोप

**जागरण संवाददाता, हरपुर-बुदहट :** थाना क्षेत्र ढड़ीयाडीह में निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए चौकी प्रभारी और एक सिपाही पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

ढड़ीयाडीह निवासी हरिद्वार सिंह ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है कि निजी भूमि में पड़ोसी ने दीवार खड़ी कर ली। शिकायत करने पर सोनबरसा बाबू चौकी प्रभारी ने रुपये की मांग की। रुपये देने के बाद भी दीवार न हटवाकर मेरे तथा दोनों पुत्र मितेश सिंह और देवेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। घर पर दबिश देकर महिलाओं से अभद्रता भी की। जमानत मिलने के बाद भी चौकी के तीन सिपाही घर से खींचकर उन्हें थाने ले गए। जमानत के कागजात दिखाने पर भी नही माने। उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी देने के बाद थाने से छोड़ा गया। चौकी प्रभारी सोनबरसा बाबू नवनीत नागर ने कहा कि रिश्वत लेने का आरोप बेबुनियाद है। शिकायतकर्ता द्वारा पट्टीदार की दीवार गिरायी गयी थी, जिनके खिलाफ थाने में मुकदमा भी दर्ज है।

## गोंडा जीआरपी को मिला पिपराइच से गायब बालक

पिपराइच : थाना क्षेत्र के भलुहीं गांव से सोमवार को गायब हुआ मुकद्दर अली का 11 वर्षीय बेटा शमीम मुहम्मद मंगलवार को गोंडा जीआरपी को मिल गया है। थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि गायब लड़का ट्रेन पकड़कर मुंबई जा रहा था। गोंडा जीआरपी की टीम ने पूछताछ में उसे पकड़ा। जीआरपी की सूचना पर शमीम को लेने के लिए दो पुलिसकर्मी रवाना हो गए हैं। (जासं)

## जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, खजनी :** नगर पंचायत अध्यक्ष उनवल के पुत्र मोनू निषाद पर जानलेवा हमला मामले में आरोपित कंदराई निवासी राजेश कुमार राना गिरफ्तार हो गया है।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई, चार को जेल

**पिपराइच** : आर्केस्ट्रा में नाच देखने को लेकर सरण्डा व मुड़ियारी बुजुर्ग गांव के बीच हुई मारपीट के मामले में नाजिर अली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर हत्या के प्रयास की धारा बढ़ा दी है। दारोगा आलोक सिंह ने बताया कि मारपीट को लेकर दोनों गांव के लोग आमने-सामने आ गए थे। सुरक्षा को लेकर गांव में पुलिस तैनात है। घटना में घायल सरण्डा निवासी सलामुद्दीन व जमालुद्दीन की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मारपीट व बलवा के मामले में धारा बढ़ाई गई है। आरोपित धर्मवीर, प्रिंस यादव, अवनीश निषाद, सुनील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# छेड़खानी के आरोप में युवक पुलिस की हिरासत में

पीपीगंज : थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी की गई। पिता ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह निमंत्रण में गए थे। इस दौरान एक युवक घर में घुसकर बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर वह फरार हो गए। थाना प्रभारी शिवशंकर चौबे ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। (जासं)

# महिला को घर से निकाला छह पर मुकदमा दर्ज

सहजनवां : गीडा थाना के एक गांव की महिला ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि दहेज में बाइक नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी एसपी सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर पति हरिश्चंद्र, ससुर मोमफली, सास फूलमती, जेठ गुड्डू, जेठानी उर्मिला व ननद रीना के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# गला दबाकर की गई महिला की हत्या, हुई पहचान

**जागरण संवाददाता, जंगल धूसड़ :** टिनशेड के कमरे में मिला शव गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो की रहने वाली शफीना का था। पति से रिश्ता टूटने के बाद वह अकेले किराए पर कमरा लेकर रहती थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि गला दबाकर उसकी हत्या की गई है। बिहार के रहने वाले युवक से आखिरी बार उसकी बात हुई थी। एसएसपी ने पिपराइच थाने की टीम को बिहार के पश्चिम चंपारण भेजा है।

जंगल धूसड़ स्थित कटरे के पीछे टीनशेड में सोमवार की शाम पिपराइच थाना पुलिस को 35 वर्षीय महिला का शव मिला था। पहचान न होने पर पुलिस ने मकान मालिक घनश्याम से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि औराही गांव के छावनी टोला निवासी आटो चालक मनीष कुशवाहा उनके बेटे का मित्र है। उसने ही महिला को किराए पर कमरा दिलाया था। मनीष को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो महिला की पहचान गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी सिकंदर खां की पुत्री शफीना के रूप में हुई। पुलिस के फोटो दिखाने पर स्वजन ने पहचान की। सिकंदर ने बताया कि 2020 में शफीना की शादी दुर्गाबाड़ी के पास हुई थी।

मोबाइल नंबर मिलने के बाद सर्विलांस की मदद से पिपराइच थाना पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि पश्चिम चंपारण (बिहार) के रहने वाले युवक से शफीना की आखिरी बार बात हुई थी, जो पादरी बाजार में किराए पर कमरा लेकर रहता है। युवक को ढूंढते हुए पिपराइच पुलिस कमरे पर पहुंची तो मकान मालिक ने बताया कि तीन नवंबर की सुबह दो हजार रुपये उधार लेकर युवक कमरे में ताला बंद कर निकला तबसे लौटा नहीं। युवक का नाम, पता मिलने के बाद उसकी तलाश में एसएसपी ने एक टीम को पश्चिम चंपारण भेजा है।

# चालान काटने पर पुलिस से उलझे युवक, तीन गिरफ्तार

भटहट : गुलरिहा थाना के खपड़हवा चौराहे पर मंगलवार की शाम जबरन चालान काटने पर कुछ युवक पुलिसकर्मियों से उलझ गए। पुलिसकर्मी उन्हें थाने उठा लाए। युवकों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की सूचना दिए बगैर पुलिस जबरन चालान काट रही थी। गुलरिहा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि वाहनों की जांच के दौरान कुछ युवकों ने अभद्रता की है। चार को पकड़ा गया था। एक को नाबालिग होने के कारण छोड़ दिया गया है। (जासं)

# पैथोलाजी संचालक से रंगदारी मांगने वाला हुआ गिरफ्तार

**जासं. झंगहा :** पैथोलाजी संचालक से रंगदारी मांगने के आरोपित देवरिया के रुद्रपुर थाना क्षेत्र स्थित वनसप्ती बेलकुठ गांव निवासी विनय यादव को झंगहा पुलिस ने मंगलवार की रात तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मुख्य आरोपित पैथोलाजी संचालक के रिश्तेदार समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना का पर्दाफाश किया था। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि गोबड़ौर चौराहा निवासी संतराज गुप्ता घर में पैथोलाजी चलाते हैं। आठ सितंबर की रात उनसे 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी।

# पुलिस ने खोली छह बदमाशों की हिस्ट्रीशीट

जास. गोरखपुर : रामगढ़ताल, सिकरीगंज, कैम्पियरगंज, राजघाट और गोला थाना पुलिस ने छह बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली है। लंबे समय से सभी आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय थे। पुलिस अब इनकी निगरानी करेगी।

कैम्पियरगंज पुलिस ने जंगल बब्बन निवासी शहिद अली व नुरुद्दीन चक निवासी नागेंद्र चौहान की हिस्ट्रीशीट खोली है। इनके ऊपर गोवध, लूट व चोरी करने का मुकदमा दर्ज है। सिकरीगंज थाना पुलिस बारीगांव निवासी राजेश बेलदार, राजघाट थाना पुलिस ने तुर्कमानपुर निवासी शहनवाज उर्फ शानू माडल की हिस्ट्रीशीट खोली है। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने उत्सव राय निवासी कालेदूर पड़हा थाना कैंट की हिस्ट्रीशीट खोली है। उत्सव के ऊपर आठ मुदकमे दर्ज हैं। गोला थाना पुलिस ने राजगढ़ निवासी इजहार अन्सारी की हिस्ट्रीशीट खोली है।

# बदमाशों ने लूटा छात्र का मोबाइल

गोरखपुर : खोराबार के जंगल सिकरी बाईपास पर मंगलवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने छात्र का मोबाइल फोन छीन लिया। कुशीनगर के रहने वाले नीरज सिंह खोराबार के रामबरन चौराहा पर किराए पर कमरा लेकर पढ़ाई करते हैं। मंगलवार की शाम 6.30 बजे जंगल सिकरी से पैदल कमरे पर जा रहे थे। परिचित का फोन आने पर बात करने लगे। इसी दौरान पीछे से पहुंचे बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि छानबीन चल रही है। (जासं)

# जंगल धूसड़ में गला दबाकर की गई थी महिला की हत्या

## टीनशेड में मिली थी लाश, पिपराइच पुलिस जांच में जुटी

अमर उजाला ब्यूरो

**सोमवार को पुलिस ने बरामद किया था शव, पोस्टमार्टम में हत्या की पुष्टि हुई**

गोरखपुर। पिपराइच इलाके के जंगल धूसड़ में टीनशेड में मिली 35 वर्षीय महिला की लाश की पहचान कर ली गई। उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम में इसकी पुष्टि हुई। वह गुलरिहा इलाके के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी सिकंदर खां की बेटी शफीना थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, जंगल औराही के दिलीप ने शफीना को कुछ दिन पहले जंगल धूसड़ में टीनशेड के कमरे को किराये पर दिलाया था।

सोमवार को तेज बदबू आने के बाद पुलिस को मौत की जानकारी हुई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। छानबीन शुरू की तो उसकी पहचान हो गई।

जांच में समाने आया है कि दुर्गाबाड़ी के पास 2020 में शफीना की शादी हुई थी। लेकिन, किन्हीं कारणों से वह पति से अलग रहने लगी थी। इन दिनों उसकी एक युवक से गहरी दोस्ती हो गई थी और किराये के कमरे में उसी के साथ रहने भी लगी थी।

बताया जा रहा है कि पिपराइच के छावनी निवासी जिस युवक से उसकी दोस्ती थी, वह ऑटो चालक है।

उधर, मकान मालिक ने बताया कि उसके बेटे से दिलीप की दोस्ती है, इस वजह से उसने दिलीप के कहने पर किराये पर कमरा दिया था। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही।

# चेयरमैन के बेटे से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**उनवल (गोरखपुर)।** नगर पंचायत उनवल के चेयरमैन उमाशंकर निषाद के बेटे मोनू पर कंदराई गांव के पास हमला करने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। उसकी पहचान कंदराई गांव निवासी राजेश राना के रूप में हुई। उनवल वार्ड के संग्रामपुर गांव निवासी मोनू रविवार को शहर आए थे। शाम में सात बजे के करीब घर लौट रहे थे। रास्ते में कंदराई गांव के पास एक युवती ने हाथ दिया। बाइक रोकते ही राजेश राना, दुर्गेश, विवेक व कुछ अन्य लोग आ गए और कनपटी पर असलहा सटा दिए। बदमाशों ने गले से सोने की चेन व पास में रखे रुपये मांगने लगे। मना करने पर पिटाई शुरू कर दी। उधर से गुजर रहे वेद प्रकाश त्रिपाठी ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# पुलिस से विवाद, पूर्व प्रधान पुत्र हिरासत में

**भटहट।** कस्बे में मंगलवार शाम सड़क पर ठेला लगाए लोगों से पुलिस का विवाद हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया और विरोध करने लगे जिसके बाद पूर्व प्रधान पुत्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। चौराहे पर एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, भटहट-बासस्थान मार्ग पर खपड़हवा चौराहे पर पुलिस पिकेट है। उसी के पास पूर्व प्रधान गोपाल मद्धेशिया की जमीन में साप्ताहिकी बाजार लगता है। मंगलवार को बाजार लगा था। शाम 5:30 बजे कुछ पुलिस वाले दुकानदारों का चालान काट रहे थे। इसी दौरान पूर्व प्रधान का लड़का विशाल आ गया और अपने जमीन का हवाला देकर चालान काटने से मना किया तो बहस हो गई। उसके बाद पुलिस विशाल को जीप में बैठाकर गुलरिया थाने ले गई, जिससे स्थानीय लोग पुलिस पिकेट के पास हंगामा शुरू

# पहले गुलरिहा फिर रामगढ़ताल में दर्ज कराया केस

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल इलाके के नौकायन के पास रेस्त्रां में तोड़फोड़ व मारपीट करने के आरोप में जेल गए विनोद मिश्रा ने पुलिस को गुमराह किया।

विनोद ने एक नवंबर को गुलरिहा थाने में कार में तोड़फोड़ की शिकायत दर्ज कराई थी और फिर रेस्त्रां में मारपीट के बाद उसी कार में तोड़फोड़ और डकैती किए जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करा दिया।

मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी ने जांच कराने की बात कही है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जेल गए आरोपी ने अगर गुमराह किया है तो उसके खिलाफ इस मामले में कार्रवाई होगी। ब्यूरो

# डॉक्टर से रंगदारी मांगने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**झंगहा।** पुलिस ने डॉक्टर से रंगदारी मांगने के एक और आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम था। उसकी पहचान रुद्रपुर देवरिया के बनसप्ती निवासी विनय यादव के रूप में हुई।

25 सितंबर को डॉक्टर संतराज गुप्ता पर फायरिंग की गई थी। आरोप था कि रंगदारी न देने पर फायरिंग की गई है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए डॉक्टर के रिश्तेदार जितेंद्र सहित तीन को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में विनय आरोपी था, जिसकी तलाश में पुलिस लगी थी। मंगलवार को एसओजी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# आंगनबाड़ी वर्करों से जालसाज कर रहे ठगी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। कुछ जालसाजों ने ठगी का नया तरीका ढूंढ निकाला है। वे आंगनबाड़ी वर्करों को फोन कर अपने को स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी बताकर पहले धमकाते हैं फिर उनका आधार नंबर व पता लेकर उनका अकाउंट खाली कर दे रहे हैं। डीपीओ ने ऐसे जालसाजों से वर्करों को सतर्क रहने और किसी के झांसे में न आने की बात कही है।

बाल विकास परियोजना खोराबार के भरवलिया बुजुर्ग की एक आंगनबाड़ी वर्कर को किसी ने फोन किया। अपना नाम डॉ. अजय बताया। कहा कि वह स्वास्थ्य

## पहले देते हैं धमकी, फिर एप डाउन लोड कराकर खाता कर दे रहे खाली

विभाग से बोल रहे हैं। उनकी शिकायत सात लोगों ने की है। कहा, शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वह पोषाहार का वितरण नहीं करती हैं। इसके बाद उसने एक एप भेजा जिसे डाउन लोड करने को कहा। इसके बाद आंगनबाड़ी वर्कर के खाते से तीन हजार रुपये कट गए। उन्होंने इसकी शिकायत खोराबार के सीडीपीओ से की है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी का कहना है कि ऐसे मामले पहले भी आ चुके हैं। वर्कर झांसे में न आएं।

# मंदिर प्रशासन ने की आर्थिक मदद



गोरखपुर। कैंट के कूड़ाघाट में स्थित महादेव झारखंडी मंदिर के बाहर मंगलवार को मृत मजदूर के परिजनों ने धरना दिया। जानकारी पर पहुंचे मंदिर प्रशासन ने 52 हजार की आर्थिक मदद देकर शांत कराया। सुबह 10 से 12:30 बजे तक धरने की वजह से मंदिर के दोनों गेट को बंद रखा गया था। जानकारी के मुताबिक, मंदिर की दीवार गिरने से शनिवार को काम कर रहे मजदूर 50 वर्षीय छोटेलाल की मौत हो गई थी। सुकरौली, कुशीनगर निवासी छोटेलाल अपने ससुराल खोराबार में रहते थे। मंगलवार सुबह छोटेलाल की पत्नी, बेटा व अन्य लोग करीब 100 लोगों के साथ मंदिर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि अभी तक न शासन से न ही मंदिर समिति की तरफ से किसी प्रकार की मदद की गई, जबकि वह आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बाद में मंदिर प्रशासन ने आर्थिक मदद कर मामले को शांत कराया। ब्यूरो

# बुलडोजर बाबा गाने पर मारपीट, पांच पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के रघुनाथपुर में शनिवार को बहुभोज कार्यक्रम में डीजे पर बुलडोजर वाला बाबा गाना बजाने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई।

दोनों ही पक्ष से चले ईंट-पत्थर में दो सगे भाइयों का सिर फूट गया। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बलवा सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, अंबिका यादव के घर शनिवार को बहुभोज कार्यक्रम में डीजे पर गाना बज रहा था। बुलडोजर वाला बाबा गाने को लेकर विवाद के बाद मारपीट हुई। पुलिस ने तीन को हिरासत में ले लिया।

सोमवार को अंबिका यादव ने

## गुलरिहा इलाके में गाना बजाने पर हुई घटना, आरोपियों की तलाश में पुलिस

पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर आरोप लगाया कि घटना वाली रात डीजे पर बुलडोजर वाला बाबा गाना बज रहा था। गाने पर ऐतराज होने पर बालेश्वर यादव अपने भाई व दो भांजे के साथ डंडा, ईंट-पत्थर लेकर गाली देने लगे।

आरोप है कि मना करने पर डांस करने वालों को अवैध असलहा लेकर धमकाने के साथ जान से मारने के इरादे से फायर किया तथा घर में घुसकर मारा पीटा। घर में रखा सामान तोड़ दिया।

गुलरिहा पुलिस ने बालेश्वर यादव, बालकेस यादव, राहुल यादव, सूरज यादव तथा धर्मेंद्र यादव पर केस दर्ज कर लिया।

# नहाने गए पांच किशोर नदी में डूबे, दो को बचाया

## कार्तिक पूर्णिमा पर कैंपियरगंज, बेलघाट और गोला इलाके में घटना

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** अलग-अलग स्थानों पर कार्तिक पूर्णिमा पर परिवार वालों के साथ नदी में स्नान करने गए पांच बच्चे गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों की मदद से दो को बचा लिया गया, लेकिन तीन का पता नहीं चला।

उनकी तलाश अब भी जारी है। एक घटना कैंपियरगंज के भौराबारी रोहिन नदी के घाट पर हुई तो वहीं दो घटनाएं बेलघाट और गोला इलाके में सरयू नदी के घाट पर हुईं।

**कैंपियरगंज** प्रतिनिधि के मुताबिक, भौराबारी में रोहिन नदी में नहाने गए रामनगर निवासी कृष्ण जायसवाल (12), अभिषेक (14) और हिमांशु (13) डूब गए। सूचना पर घाट पर सनसनी फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अभिषेक व हिमांशु को बचा लिया गया, लेकिन कृष्ण जायसवाल का पता नहीं चला। उसकी तलाश जारी है।



नदी में लापता रोशन।

**गोला** प्रतिनिधि के मुताबिक, क्षेत्र के बांहपुर गांव निवासी रूदल चौधरी का एकलौता बेटा 12 वर्षीय रोशन सुबह गांव के लड़कों के साथ सरयू नदी के रामामऊ घाट पर स्नान करते समय गहरे पानी में चला गया, जिससे डूब गया। मौके पर उपस्थित लोगों की सूचना पर पुलिस स्थानीय गोताखोरों के मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी है। वह कक्षा 7 का छात्र है। दो बहनों से बड़ा है।

### डूबे तीन बच्चों की तलाश में जुटे ग्रामीण और पुलिसकर्मी

बेलघाट प्रतिनिधि के मुताबिक, बेलघाट थाना क्षेत्र के सेमरी घाट पर मंगलवार को सरयू नदी में स्नान करने गया 16 वर्षीय बालक डूब गया। क्षेत्र के लोनानागर गांव निवासी रामलक्षन मौर्य उर्फ रूदल का पुत्र सत्यम उर्फ जगराम माता-पिता और गांव के कुछ लड़कों के साथ सेमरी घाट पर नहाने गया था। स्नान करते समय वह गहरे पानी में चला गया, जिससे डूब गया। उसकी तलाश की जा रही है। वह नौवीं का छात्र है। तीन भाई-बहनों मे सबसे छोटा है।

# पुलिस ने छह बदमाशों की खोली हिस्ट्रीशीट

गोरखपुर। अपराध में संलिप्ता पाए जाने पर पुलिस ने छह बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोल दी। रामगढ़ताल, गोला, राजघाट, सिकरीगंज और कैंपियरगंज पुलिस ने बदमाशों को हिस्ट्रीशीट ए (सक्रिय बदमाश) की सूची में डालकर निगरानी शुरू कर दी है। अब इन्हें भी हर रविवार को थाने पर दुराचारी सभा में आना होगा।

रामगढ़ताल के गौतम विहार विस्तार निवासी उत्सव राय, गोला के राजगढ़ निवासी इजहार, राजघाट के पहाड़पुर निवासी शहनवाज उर्फ शानू, सिकरीगंज के बारीगांव निवासी राजेश, कैंपियरगंज के नुरुद्दीनचक निवासी नागेंद्र चौहान और जंगल बब्बन निवासी शाहिद अली की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

पुलिस के मुताबिक, शाहिद पर तीन मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें पशु तस्करी भी शामिल है। नागेंद्र पर 10 मुकदमे हैं, जिसमें लूट के कई मामले हैं। राजेश पर छह मुकदमे हैं, यह शातिर चोर है। शहनवाज पर नौ मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें रंगदारी, मारपीट, बलवा जैसे केस हैं। ब्यूरो



गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगने वाले खिचड़ी मेले की तैयारियों के सिलसिले में बैठक करते कमिश्नर रवि कुमार एनजी। साथ में डीआईजी जे रविंद्र गौड़, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर व अन्य अधिकारी। संवाद

# मकर संक्रांति : सुविधाएं भरपूर, दूरदर्शन पर मेले का होगा लाइव प्रसारण

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगने वाले मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एक जनवरी से शुरू होकर करीब एक महीने तक चलने वाले मेले के दौरान श्रद्धालुओं, पर्यटकों को हर जरूरी सुविधा मिलेगी।

मकर संक्रांति के दिन गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन और मेले की सभी गतिविधियों का आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर सजीव (लाइव) प्रसारण होगा।

सोमवार को आयुक्त सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते कमिश्नर रवि कुमार एनजी ने मकर संक्रांति पर्व एवं मेले की तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

कमिश्नर ने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही मंदिर में भारी संख्या में लोग आने लगते हैं। शिवरात्रि तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते रहते हैं। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन अभी से अपनी तैयारी कर ले। सुनिश्चित करें कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हों।

**स्वास्थ्य विभाग लगाएगा कैंप :** कमिश्नर ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग, मेला के दौरान कैम्प लगाए। आपूर्ति विभाग केरोसिन एवं खाद्यान्न का वितरण कराए। इसी तरह वन विभाग जलौनी लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करे। निर्देश दिया कि मेले के दौरान परिवहन विभाग बसों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था रखें।

नागरिक सुरक्षा एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए। बैठक में डीआईजी जे. रविंद्र, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, डीएम कृष्णा करूणेश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

**एक जनवरी से गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुरू हो जाएगा मकर संक्रांति मेला**

## *मेला परिसर में चारों तरफ होंगे सीसीटीवी कैमरे*

***गोरखपुर।*** *कमिश्नर ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का निर्देश देते हुए कहा कि पूरे मेला परिसर में इस तरह से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं कि हर कोने पर नजर रखी जा सके। नगर निगम के अधिकारियों को सफाई की पर्याप्त व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जीडीए और लोक निर्माण विभाग को मेला क्षेत्र की सभी सड़कों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों को जर्जर तारों एवं पोल ठीक करने को कहा।*

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# न्यायालय के आदेश पर सात लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का अभियोग पंजीकृत

**भाटपाररानी(एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के ग्राम महुजा में एक ही परिवार के सात लोगों पर तहसील से फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में सोमवार की देर शाम न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है। ग्राम महुजा निवासी निखिल कुमार ने अपने वाद में कहा है कि गांव के परमहंस जो पिछड़ी जाति से आता हैं ।उसने गांव के ही एक व्यक्ति व तहसील कर्मियों की मिलीभगत से अपनी को चमार जाति बताते हुए अपनी पत्नी बनवा देवी, पुत्र गण सोनू, राज कपूर, रोशन और रंभा के नाम से अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवा कर सरकारी योजनाओं का लाभ वर्ष 2021 से लिया जाता रहा है। वादी निखिल कुमार ने कहा है कि तहसील से जांचोपरांत पाया गया कि आरोपी पिछड़ी जाति में आती है। उसने प्रमाण को लेकर स्थानीय पुलिस,पुलिस अधीक्षक व आईजी तथा डीआईजी तक न्याय की गुहार लगाई गयी थी। परंतु कुछ न्याय नहीं मिला।अन्ततः उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने परमहंस, बनवा देवी, सोनू ,राज कपूर, रोशन, रंभा निवासी गण महुजा,थाना भाटपाररानी, तहसील भाटपाररानी के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया है। थाना अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर 7 लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है।

# मारपीट में मां बेटी घायल, 7 लोगों के विरुद्ध मारपीट व बलवा का अभियोग पंजीकृत

**भाटपाररानी(एचएनबी)**। मंगलवार की प्रातः खामपार थाना क्षेत्र के परसिया छितनी सिंह गांव में खेत जुताई के दौरान मेड टूटने के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक पक्ष की मां और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों का इलाज बनकटा अस्पताल पर कराया गया। जहां उन्हें गंभीरावस्था में देख कर सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायलों में संपतिया देवी 40वर्ष तथा उसकी पुत्री रीमा 19वर्ष का नाम शामिल हैं। दूसरे पक्ष के कुछ लोगों को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने घायल संपत्तिया देवी की तहरीर पर रमाशंकर यादव सहित सात लोगों पर मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस बाबत पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि 7 लोगों के विरुद्ध मारपीट व बलवा का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है।दूसरे पक्ष से अभी कोई तहरीर नही मिली है।

# चोरी गयी बाइक को पुलिस ने पकड़ा

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय उपनगर के तहसील से मंगलवार को चोरी की बाइक को ले जा रहे युवक को पुलिस ने भभौली के पास से पकड़ा। इस संदर्भ में पूछने पर पुलिस ने बताया कि वादी का कहना था कि भूलवस गाड़ी चली गयी थी। इस संदर्भ में पुलिस ने कहा कि वादी प्रतिवादी को बुलाकर पूछताछ किया जा रहा है।

# पुलिस ने प्रेमी प्रेमिका की मंदिर में कराई शादी

**बरहज।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुलिस ने दो प्रेमी युगल की मंदिर में शादी कराया।शादी के बाद दुल्हन को दूल्हा अपने घर ले गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मोहांव निवासी मंटू विश्वकर्मा पुत्र घनश्याम विश्वकर्मा की शादी परिजन ने कही तय किया था,लेकिन मंटू करीब एक साल से वह रूद्रपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम इमिलियाजंगल निवासी प्रिया विश्वकर्मा से प्यार करता था। गैर जगह शादी तय होने के वाद भी फोन से मंटू प्रिया से बात करता था। मंटू की शादी तय होने की जानकारी होने पर लड़की ने बरहज पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले की जांच एसआई विपिन को मिली। जाँच के बाद पुद्द ताछ में दोनों ने एक दूसरे के साथ प्यार करना कबूल किया।दोनों की सहमति के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को थाना के समीप मंदिर में दोनों की शादी कराई।इस दौरान एसओ जयशंकर मिश्र व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 07/09/22

# भाभी के साथ टहलने गयी युवती का अपहरण

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतुआभार में बीती रात खाना खाकर भाभी के साथ टहलने निकली युवती को अगुआ करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना की सूचना मिलते ही रुद्रपुर पुलिस हरकत में आ गयी तथा युवती के अपहरण की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी। घटना की सूचना मिलते ही रात को अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया राजेश कुमार सोनकर ने परिजनों से घटना के बाबत पूछताछ करते हुए युवती को बरामद करने व अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करने के लिये दो टीमों का गठन किया। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में सतुआभार निवासी अगुआ किये गये युवती के पिता अहमद अली ने रुद्रपुर पुलिस को तहरीर देकर शिकायत किया। दिये गये तहरीर में कहा कि उनकी बहू नरगिस के साथ उनकी पुत्री खुशबुननिशा ऊर्फ हीना सोमवार की शाम टहलने के लिये निकली थी, तभी अज्ञात चार पहिया सवार बदमाशों ने उनकी बहू को धक्का देते हुए उनकी पुत्री खुशबुन को अपहरण कर लिया। इस मामले में रुद्रपुर पुलिस ने अहमद अली के तहरीर पर अज्ञात अपहरणकर्ताओं के खिलाफ धारा 365 का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पूरा मामला जांच का विषय है, जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पायेगा। पुलिस परिजनों से पूछताछ करने के साथ ही अपहरणकर्ताओं के खोज में लगी हुई है। इस मामले में कोतवाल उपेन्द्र कुमार मिश्र का कहना है कि आरोपी बिहार चम्पारण का बताया जाता है। सर्विसलांस के जरिये तलाश की जा रही है, जबकि मामला प्रेम प्रसंग का बताया जाता है।

अपहृत युवती का अपहरणकर्ता से अस्पताल में भाभी के इलाज के दौरान मुलाकात हुई थी। वैसे पुलिस घटना को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

हिन्दुस्तान दि. 09/11/22

# शटरिंग का काम करने वाले ने की खुदकुशी

महुआडीह। एक शटरिंग मजदूर ने कमरे में फांसी लगा कर जान दे दिया। वह शराब पीने का आदी था। इसे लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा खास गांव के सेमरहा टोला निवासी दिव्यांग दुर्गेश चौहान उर्फ जुगेश चौहान (33) पुत्र गब्बू चौहान सटरिंग और मजदूरी का कार्य करता था। सोमवार को देर रात घर आया और कमरे में जाकर फांसी लगा लिया। मंगलवार देर सुबह तक नहीं जागने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुला। ग्राम प्रधान रामकेश्वर चौधरी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ पहुँचे। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरा और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्गेश का एक लड़का और तीन लड़कियां हैं। वह अक्सर शराब के नशे में घर आता था और परिजनों से विवाद करता रहता था। पत्नी सुमन देवी आपसी कहा-सुनी के चलते कुछ दिन पहले अपने मायके चली गयी है।

हिन्दुस्तान 09/11/22

# सात पर मारपीट व बलवा का केस दर्ज

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया छितनी सिंह में मंगलवार की सुबह खेत के मेड़ विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षां से आधा दर्जन लोग से अधिक घायल हो गए। घायलों का इलाज बनकटा अस्पताल पर कराया गया। जहां से दो महिलाओं की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में संपतिया देवी (40) तथा उसकी पुत्री रीमा (19) के अलावा दूसरे पक्ष के भी कुछ लोग घायल है। पुलिस ने संपतिया देवी की तहरीर पर रमाशंकर यादव सहित सात लोगों पर मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# श्रमिक पर 10 हजार रुपये चोरी का आरोप

महुआडीह। एक मजदूर दुकानदार का दस हजार रुपए लेकर फरार हो गया। महुआडीह थाना क्षेत्र के बरारी द्वितीय गांव के सन्तोष यादव ने आरोप लगाया है कि उसकी दुकान पर मजदूरी करने वाला सोमवार को शाम 3:00 बजे के करीब दुकान से नई साइकिल और दस हजार रुपये चुरा कर फरार हो गया है।

# युवती के अपहरण की सूचना पर मचा हड़कम्प

- पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस
- एएसपी ने रात में लिया घटनास्थल का जायजा

रुद्रपुर। क्षेत्र के एक गांव से युवती के अपहरण की सूचना पर हड़कम्प मच गया। पूरी रात दो जिले की पुलिस तलाश करती रही। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा 365 के तहत मुकदमा दर्ज की है। अपहरण की जानकारी होते ही रात में ही अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया।

रुद्रपुर-निबहीं मार्ग पर स्थित एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सोमवार की रात लगभग साढ़े सात बजे उनकी पुत्री अपनी भाभी के साथ नित्य की भांति सड़क पर टहल रही थी। दरवाजे से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर निबहीं की ओर दोनों पहुंची थीं इसी बीच एक सफेद रंग की गाड़ी उनके पास आकर रूकी। कार में से एक युवक उतरा और युवती का मुंह दाबकर जबरतंस्ती उसे गाड़ी में बैठा लिया। जिसे देख उसकी भाभी घबड़ा कर चिल्लाने लगी। लेकिन कार युवती को लेकर भाग गया। पीड़िता के पिता ने कहा है कि युवती की भाभी घर पर आकर घटना के बारे में बताई। जिस पर घर के लोगों ने मामले की जानकारी डायल 112 नम्बर पर पुलिस को दिया। युवती के अपहरण की सूचना मिलते ही रुद्रपुर कोतवाली पुलिस के साथ ही गोरखपुर जिले की पुलिस भी रात भर गाड़ियों की तलाशी लेती रही। कई जगहों पर पुलिस ने छापेमारी भी की, लेकिन कहीं भी युवती का सुराग नहीं मिल सका।

रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, अपहरण की कहानी संदिग्ध लग रही है। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

दैनिक जागरण 02/11/22

# सक्रिय हुई पुलिस, मैरवा से बरामद किया ट्रक

जागरण संवाददाता, भटनी, देवरिया: ट्रक लूटकर भागने की सूचना पर मंगलवार की दोपहर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। सिवान के मैरवा के समीप से ट्रक को बरामद किया। इस मामले में कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

पुलिस के मुताबिक, ट्रक मालिक वाराणसी के रहने वाले हैं। उनका ट्रक देवरिया, सिवान, छपरा आदि जनपदों में सामान लेकर आता है। सिवान के एक कारोबारी से ट्रक मालिक का कोई लेन देन था। ट्रक सामान लेकर भटनी आया था। इसकी जानकारी जब कारोबारी को हुई तो उसने कुछ लोगों को भटनी भेजा। थाना क्षेत्र के चांदपार के पास बाईपास से ट्रक में कुछ लोग सवार हो गए और जबरदस्ती ट्रक को लेकर सिवान के लिए रवाना हो गए। ट्रक चालक ने इसकी सूचना मालिक को दी। मालिक ने ट्रक लूट लिए जाने की सूचना पुलिस को दी। आननफानन में भटनी, खुखुंदू व लार पुलिस सक्रिय हो गई। ट्रक का पीछा करने लगी। ट्रक अभी सिवान के मैरवा के पास पहुंचा था तो पुलिस ने घेरेबंदी करकर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

## अपहरण व लूट की सूचना पर हलकान रही पुलिस

जासं, खुखुंदू: चौराहे से करीब सौ मीटर की दूरी पर सोमवार की रात करीब नौ बजे सलेमपुर की तरफ जा रही स्कार्पियो में पिकअप ने दो बार टक्कर मार दी। स्कार्पियो चालक ने पिकअप चालक को पकड़ लिया और पिकअप को लेकर जाने लगे। पिकअप चालक ने अपहरण व लूट की सूचना गाड़ी मालिक को दी। यह सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, खलबली मच गई। बाद में मामला स्कार्पियो में टक्कर मारने का निकला। भटनी थानाक्षेत्र के नोनापार गांव के रहने वाले गोरखनाथ तिवारी अपने स्कार्पियो से देवरिया गए थे। वहां से रात करीब नौ बजे लौट रहे थे। अभी वह खुखुंदू चौराहे से सौ मीटर आगे बढ़े थे। तभी पीछे से आ रही पिकअप ने दो बार ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी, जिसमें स्कार्पियो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद स्कार्पियो सवारों ने पिकअप को पकड़ लिया। जिसकी सूचना पिकअप चालक ने मालिक को दी। मालिक ने भटनी पहुंचने को कहा, लेकिन भटनी नहीं आने पर स्कार्पियो सवार पिकअप को लेकर नोनापार चले गए। स्कार्पियो के नंबर से मालिक के मोबाइल नंबर का पुलिस ने पता किया। साथ ही तत्काल थाने आने को कहा। गोरखनाथ तिवारी ने चालक व पिकअप को थाने भेज दिया। तब पुलिस ने राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष गोपाल राजभर ने बताया कि पिकअप के मालिक ने लूट की गलत सूचना दी थी। स्कार्पियो मालिक ने टक्कर मारने की तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

लूट का मामला नहीं था। वाराणसी के रहने वाले ट्रक मालिक व बिहार के एक व्यक्ति के बीच लेनदेन का विवाद था। जिसमें ट्रक को कुछ लोग जबरदस्ती लेकर जा रहे थे। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

संकल्प शर्मा, एसपी

दैनिक जागरण दि. 09/11/22

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका अहम

जासं, सलेमपुरः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देवनगर के संयोजन में मंगलवार को श्रीरैनाथ ब्रह्मदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस उपाधीक्षक अंशुमान श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। सभी प्रतिभावान छात्रों से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। विद्यार्थी परिषद छात्रों की प्रतिभा को और परिपक्व करती है। विशिष्ट अतिथि सुषमा पाण्डेय ने कहा कि छात्र कल का नहीं आज का नागरिक है। इसलिये छात्रों को एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य भी निभाना चाहिए।




छात्रा को सम्मानित करते सीओ अंशुमान श्रीवास्तव • जागरण

दैनिक जागरण दि० 09/11/22

# पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, देवरिया: महिला ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिला थाना पुलिस ने लखनऊ जनपद के विकास नगर थानाक्षेत्र के शेखपुरा गांव के रहने वाले पति शोजब खान, ससुर हाजी हसन खान, सास शहनाज खातून, जेठ सिराज खान, जेठानी नजमा खातून के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के चीनी मिल के समीप अहमद नगर की रहने बाली महविश जमाल का निकाह 14 नवंबर 2018 को लखनऊ के शोजब खान से हुआ था। दहेज की मांग को लेकर ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे थे। 21 दिसंबर 2019 को मेरे पति की दूसरी शादी करने की बात कहकर मायके देवरिया छोड़कर चले गए। उसके बाद आजतक कोई सुधि नहीं ली। पति शोजब विदेश में कार्यरत हैं।

**धमकी देने के मामले में मुकदमा:** देवरिया: कंपनी के कर्मचारी को धमकी देने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के कस्तूरबा राजकीय बालिका इंटर कालेज के गली के रहने वाले गौरव श्रीवास्तव का आरोप है कि कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर के माता की मृत्यु होने के कारण सिगरेट की आपूर्ति स्टेशन रोड के अशोक चौरसिया को नहीं जा सकी। जिस पर उन्होंने मुझे व कंपनी के अधिकारी सोमेश्वर सिंह को धमकी दी।

दैनिक जागरण दि. 09/11/22

# भाभी के साथ टहल रही युवती का अपहरण, पुलिस टीम गठित

जासं, रुद्रपुर: क्षेत्र के रुद्रपुर-बोहाबार मार्ग पर चार पहिया सवार वाहन चालकों ने सोमवार की रात भाभी के साथ टहल रही युवती का अपहरण कर लिया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होना बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने युवती की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित किया है। पुलिस टीमें बिहार के चंपारण जनपद की तरफ संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। क्षेत्र के एक गांव की युवती सोमवार की रात भोजन करने के बाद सड़क पर टहल रही थी। इसी दौरान कार वाहन सवार दो युवक उतरे और जबरिया युवती को वाहन में बैठाकर चले गए। घटना की जानकारी भाभी ने डायल 112 नंबर पर दी। घटनास्थल का अपर पुलिस अधीक्षक राकेश सोनकर ने जायजा लिया। पुलिस ने युवती के मोबाइल नंबर पर सर्विलांस की मदद से आरोपितों के करीब पहुंचने में लगी है। घटना का जल्द ही पर्दाफाश पुलिस कर सकती है। प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर उपेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जांच में प्रेम-प्रसंग का आया है। जल्द ही इसका पर्दाफाश कर दिया गया है। पुलिस की दो टीमें बरामदगी के लिए गठित की गई हैं।

## अपहरण करने वाले रिश्तेदार

पुलिस के अनुसार मोबाइल से मिले सुराग के अनुसार वाहन सवार युवक, युवती के करीबी के रिश्तेदार हैं। जो बिहार के चंपारण जनपद के रहने वाले हैं। उन्हीं से युवती का काफी दिनों से मोबाइल से बातचीत हो रही थी। युवती से युवकों की मुलाकात एक अस्पताल में हुई थी।

दैनिक जागरण दि० 09/11/22

# सात के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जासं, भाटपाररानी: क्षेत्र के महुजा में एक ही परिवार के सात लोगों पर तहसील से अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाने पर कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

महुजा के रहने वाले निखिल कुमार का आरोप है कि गांव के परमहंस जो पिछड़ी जाति के हैं। उनके द्वारा गांव के ही जदु प्रसाद व तहसील कर्मियों की मिलीभगत से खुद को दलित जाति बताते हुए अपनी पत्नी बनवा देवी, पुत्र सोनू, राज कपूर, रोशन और रंभा के नाम से अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवा कर सरकारी योजनाओं का लाभ वर्ष 2021 से लिया जाता रहा है। वादी निखिल कुमार ने कहा है कि तहसील से जांचोपरांत पाया गया कि ततवा जाति पिछड़ी जाति में है।

उसने प्रमाण सहित इसके विरुद्ध स्थानीय थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक और आइजी, डीआइजी तक न्याय की गुहार लगाई। लेकिन कुछ नहीं हुआ। थक कर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने परमहंस, बनवा देवी, सोनू, राज कपूर, रोशन, रंभा और जदू निवासी महुजा पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमर उजाला दि० 09/11/22

# नीरज के मोबाइल से खुल सकता है राज, सीडीआर खंगाल रही पुलिस

## घरवालों ने हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज/सोनाड़ी। क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी नीरज तिवारी का कहीं सुराग नहीं लग पा रहा है।

चचेरे भाई धीरज ने उसकी प्रेमिका के परिवार वालों पर भाई की हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है। नीरज के लापता होने का राज उसके मोबाइल से खुलने की उम्मीद है, जिसको लेकर भलुअनी पुलिस सीडीआर खंगाल रही है।

बुधवार की रात नीरज अपने मित्र के साथ बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित प्रेमिका के घर गया था, जहां से वह लापता हो गया। उसका लोकेशन भी नहीं मिल पा रहा है।

चचेरे भाई ने एसपी को दिए पत्रक में आरोप लगाया है कि

### प्रेमिका से मिलने गए नीरज का नहीं लग रहा सुराग

परिवारवालों के कहने पर प्रेमिका ने फोन पर उसे घर बुलाया था। धीरज ने प्रेमिका के परिवारवालों पर नीरज की हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

भलुअनी के थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने बताया कि मामले में सीडीआर खंगाली जा रही है। जल्द ही कुछ न कुछ नतीजा सामने आ जाएगा।

## पुलिस की पकड़ से दूर जानलेवा हमले के आरोपी

भलुअनी। क्षेत्र के बैरियां राजा गांव निवासी सतेंद्र पर 17 अक्तूबर की शाम जान से मारने की नीयत से कुछ लोगों ने हमला किया था। मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। पीड़ित का कहना है कि सभी आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे हैं। इससे परिवार के लोग दहशत में हैं। पुलिस को दी तहरीर में सतेंद्र ने बताया था कि वह किसी काम से बढ़पुरवा गया हुआ था। वहां लाठी-डंडे से लैस बढ़पुरवा के रामप्रवेश, विकास, मुलायम, नितेश, आकाश और नीरज ने हमला बोल दिया था। वह बुरी तरह से घायल हो गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी फरार चल रहे हैं। लगातार दबिश दी जा रही है। आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे। संवाद

अ.उजाला 09/11/22

# वृद्धा को होमगार्ड जवान ने डॉक्टर के पास पहुंचाया

देवरिया। जिला अस्पताल के ओपीडी में सोमवार को एक होमगार्ड के जवान की संवेदनशीलता की सभी तारीफ कर रहे हैं। जवान ने चलने में असमर्थ बुजुर्ग महिला को चिकित्सक के पास पहुंचाया।

बारीडीहा गांव की 80 वर्षीया बरफी देवी पेट में दर्द व सांस की बीमारी से पीड़ित हैं। मंगलवार को अपने वृद्ध पति सहदेव और पुत्र सर्वजीत के साथ अस्पताल पहुंचीं। पुत्र पर्ची लेकर मेडिसिन विभाग में कतार में खड़ा था, जबकि वृद्ध दंपती ओपीडी में आ रहे थे।

इसी बीच बरफी देवी चलने में असमर्थ हो गईं और फर्श पर लेट गईं। चिकित्सक कक्ष के बाहर तैनात होमगार्ड जवान राजेंद्र दौड़ कर पहुंचा और महिला को चिकित्सक के पास ले गया। चिकित्सक ने परीक्षण कर इमरजेंसी में भर्ती होने के लिए भेज दिया। संवाद

अमर उजाला दि. 07/11/22

# कोर्ट के आदेश पर सात पर धोखाधड़ी का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के ग्राम महुजा में एक ही परिवार के सात लोगों पर तहसील से फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाने पर सोमवार की देर शाम न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

ग्राम महुजा निवासी निखिल कुमार ने अपने वाद में कहा है कि गांव के परमहंस, पिछड़ी जाति ततवा के हैं।

उन्होंने गांव के ही जद्दू प्रसाद व तहसील कर्मियों की मिलीभगत से अपने को अनुसूचित जाति बताते हुए पत्नी बनवा देवी, पुत्र सोनू, राजकपूर, रोशन और रंभा के नाम से अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ वर्ष 2021 से ले रहे हैं।

वादी निखिल कुमार ने कहा है कि तहसील से जांच में पाया गया कि ततवा जाति पिछड़ी जाति में आती है। उसने प्रमाण सहित इसके विरुद्ध स्थानीय थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक और आईजी डीआईजी तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

थक-हार कर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने परमहंस, बनवा देवी, सोनू, राजकपूर, रोशन, रंभा और जद्दू निवासी महुजा, थाना भाटपाररानी, तहसील भाटपाररानी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सात लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है।

अमर उजाला दि. 09/11/22

# टहलने के लिए निकली युवती का सरेराह अपहरण

## रुद्रपुर-निबही मार्ग पर सोमवार रात में हुई घटना, साथ में थी भाभी

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर (देवरिया)। घर से टहलने निकली एक युवती का सरेराह कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। युवती सोमवार रात में भोजन करने के बाद अपनी भाभी के साथ टहलने निकली थी।

घटना रुद्रपुर-निबही मार्ग पर हुई। पुलिस ने अपहृत युवती के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने रात में घटनास्थल का दौरा किया। एएसपी के निर्देश पर पुलिस, दो टीमें गठित कर जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, रात करीब आठ बजे युवती अपनी भाभी के साथ रुद्रपुर-निबही मार्ग पर टहलने निकली थी। इसी दौरान रुद्रपुर की ओर से गोरखपुर की तरफ जा रही एक कार उनके पास रुक गई।

### पिता की तहरीर पर अज्ञात पर अपहरण का केस

युवती की भाभी के अनुसार, गाड़ी से उतरे एक युवक ने उसकी ननद को जबरन कार में बैठा लिया। भाभी ने विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

युवती की भाभी ने बताया कि ननद का अपहरण होते देख उन्होंने शोर मचाया। चौराहे के लोग जुटते, तब तक कार सवार युवक, युवती को लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर रुद्रपुर पुलिस ने जगह-जगह वाहन चेकिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने गोरखपुर पुलिस से संपर्क कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। राप्ती नदी के किनारे रुद्रपुर-गोरखपुर मार्ग पर पूरी रात पुलिस तलाश करती रही, लेकिन युवती का पता नहीं चल पाया।

अपहृत युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने कहा कि अपहरण का घटनाक्रम कुछ संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

पुलिस केस दर्ज कर अपहृत युवती की तलाश में जुटी है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

अमर उजाला 03/11/22

# मंदिर में पुलिस की मौजूदगी में प्रेमी युगल ने लिए सात फेरे

## पुलिस ने संबंध में बाधक बन रहे घरवालों को मनाकर कराई शादी

संवाद न्यूज एजेंसी



अन्नपूर्णा मंदिर में पुलिस की मौजूदगी में ब्याह रचाते प्रेमी युगल । संवाद

**बरहज।** थाना घाट स्थित अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में पुलिस की मौजूदगी में मंगलवार को प्रेमी युगल ने सात फेरे लिए। मौके पर दोनों के परिजनों ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बताया जा रहा है कि चार वर्ष से युगल के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन शादी में परिवार वाले आड़े आ रहे थे। पुलिकर्मियों ने दोनों परिवारों को समझाया, जिसके बाद वे शादी कराने के लिए तैयार हो गए।

मंगलवार को मोहांव गांव निवासी दिलीप विश्वकर्मा और रुद्रपुर कोतवाली के जंगल इमिलिहां निवासी उसकी प्रेमिका प्रीति विश्वकर्मा बरहज थाने पहुंचे। दोनों ने अपने को बालिग बताते हुए विवाह में परिवारवालों को रोड़ा बताया। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया। घंटों चली पंचायत के बाद बनी सहमति पर शाम को दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। मौके पर थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, अमरनाथ सोनकर, विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# प्रशिक्षण से पुलिसकर्मियों की निखरेगी दक्षता

## कार्यशाला आयोजित की गई, वर्ष 2015 में भर्ती पुलिसकर्मियों को किया जाएगा प्रशिक्षित

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** पुलिसकर्मियों का कार्यव्यवहार सुधारने, दक्षता को निखारने और अधिक सक्षम बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है।

मंगलवार को 'पुलिस की पाठशाला' प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ एसपी धवल जायसवाल ने किया। इसमें वर्ष 2015 के बाद भर्ती हुए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिसकर्मियों के बौद्धिक विकास, मानसिक और शारीरिक कार्यक्षमता, प्रोफेशनल स्किल और व्यक्तित्व विकास के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने वीवीआईपी/वीआईपी एवं कानून व्यवस्था से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटी के संबंध में जानकारी दी। इस कार्यशाला में आगे चलकर अतिरिक्त आर्थिक अपराध, कमजोर वर्ग, महिला उत्पीड़न, बाल अपराध, अनुसूचित जाति/जनजाति के विरुद्ध अपराध, विधि विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित जानकारी, साइबर क्राइम एवं कम्युनिटी पुलिसिंग तथा पुलिस बिहेवियर से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सीओ सदर कुंदन सिंह, सीओ यातायात उमेशचंद्र भट्ट, सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस सभागार में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी धवल जायसवाल। संवाद

## एसपी की बड़ी कार्रवाई, एसओ, दरोगा व दो सिपाही निलंबित

# खड्डा थाने के कार्यवाहक एसओ समेत चार निलंबित

पडरौना, निज संवाददाता। लापरवाही के मामले में कड़ा कदम उठाते हुए एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार की रात खड्डा थाने के कार्यवाहक एसओ, एक दरोगा एवं दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

खड्डा क्षेत्र के किसानों के केले का पैसा बाकी होने को लेकर केला व्यवसायी द्वारा खड्डा थाने में दर्ज कराये गये मुकदमे के सिलसिले में खड्डा थाने की पुलिस सोमवार की आधी रात को महराजगंज जिले के घुघली निवासी व्यक्ति को पकड़ने गयी थी। आरोपी के परिवार के लोगों ने उसी समय अभद्रता करने की शिकायत महराजगंज जिले के एसपी से की। वहां के एसपी के निर्देश पर मौके पर पहुंची घुघली थाने की पुलिस ने खड्डा पुलिस द्वारा अभद्रता किये जाने की जानकारी दी। महराजगंज के एसपी की शिकायत पर कुशीनगर एसपी धवल जायसवाल ने घटनाक्रम के बारे में सीओ खड्डा से जानकारी ली। पुलिस कर्मियों ने दबिश दिये जाने की जानकारी सीओ को ही नहीं दी थी। कार्यवाहक एसओ प्रमोद सिंह ने दबिश के लिए दरोगा पंकज सिंह के साथ सिपाही राहुल पांडेय एवं बृजेश यादव को वहां भेजा था। एसपी ने लापरवाही मानते हुए एसओ व सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया।

## एक मुकदमे के सिलसिले में गये थे घुघली

महराजगंज। केला व्यापारी का बकाया पैसा वापस दिलाने के लिए मंगलवार की भोर में खड्डा थाने का एक दरोगा पांच-छह लोगों के साथ घुघली कस्बे में आया। आरोप है कि वह घुघली में रहने वाले आरोपित के घर में घुस गया। परिवार की महिलाओं ने वीडियो बनाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। दरोगा को गाड़ी छोड़कर खिसकना पड़ा। वीडियो वायरल होने के बाद कुशीनगर के एसपी ने खड्डा के कार्यवाहक एसओ, एक दरोगा एवं दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

# कैश बॉक्स चोरी में पुलिस के हाथ खाली

फॉलोअप

- 26 अक्टूबर की रात गैस कटर से काटकर चोर चुरा ले गये थे कैश बॉक्स
- सुराग नहीं मिलने पर अंतरप्रांतीय गिरोह की तलाश में जुटी है पुलिस

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय कस्बे के हरिहरपुर में फोरलेन किनारे स्थित एसबीआई के एटीएम कैश बॉक्स चोरी के मामले में अभी भी पुलिस के हाथ खाली हैं। एटीएम कैश बॉक्स में मौजूद 21.54 लाख रुपये चोरी की घटना को लेकर मुकामी पुलिस इसके वर्कआउट के लिए काफी मेहनत कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना का सुराग हरियाणा व सीमावर्ती बिहार में मिलने के बाद पुलिस लोकल गिरोह के साथ ही अंतरप्रांतीय गिरोह के तलाश में जुटी हुई है। जबकि घटना का पर्दाफाश नहीं होने से व्यापारियों में काफी नाराजगी है। बीते 26 अक्टूबर की रात हरिहरपुर में फोरलेन के सर्विसलेन पर स्थित एसबीआई के एटीएम के कैश बॉक्स को गैस कटर से काटकर कैश बॉक्स को चोर चुरा ले गये थे। इस घटना के समय एटीएम के कैश बॉक्स में 21.54 लाख रुपये मौजूद थे। घटना की जानकारी होते ही मुकामी पुलिस सकते में आ गयी थी। मौके पर डीआईजी जे.रविन्द्र गौंड, एसपी धवल जायसवाल सहित पुलिस के आला अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेकर उसके पर्दाफाश के लिए कई टीमों को लगाया था। घटना को लेकर लापरवाही बरतने के आरोप में एक उपनिरीक्षक सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। बाद में स्थानांतरण के क्रम में तत्कालीन थानाध्यक्ष तमकुहीराज अश्वनी कुमार राय का तबादला करके यहां की कमान नीरज राय को सौंप दिया गया। पुलिस की तमाम जांच व प्रयास के बावजूद घटना के 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना को लेकर पुलिस लोकल गिरोह के साथ ही हरियाणा व बिहार में भी घटना के बाबत सुराग ढूंढ रही है। जबकि घटना के वर्कआउट में देरी होने से स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैये को लेकर काफी नाराजगी है। आरोप है कि मुकामी पुलिस घटना से सबक लेने के बजाय गश्ती करने में खानापूरी में लगी हुई है। मामले में सीओ जितेन्द्र सिंह कालरा का कहना है कि घटना के पर्दाफाश के लिए पुलिस टीमें लगी हुई हैं।

## एसपी की बड़ी कार्रवाई, एसओ, दरोगा व दो सिपाही निलंबित

# खड्डा थाने के कार्यवाहक एसओ समेत चार निलंबित

**पडरौना, निज संवाददाता।** लापरवाही के मामले में कड़ा कदम उठाते हुए एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार की रात खड्डा थाने के कार्यवाहक एसओ, एक दरोगा एवं दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

खड्डा क्षेत्र के किसानों के केले का पैसा बाकी होने को लेकर केला व्यवसायी द्वारा खड्डा थाने में दर्ज कराये गये मुकदमे के सिलसिले में खड्डा थाने की पुलिस सोमवार की आधी रात को महराजगंज जिले के घुघली निवासी व्यक्ति को पकड़ने गयी थी। आरोपी के परिवार के लोगों ने उसी समय अभ्रदता करने की शिकायत महराजगंज जिले के एसपी से की। वहां के एसपी के निर्देश पर मौके पर पहुंची घुघली थाने की पुलिस ने खड्डा पुलिस द्वारा अभद्रता किये जाने की जानकारी दी। महराजगंज के एसपी की शिकायत पर कुशीनगर एसपी धवल जायसवाल ने घटनाक्रम के बारे में सीओ खड्डा से जानकारी ली। पुलिस कर्मियों ने दबिश दिये जाने की जानकारी सीओ को ही नहीं दी थी। कार्यवाहक एसओ प्रमोद सिंह ने दबिश के लिए दरोगा पंकज सिंह के साथ सिपाही राहुल पांडेय एवं बृजेश यादव को वहां भेजा था। एसपी ने लापरवाही मानते हुए एसओ व सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया।

### एक मुकदमे के सिलसिले में गये थे घुघली

**महराजगंज।** केला व्यापारी का बकाया पैसा वापस दिलाने के लिए मंगलवार की भोर में खड्डा थाने का एक दरोगा पांच-छह लोगों के साथ घुघली कस्बे में आया। आरोप है कि वह घुघली में रहने वाले आरोपित के घर में घुस गया। परिवार की महिलाओं ने वीडियो बनाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। दरोगा को गाड़ी छोड़कर खिसकना पड़ा। वीडियो वायरल होने के बाद कुशीनगर के एसपी ने खड्डा के कार्यवाहक एसओ, एक दरोगा एवं दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

# लूट का लगाया आरोप फिर किया समझौता

हाटा। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत भिस्वा बाजार निवासी एक हार्डवेयर दुकानदार ने आपसी विवाद में हुई मारपीट में अपने दुकान में साढ़े तीन लाख रुपए लूटने का आरोप गांव के ही कुछ लोगों पर लगाया। उसका वीडियो उसने रात में ही डीआईजी को ट्वीट कर दिया।

हाटा कोतवाली क्षेत्र के भिस्वा बाजार निवासी सोनू जायसवाल की भिस्वा चौराहे के पास समर बिल्डिग मैटेरियल की दुकान है। सोनू ने डीआईजी को ट्वीट किया कुछ युवकों ने उसके वाहन चालक से मारपीट की दुकान में घुस कर रुपयों में से तीन लाख पचास हजार रुपया लूट ले गए।

# छापेमारी कर पुलिस टीम ने नष्ट की कच्ची शराब

**खड्डा।** आबकारी विभाग व खड्डा थाने की पुलिस की संयुक्त टीम ने रेता क्षेत्र के ग्राम महदेवा में छापेमारी कर लहन व कच्ची शराब बरामद कर उसे मौके पर नष्ट किया। इस कार्रवाई से कच्ची शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। एसपी धवल जायसवाल द्वारा कच्ची शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक अनिल सिंह सालिकपुर पुलिस चौकी के सिपाही राहुल अत्री, सौरभ सिंह के साथ थाना क्षेत्र के महदेवा में छापेमारी की।

# ओवरलोड का वीडियो वायरल, ट्रक सीज

- कसया स्थित फोरलेन का मामला
- एआरटीओ ने आरोपों को मनगढ़ंत बताया

**पडरौना, निज संवाददाता।** कसया स्थित फोरलेन पर ओवरलोड एक ट्रक चालक का वीडियो वायरल होने पर विभाग के जिम्मेदारों ने संबंधित ट्रक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुये ट्रक को सीज कर दिया है। हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुये ट्रक को सीज कर दिया है। एआरटीओ ने ओवरलोड गाड़ियों का संचालन बंद होने पर इस वीडियो को मनगढ़ंत आरोप करार दिया है।

सोशल मीडिया समेत विभिन्न ग्रुप में एक ट्रक चालक का वीडियो जिले में वायरल हो रहा है। इसमें ट्रक चालक जिम्मेदारों पर ओवरलोड गाड़ियों से प्रति माह चार हजार रूपये लेकर एक कोड जारी करने का आरोप लगा रहा है। वीडियो में उस कोड के बारे में पूछने पर ट्रक चालक किसी से फोन पर कोड पूछ कर बताता है कि सिस्टम की गाड़ी बताने पर गाड़ी की जांच नहीं होती। वीडियो में ट्रक पर गिट्टी लदा दिख रहा है। वीडियो वायरल होने पर कुशीनगर का एआरटीओ कार्यालय हरकत में आया। एआरटीओ मुहम्मद अजीम ने बताया कि छुट्टी पर होने के कारण देवरिया एआरटीओ ने कसया नेशनल हाइवे के आगे से उस ट्रक को पकड़कर सीज कर दिया है। इस बीच लगातार ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा गया है। इसके अलावा एक दूसरे जनपद में अधिकारियों को भेजकर क्रास चेकिंग कराई गई है। इसमें कुशीनगर में 15 गाड़ियों को पकड़ा गया है। इनमें चार वाहनों को सीज किया गया है। बिहार से आने वाले ओवरलोड मोरंग बालू वाली गाड़ियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में ट्रक मालिक चालक के माध्यम से मनगढ़ंत आरोप लगाकर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जायेगा। जिले में ओवरलोड वाहनों के पर अभियान चलाकर इसे पूरी तरह बंद किया जायेगा।

# पुलिस पाठशाला में कार्य दक्षता का दिया प्रशिक्षण

**पडरौना, निज संवाददाता।** रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में मंगलवार को पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक सक्षम सशक्त, अनुशासित रहने तथा कार्यशैली में दक्षता उन्नयन के लिए प्रशिक्षित किया गया।

पाठशाला का शुभारंभ एसपी धवल जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंगलवार से शुरू हुए इस पाठशाला में वर्ष 2015 में भर्ती होने के बाद जनपद कुशीनगर में नियुक्त समस्त महिला एवं पुरुष आरक्षियों को सभी तरह के अनुसंधान एवं विभिन्न विषयों पर सीओ, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों एवं अन्य शाखा प्रभारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने वीवीआईपी, वीआईपी एवं कानून व्यवस्था से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों के दौरान ड्यूटीरत कर्मियों के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में अपराधों में त्वरित कार्रवाई व इनमें वैज्ञानिक साक्ष्यों का उपयोग कर विवेचना को और बेहतर व गुणात्मक तरीके से करने, अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस कर्मियों की दक्षता उन्नयन, फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व एवं अनुसंधान में इनका उपयोग किस प्रकार किया जाए।

## पीड़िता की बेटी का शांतिभंग में किया चालान

**नेबुआ नौरंगिया।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव के पुरंदर छपरा टोला में एक बुजुर्ग महिला को तीन महिलाओं द्वारा मारपीटकर घायल कर दिया गया। पीड़िता जब न्याय के लिए थाने पहुंची तो पुलिस ने पीड़िता की पुत्री को ही शांतिभग में चलान कर दिया। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खजुरिया के पुरंदर छपरा टोला में सोमवार को भूमि विवाद में गांव की तीन महिलाओं ने बुजुर्ग सहिबन को मारपीट कर घायल कर दिया।

# मारपीट में 18 के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, मेलानगरी :** पडरौना कोतवाली के मइला गांव में बीते दिनों हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। गांव निवासी मंजूर आलम व अख्तर के बीच काफी समय से भूमि विवाद चला आ रहा है। बीते 29 अक्टूबर की रात आठ बजे इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें तीन महिलाएं समेत दोनों पक्षों के 11 लोग घायल हुए थे। एक पक्ष के मंजूर आलम ने सोमवार को तहरीर दी। जिसपर अख्तर शाह, अशफाक, कामरान, नाशरीन, अनवरी, महमूद आलम व हकीम समेत सात आरोपितों के विरुद्ध बलवा प्राणघातक हमला मामला दर्ज कर लिया। दूसरे पक्ष के अख्तर की तहरीर पर मंजूर, वशीरून, अफरोज, सन्नो, रहमतुल्लाह, नजरीन, जफरूद्दीन, अशोक, मुकेश, रामाश्रय व अतिउल्लाह सहित 11 व्यक्तियों पर मुकदमा पंजीकृत किया है।



पुलिस लाइन में दीप प्रज्वलित कर पुलिस की पाठशाला का शुभारंभ करते बीच में एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

# कार्य व दायित्व के प्रति हमेशा सजग रहें पुलिस कर्मी : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि कानून व्यवस्था से हर नागरिक प्रभावित होता है और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस के कंधे पर होती है। हमें अपने कार्य व दायित्व के प्रति हमेशा सजग होना चाहिए। कार्य के दौरान छोटी सी चूक या लापरवाही अपराधी के बचाव में सहायक हो सकती हैं। विपरित परिस्थितियों में भी धैर्य व संयम के साथ अपने लक्ष्य पर डटे रहना ही पुलिस की पहली ड्यूटी है। वे मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पुलिस की पाठशाला विषयक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला एक दिसंबर तक चलेगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां आती हैं। हर परिस्थिति में सूझ-बूझ का परिचय देकर समस्या का श्रेष्ठ समाधान करना ही हर पुलिसकर्मी की प्रमुखता होनी चाहिए। हमेशा सकारात्मक सोचने, समझने से अंदर सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। कानून-व्यवस्था से जुड़ी तथा वीआइपी ड्यूटी के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि घटना होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही गुणात्मक आधार पर आवश्यक साक्ष्य व तथ्य संकलित करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए घटना के हर पहलू की बारीकी से छानबीन आवश्यक है। ताकि किसी भी स्तर पर चूक या लापरवाही की संभावना न रहे। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि अपराध के बदलते तौर-तरीकों में फारेंसिक साक्ष्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साक्ष्य इकट्ठा करते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने डीएनए परीक्षण के बारे में जानकारी दी। इसमें आर्थिक अपराध, कमजोर वर्ग, महिला उत्पीड़न, बाल अपराध, अनुसूचित जाति, जनजाति के विरुद्ध अपराध, विधि विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित जानकारी, साइबर क्राइम एवं कम्युनिटी पुलिसिंग तथा पुलिस व्यवहार की जानकारी दी गई। सीओ यातायात उमेशचंद्र भट्ट, टीएसआइ सत्य सान्याल शर्मा, आरआइ रूपेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लूट की झूठी सूचना देने पर शांतिभंग में किया चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

हाटा। हाटा कोतवाली के भीष्वा बाजार चौराहे के एक दुकानदार ने सोमवार की रात साढ़े तीन लाख रुपये लूट की सूचना देकर सनसनी फैला दी। पुलिस को सूचना देने के बाद उसने ट्वीटर पर मामले की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो मामला मारपीट का सामने आया। इसके बाद पुलिस ने दुकानदार का शांतिभंग में चालान कर दिया।

सोमवार की रात साढ़े नौ बजे हाटा कोतवाली क्षेत्र के भीष्वा बाजार निवासी हार्डवेयर दुकानदार सोनू जायसवाल ने सूचना दी। उसने पुलिस को बताया कि दुकान में घुसकर बदमाश साढे तीन लाख रुपये लूट ले गए हैं। पुलिस को सूचना देने के साथ ही उसने इसे ट्वीट करा दिया। लूट की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हरकत में आई पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि गांव के ही कुछ युवकों संग दुकानदार के वाहक चालक ने मारपीट की है।

## मारपीट की घटना को लूट का रंग देने की हुई थी कोशिश

पुलिस ने जब दोनों पक्षों से जानकारी ली तो लूट की बात झूठ निकली। बाद में दुकानदार ने अपनी गलती मानते हुए पुलिसकर्मियों से माफी मांगी। इस हरकत पर पुलिस ने दुकानदार और मारपीट में शामिल युवकों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# चोरी के मामले में दो पर केस

पिपरा बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पचफेड़ा चौराहे पर स्थित थोक विक्रेता फल की दुकान से दो मजदूरों ने पांच लाख रुपये की चोरी कर ली। सीसीटीवी फुटेज में मजदूरों की करतूत कैद होने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। मंगलवार को केस दर्ज करके पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

नेबुआ नौरंगिया थाना के पचफेड़ा गांव के महेंद्र गुप्ता की गांव के चौराहे पर थोक फल की दुकान है। इसमें गांव के ही दो नाबालिग मजदूरी का काम करते थे, दुकान से लगातार पैसा गायब होने पर दुकानदार परेशान हो गए। शनिवार को उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। इसमें दोनों किशोर 17 बार पैसा गल्ले से चुराते नजर आ रहे हैं। दुकानदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। संवाद

# छुट्टी के दिन एसपी कार्यालय पहुंची फरियादी, एसपी ने सुनी बात

**पडरौना।** गुरू नानक जयंती की छुट्टी के दिन एक फरियादी एसपी कार्यालय पहुंच गई। पुलिस लाइन में पुलिस की पाठशाला में हिस्सा ले एसपी ने कार्यालय पहुंचकर फरियादी की बात सुनकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंगलवार को एसपी कार्यालय में तमकुहीराज थाना क्षेत्र की पीड़ित महिला पहुंची। उसने एसपी से मिलकर उनको प्रार्थना पत्र दिया। महिला ने कहा कि 11 अक्तूबर को गांव के तीन युवकों ने उसकी भतीजी से छेड़खानी की, जिसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया। आरोप है कि तहरीर देने पर पुलिस ने 22 अक्तूबर को छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन आगे की जांच नहीं की जा रही है। संवाद

# रुपये लेकर ओवरलोड ट्रक चलवाने का वीडियो वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। एनएच -28 पर खड़े एक ट्रक चालक का वीडियो मंगलवार की सुबह वायरल हुआ। इसमें ट्रक चालक ने चार हजार रुपये माह पर ओवरलोड वाहन चलाने की अनुमति देने की बात कही है। ट्रक ड्राइवर कह रहा है कि एआरटीओ रुपये लेकर कोड जारी करते हैं।

वायरल वीडियो के मुताबिक एनएच-28 पर गिट्टी लेकर खड़े एक ट्रक चालक से एक व्यक्ति जानकारी ले रहा है। इसमें ट्रक चालक बता रहा है कि कुशीनगर एआरटीओ चार हजार रुपये लेकर ओवरलोड ट्रक चलवाते हैं। ट्रक चालक ने बताया कि कुशीनगर एआरटीओ रुपये लेकर ओवरलोड ट्रक ड्राइवरों को कोड देते हैं। इस कोड का नाम सिस्टम की गाड़ी है। कहीं पकड़े जाने पर चालक इस कोड को बोलता है, जिसके बाद गाड़ी छोड़ दी जाती है। इस वीडियो को प्रदेश सरकार के मंत्री को ट्वीट करते हुए जांच की मांग भी उठी है।

## आरोप- चार हजार रुपये लेकर ओवरलोड ट्रक चालकों को दिया जाता है कोड

चालक की तरफ से उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। यातायात माह के दौरान ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इससे बौखलाए कुछ ट्रक चालक इस तरह का आरोप लगा रहे हैं। आरोप लगाने वाले ट्रक चालक के खिलाफ भी ओवरलोडिंग में कार्रवाई की गई है।

**- मोहम्मद अजीम, एआरटीओ**

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# ससुराल से लौटी, प्रेमी के साथ मंदिर में रचाई शादी

**परतावल।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुराल से लौट कर आई नव विवाहिता प्रेमी संग फरार हो गई थी। मंगलवार को प्रेमी संग मंदिर में शादी रचा ली। इस मामले में पिता ने परतावल चौकी पुलिस को तहरीर दी थी।

युवती की शादी बीते 25 अक्तूबर को हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल चली गई। युवती बगल के गांव के एक युवक से प्यार करती थी। शादी के बाद प्रेमी युवती के ससुराल जाकर हंगामा किया था। इसके बाद युवती का पिता बेटी को विदा कराकर घर लाया था, जहां से युवती अपने प्रेमी संग फरार हो गई थी। मामले में युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि आरोपित युवक उसके बेटी के साथ अक्सर छेड़खानी करता रहता था। परेशान भी करता था। बेटी घर से पचास हजार रुपये, गहना व मोबाइल लेकर गई थी।

# अंतिम संस्कार हुआ तो प्रशासन को मिली राहत

- कंबाइन संचालक का शव सोमवार को गांव पहुंचा
- गांव में तैनात थी फोर्स गतिविधियों पर थी नजर

**नौतनवा/खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सोनौली क्षेत्र के हरदी डाली गांव निवासी कंबाइन संचालक अशर्फी लाल गुप्ता का शव सोमवार की देर शाम जब गांव पहुंचा तो पूरा गांव गमगीन हो उठा।

हर तरफ चीख-पुकार की आवाज सुनाई देने लगी। मृतक के घर के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे। मृतक का अंतिम संस्कार रात में ही होना तय था, लेकिन मंगलवार की सुबह परिजनों ने अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। इसके बाद से ही पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे। मौके की नजाकत को समझते हुए पुलिस प्रशासन ने नौतनवां सर्किल के सभी थानों की फोर्स की तैनाती कर रखी थी। जबकि सीओ अनुज कुमार सिंह व एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा गांव की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे।

मंगलवार की सुबह जब अंतिम संस्कार हो गया, तब प्रशासन ने राहत की सांस ली। कंबाइन संचालक अशरफी लाल गुप्ता की बीते रविवार की शाम अचानक तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसको लेकर ग्रामीण अस्पताल के बाहर घंटों हंगामा करते रहे। ग्रामीणों का आरोप था कि तहसील प्रशासन के एक जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा डांट फटकार के अलावा कार्रवाई की धमकी दी गई थी, जिसके बाद से तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।

# चोरी के सामान के साथ पकड़े गए तीन आरोपियों को जेल



सिन्दुरिया क्षेत्र के ग्राम देउरवा स्थित कॉलेज से चोरी गए सामानों के साथ पकड़े गए आरोपी और पुलिस टीम।

**चिउटहा, हिन्दुस्तान संवाद।** सिन्दुरिया क्षेत्र के ग्राम देउरवा स्थित जयप्रकाश इंटर कॉलेज से दीपावली की रात में चोरी गए सामानों को मंगलवार को सिंदुरिया पुलिस ने कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम मोजरी से बरामद किया है।

इस दौरान पुलिस ने घटना में शामिल तीन युवकों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूचना पर एसओ सिन्दुरिया नासिर हुसैन ने अपने साथ एसआई अंकित सिंह, दीपचंद , फैज खान और अवधबिहारी को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए। जहां तीन युवकों को पुलिस ने इन्वर्टर बैट्री, इन्वर्टर, सीपीयू आदि सामान के साथ पकड़ लिया।तीनों युवकों ने अपना नाम क्रमशः संतोष गौड़ और प्रेमसागर प्रजापति दोनो निवासी ग्राम मोजरी तथा गंगेश कन्नौजिया निवासी विशुनपुरा मोजरी थाना कोठीभार बताया है। चोरी के मामले में पूर्व में दर्ज मुकदमें में पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है। चोरी का खुलासा करते हुए सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य ने बताया कि दीपावली की रात में हुई चोरी के सामान के साथ तीन आरोपी पकड़े गए हैं।

# दुष्कर्म के आरोपी को किशोरी ने बताया दोस्त

अड्डा बाजार। नौतनवा क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के पिता के आरोप के आधार पर पुलिस द्वारा तहरीर बदलवाने और दुष्कर्म के आरोप में कई दिनों तक पंचायत के आरोप के मामले में एक नया मोड़ आ गया है।

किशोरी ने अपने बयान में आरोपी को अपना दोस्त बता दिया और उससे पहले से ही फोन पर बाचतीत करने व उसके साथ व घर स्वेच्छा से आने जाने की बात कही। किशोरी ने अपने पिता की तहरीर को झूठा बताया और परिवार व गांव के अन्य व्यक्तियों द्वारा खुद पर दबाव देने की बात कही। नौतनवां एसओ ने बताया कि लड़की ने अपने बयान में आरोपी को दोस्त बताया है।

# आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ शिकायत

चिउटहा। सिन्दुरिया क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर एकडंगा स्थित पंचायत भवन पर कुछ लोगों द्वारा बार-बार आपत्तिजनक पोस्ट लिखा जा रहा है। आरोप है कि एक महापुरुष के चित्र पर कालिख पोता जा रहा है। गांव के प्रधान अमेरिका ने पुलिस को एक लिखित शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# आठ बोरी खाद के साथ दो बाइक बरामद

**भगवानपुर।** परसामलिक के रेहरा नेपाल बार्डर से पुलिस ने गस्त के दौरान तस्करी की आठ बोरी खाद व दो बाइक बरामद किया। कार्रवाई के बाद खाद व बाइक को कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। परसामलिक थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल हृदयानन्द त्रिपाठी, धन्नू कुमार यादव, कांस्टेबल राहुल कुमार गोड मंगलवार को नेपाल सीमा के रेहरा नाका की तरफ गस्त करने गए थे।

# 50 बोरी खाद संग 13 को किया गिरफ्तार

**नौतनवा।** नौतनवा पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न जगहों से 50 बोरी खाद के साथ 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसओ सत्य प्रकाश सिंह का कहना है कि खाद की बोरी साइकिलों पर लादकर नेपाल की सीमा में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। तभी इन्हें हिरासत में लिया गया है।

# तस्करी की 50 बोरी खाद के साथ 13 हिरासत में

**जासं, नौतनवा**: नौतनवा पुलिस ने मंगलवार को गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से 13 लोगों को 50 बोरी खाद की तस्करी करते पकड़ा। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पकड़े गए लोग खाद के संबंध में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। बरामद खाद में 42 बोरी यूरिया, छह बोरी डीएपी, दो बोरी जिंक, 10 साइकिल व दो बाइक शामिल है। खाद नौतनवा में कस्टम विभाग को सौंप दी गई है।

**30 शीशी नेपाली शराब के साथ महिला गिरफ्तार** : महराजगंज, बरगदवा थाने की पुलिस ने मंगलवार को बरगदवा गांव निवासी तारा देवी को 30 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

**शांतिभंग में छह लोग पाबंद**

महराजगंजः चौक थाने की पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न मामलों में छह लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

**120 वाहनों का चालान** : जिला पुलिस ने मंगलवार को यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में 120 वाहनों का चालान किया है। आठ वाहनों से 3500 रुपये जुर्माना भी वसूल किया है।

# अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ अंतिम संस्कार

- कंबाइन संचालक अशर्फी लाल की मृत्यु के बाद गांव में हो गया था तनाव
- पोस्टमार्टम के बाद मुकदमा न दर्ज करने पर मृतक के स्वजन में है असंतोष



डंडा नदी घाट पर मौजूद पुलिस कर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व स्वजन ● जागरण

**जासं, नौतनवा :** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव निवासी अशर्फी लाल गुप्ता का अंतिम संस्कार मंगलवार की सुबह डंडा नदी पर एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र व पुलिस की मौजूदगी में किया गया। गांव में बीते दो दिन से पुलिस तैनात थी। मृतक के स्वजन पोस्टमार्टम के बाद भी मुकदमा न दर्ज किए जाने से असंतुष्ट हैं।

रविवार की शाम कंबाइन संचालक अशर्फी लाल गुप्ता की मृत्यु हो गई थी। स्वजन ने नायब तहसीलदार पर कंबाइन मशीन संचालक से जुर्माना के तौर पर 50 हजार रुपया मांगने का आरोप लगाया था। आरोप यह भी था कि रकम मांगने के बाद तहसील परिसर में ही अशर्फी के सीने में तेज दर्द हुआ। इसके बाद उन्हें पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण व स्वजन ने न्याय की मांग करते हुए सड़क पर शव रख हंगामा शुरू कर दिए। मौके पर पहुंचे सीओ अनुज कुमार सिंह ग्रामीणों को समझा-बुझाकर लौटा दिए। शव जैसे ही गांव में लाया गया तो गांव के एक व्यक्ति के घर पर दर्जनों लोग लाठी-डंडा लेकर धावा बोल दिए। जिसके घर हमला हुआ उसने हमले का आरोप मृतक के स्वजन पर लगाया है। मामला तनाव पूर्ण होता देख सीओ अनुज कुमार सिंह व थानाध्यक्ष महेंद्र यादव पुलिस के साथ गांव में मौजूद रहे, अशर्फी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे। दोनों पक्ष को लगातार दो दिन समझाबुझाकर तनाव को शांत कराए। थानाध्यक्ष महेंद्र यादव का कहना है कि माहौल शांत करा कर शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। शिकायतों की जांच की जा रही है।

## एसपी से विवेचना अधिकारी को हटाने की मांग

**जासं, आनंदनगर :** सिधवारी निवासी प्रहलाद चौरसिया ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर विवेचना अधिकारी बदलने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि उसके पिता की हत्या एक हास्पिटल के चिकित्सकों ने की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना अधिकारी बार-बार सुलह कराने का प्रयास कर रहे हैं।

# इंटर कालेज में चोरी का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, चिउटहां** : दीपावली की अगली रात 25 अक्टूबर को जय प्रकाश इंटर कालेज भेड़िया में हुई चोरी का सिंदुरिया पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपितों ने चोरी का सामान गांव के कब्रिस्तान में गड्ढा खोदकर छिपाया था। पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

मंगलवार को थाने पर प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी। बताया कि चिउटहां क्षेत्र के भेड़िया स्थित जयप्रकाश इंटर कालेज में 25 अक्टूबर की रात ताला तोड़कर कंप्यूटर, मानीटर, इन्वर्टर, बैट्री, कैमरा, माऊस, एलसीडी टीवी व नकदी चोरी हुई थी। मामले में प्रबंधक मानवेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। सीसी कैमरे के डीवीआर में एक आरोपित की फुटेज कैद हो गई थी। फुटेज और अन्य साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने मोजरी गांव निवासी संतोष गौड़, प्रेमसागर उर्फ छोटेलाल प्रजापति और विशुनपुरा गांव निवासी गनेश प्रजापति को गिरफ्तार किया। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में सिंदुरिया के थानाध्यक्ष नासिर हुसैन, चिउटहां चौकी प्रभारी अंकित सिंह, मुख्य आरक्षी फैज खान, दीपचंद सोनकर, अवधबिहारी, चंद्र भूषण तिवारी, नसरुद्दीन खान व कमलेश पाल शामिल रहे।

# डूब रहे तीन किशोरों में से दो बचाए गए

**जागरण संवाददाता, पनियरा** : पनियरा व गोरखपुर के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बीच रोहिन नदी के भौराबारी पुल के समीप कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान कर रहे तीन किशोर डूब गए। दो को ग्रामीणों ने बचा लिया जबकि एक किशोर लापता हो गया है। पुलिस के साथ गोताखोरों की टीम लापता किशोर की तलाश कर रही है।



लापता किशोर कृष्ण ● फाइल फोटो

**लापता एक किशोर की तलाश करा रही पुलिस, कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर भौराबारी पुल के पास स्नान करने गए थे तीनों किशोर**

मंगलवार की सुबह सात बजे ग्राम पंचायत रामनगर थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर के रहने वाले 14 वर्षीय कृष्ण जायसवाल, 12 वर्षीय हिमांशु यादव व 14 वर्षीय अभिषेक यादव रोहिन नदी के भौराबारी घाट पर नहाने गए थे। स्नान के दौरान तीनों डूबने लगे। आसपास स्नान कर रहे लोगों ने दो किशोरों को बचा लिया जबकि कृष्ण जायसवाल गहरे पानी में डूब जाने से लापता हो गए। सूचना मिलते ही पनियरा थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से लापता किशोर की तलाश शुरू करा दी। देर शाम तक किशोर का पता नहीं चल सका था। मौके पर सदर एसडीएम मो. जसीम व सदर सीओ अजय सिंह चौहान भी पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि लापता किशोर की नदी में तलाश की जा रही है।

# 50 बोरी उर्वरक के साथ 13 लोग पुलिस की गिरफ्त में

नौतनवां। पुलिस क्षेत्र में मंगलवार को गश्त कर रही थी। इस दौरान साइकिल, बाइक पर उर्वरक लादकर नेपाल की तरफ जा रहे 13 लोगों को गिरफ्तार नौतनवां कस्टम को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त कर रही थी, इस दौरान साइकिल और बाइक पर उर्वरक लेकर कुछ लोग नेपाल की तरफ जा रहे थे। सभी लोगों को रोककर पूछताछ की गई। इस दौरान 46 बोरी यूरिया, छह बोरी डीएपी तथा दो बोरी जिंक बरामद की गई। सवाद

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

मिठौरा/सिंदुरिया। पुलिस टीम ने चोरी की इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। क्षेत्राधिकारी निचलौल सूर्यबली मौर्य ने बताया कि आरोपी संतोष गौड़, प्रेम सागर निवासी मोजरी व गंगेश कन्नौजिया निवासी विशुनपुरा मोजरी, थाना कोठीभार को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर बैट्री, इनवर्टर, स्पीकर छोटा, दो माउस, प्रिंटर, मानीटर, की-बोर्ड आदि बरामद हुआ। संवाद

# उर्वरक एवं चावल बरामद

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी चंडीथान के जवानों ने गश्त के दौरान मुड़िला गांव के पास से चार बोरी यूरिया, एक बोरी डीएपी खाद, 14 बोरी चावल, एक बाइक, तीन साइकिल जब्त की। मामले में एक नेपाली युवक को पकड़ा गया है। पूछताछ में उसने अपना नाम कमलेश कुर्मी निवासी मर्चवारी माई गांव पालिका के वार्ड नंबर 3 पिपरहवा थाना मधुबनिया जिला रूपनदेही नेपाल बताया है। बरामद सामान को नौतनवां कस्टम को सौंपा गया है। यह जानकारी सशस्त्र सीमा बल चंडीथान के

# नेपाली शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**बरगदवां।** बरगदवां पुलिस ने गश्त के दौरान मंगलवार की दोपहर एक महिला को 30 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि मंगलवार को भारत-नेपाल सीमा के पंजाबी मुर्गी फार्म के पास तारा देवी नामक महिला बोरी के साथ आती दिखाई दी। पुलिस को देखते ही बोरी फेंक भागने लगी तो महिला पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।

बोरी से 30 शीशी नेपाली शराब बरामद हुआ। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद



हरदी डाली गांव के अशर्फी गुप्ता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए एसडीएम दिनेश मिश्र तथा तहसीलदार अरविंद श्रीवास्तव व अन्य। संवाद

# अशर्फी का हुआ अंतिम संस्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव के मृतक अशर्फी गुप्ता का अंतिम संस्कार नौतनवां खनुआ मार्ग पर स्थित डंडा नदी घाट पर हुआ।

अशर्फी गुप्ता का शव सोमवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद गांव आया। तहसील प्रशासन तथा पुलिस रात में ही अंतिम संस्कार कराना चाह रहा था, लेकिन रात होने के कारण परिजन अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मृतक के घर तथा आस पास पूरी रात सोनौली कोतवाली पुलिस मौजूद रही। मंगलवार सुबह तहसील प्रशासन तथा पुलिस की मौजूदगी में डंडा नदी में अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक के बड़े बेटे प्रभु दयाल गुप्ता ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर सोनौली थानाध्यक्ष महेंद्र यादव, भगवान पुर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह, सोनौली चौकी प्रभारी मनीषा सिंह, खनुआ चौकी प्रभारी रामरतन यादव मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# सात के खिलाफ दहेज हत्या का केस

**दुबौलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छपिया मलिक निवासी विवाहिता के मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई के तहरीर पर पति समेत सात लोगो के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 304बी आईपीसी तथा 3/4 दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना कलवारी के पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय चौहान कर रहे है। गौरतलब है कि छपिया मलिक निवासी 32 वर्षीया कौशिल्या देवी पत्नी चन्द्रप्रकाश का शव रविवार को छत की कुण्डी से लटकता हुआ पाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेजा था। फोरेंसिक टीम ने भी जायजा लेते हुए आवश्यक साक्ष्य इकट्ठा किया। मृतका के भाई लाल गंज थाना क्षेत्र के कम्हरिया निवासी दिलीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर पति चन्द्रप्रकाश, ससुर केशवराम, सास सफारी देवी, देवर भीम, ननद गुड्डी, मुन्नी एवं शोभा पर दहेज के लिए कौशिल्या की हत्या का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सातो के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या एवं दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू किया।

# कार्तिक पूर्णिमा : विभिन्न घाटों पर लगी श्रद्धा की डुबकी

**हर्रैया (एसएनबी)**। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सरयू, मनोरमा तथा राम रेखा नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान-पुण्य किया। कई स्थानों पर लगे मेले में लोगो ने जमकर खरीददारी किया। पुलिस घाटो की निगरानी में पूरे दिन मुस्तैद रही।

मनोरमा नदी के मखौडा धाम घाट, कोहराएं, बैरवा, कस्बे के बरई घाट, मनोरमा घाट, शिवाला घाट, सम्मय माता घाट, कसैला सहित तमाम स्थालो पर श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगायी। इसके बाद लोगो ने अन्न आदि दान किया। छावनी प्रतिनिधि के अनुसार राम रेखा एवं सरयू नदी के विभिन्न घाटो पर भोर से ही स्नान करने के लिए श्रद्धालुओ का ताता लगा रहा। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय अपनी टीम के साथ विभिन्न घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। विक्रमजोत प्रतिनिधि के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कल्याणपुर, मुडेरीपुर आदि घाटों पर लोगो ने स्नान कर दान पुण्य किया। चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश मिश्र ने घाटों का जायजा लेते हुए मातहतो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। घाटो पर लगे मेले मे लोगो ने जमकर खरीददारी किया। बच्चे जहां खिलौने एवं मिठाई खरीदते नजर आए वहीं परिवार के अन्य सदस्यो ने जरूरत की वस्तुओ की खरीददारी किया। दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के पारा, चांदपुर, शेरवाघाट आदि स्थानो पर श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगायी। लोगो ने अन्न एवं गो दान किया तथा सरयू माता को कढाई चढाया। थानाध्यक्ष संजय कुमार अपने हमराहियो के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे।





हर्रैया : ठोकर नंबर दस पर स्नान करते लोग व टिनिच में गौदान करते श्रद्धालु। फोटो : एसएनबी

**टिनिच प्रतिनिधि** के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर क्षेत्र केबाराह क्षेत्र, महादेवा घाट पर श्रद्धालुओं ने कुआनों नदी केपवित्र जल में स्नान ध्यान कर गौ, अन्न, वस्त्र दान कर पुण्य के भागीदार बने। इस अवसर पर मेले का आयोजन भी हुआ जिसमें लोगो ने जमकर खरीदारी की। शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनेकेलिए स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर मौजूद रहकर लोगो का सहयोग किया।कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को सुबह धार्मिक व पौराणिक स्थल बाराह क्षेत्र कुंड में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। दान पूजा अर्चना व गोदान करने के बाद श्रद्धालुओं ने वर्षो से परम्परागत लग रहे मेले का भी लुफ्त उठाया। आयोजित मेले में क्षेत्र के आस पास के लोग लकड़ी, मिट्टी से बने खिलौने, बर्तन तथा मिठाईयां खरीदी। यहां दो जगहों पर कुआनों नदी तट पर मेला लगता है। जिसमे महादेवा शिव मंदिर में भी लोगों की भारी भीड़ लगी। इस अवसर पर शासन प्रशासन की तरफ से गौर थाना अध्यक्ष बृजेश पटेल व टिनिच पुलिस चौकी प्रभारी रामभवन प्रजापति, अनिल कुमार पांडे, प्रिंस सहित अन्य पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात होकर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखे।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगे पैसे, केस

**बस्ती ।** लालगंज थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी हरीराम पुत्र लाल बहादुर को दुबई भेजने के नाम पर संजय कुमार ने पैसे लिये थे। लेकिन विदेश नही भेज पाये। जिसपर जब वह अपना पैसा मांगता था तो आरोपी द्वारा हिला हवाली किया गया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे जब्त कर लिये। मामले में पीड़ित ने माननीय न्यायालय के दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद माननीय न्यायालय ने लालगंज पुलिस को आदेश देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने को कही। वहीं पुलिस ने न्यायालय के आदेशो का पालन करते हुए आरोपी संजय पुत्र रामकेवल निवासी सुकरौली थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 419, 420, 406, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# खाते से उड़ाये अस्सी हजार, मुकदमा

**बस्ती ।** धोखाधड़ी कर जालसाज ने एक खाते से हजारो रूपये की निकासी कर लिया। जानकारी होने पर खाता धारक की तहरीर के बाद मुण्डेरवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानान्तर्गत बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर रेवटी में ज्ञान प्रकाश अग्रहरि का खाता संचालिता होता है। जिसमें से अज्ञात आरोपी द्वारा आठ बार में करके कुछ अस्सी हजार रूपये धरनाशि की निकासी कर लिया। मामले में खात धारक ज्ञान प्रकाश अग्रहरि पुत्र परमेश्वर प्रसाद निवासी बोदवल बाजार थाना मुण्डेरवा की तरीर पर पुलिस ने अज्ञात जालसाज के विरुद्ध धारा 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वाहन की ठोकर से व्यक्ति की मौत, केस

**बस्ती** । तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो जाने के कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बहडिलिया स्थित तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 51 एएच/ 0811 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सत्य नरायण तथा विकास को ठोकर मार दिया। जिससे सत्य नरायण गम्भीर रूप से जख्मी हो गये और उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतक की पत्नी पिन्की पत्नी सत्य नारायण निवासी परसा कुहकुह थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक पर धारा 279, 337, 338, 304ए आईपीसी एवं व 184 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# धरना के दौरान दो छात्र नेताओं का गुट आपस में भिड़ा, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। एपीएन पीजी कालेज के सामने धरना देने के दौरान छात्र नेताओं का दो गुट आपस में भिड़ गया, जिसके बाद दोनो तरफ से जमकर मारपीट हुई। मामले में कोतवाली पहुंचा तो पुलिस ने क्रास केस दर्ज करने की कार्यवाही किया है।

कोतवाली क्षेत्र के एपीएन पीजी कालेज के सामने परीक्षा परिणाम सही कराने के लिए धरना प्रदर्शन करते समय प्रशान्त मिश्रा को विकास त्रिपाठी व विशाल त्रिपाठी अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित प्रशान्त मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा निवासी हरैया मिश्र पोस्ट कोरणा पाण्डेय थाना पुरानी बस्ती हाल मुकाम तुरकहिया थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विकास त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी पुत्रगण राजन त्रिपाठी तथा 15 से 20 अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 147, 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष के विकास त्रिपाठी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी निवासी अमहरी पोस्ट भेलवा थाना कोतवाली ने भी आरोप लगाया कि एपीएन पीजी कालेज कैम्पस में धरना प्रदर्शन के दौरान विपक्षीगण द्वारा उन्हे व उनके सहयोगियों को मारा पीटा तथा मोबाइल तथा वाहन तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पुलिस नेआरोपी अभिषेक पाण्डेय उर्फ अभी, शिवम त्रिपाठी उर्फ रंगबाज, प्रशान्त मिश्रा, अम्बुज पटेल, दीपक पाल, हिमेश त्रिपाठी, विशाल तिवारी, दिनेश त्रिपाठी पुत्र दिवाकर त्रिपाठी, राघवेन्द्र रत्नाकर पाण्डेय के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 323, 504, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक चालक घायल, केस

**बस्ती** । तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। इस सम्बन्ध में घायल के मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाना क्षेत्र के रूधौली कस्बा स्थित यूनियन बैंक के सामने तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 55 एन/ 2107 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक संख्या यूपी 56 एडी/ 9235 में ठोकर मार दिया। जिससे बाइक चाकल मोतीराम गिरकर घायल हो गया। मामले में घायल की मां फुलेसरा देवी पत्नी बासु निवासी छपिया चाईपुरवा थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक जगदीश पुत्र सुरेश निवासी कोटिया दोउर गांवा विशुनपुरवा थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध धारा 279, 337, 388 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# इंडो नेपाल सीमा पर स्क्रैप लदी ट्रैक्टर-ट्राली बरामद

**ठूठीबारी** । इंडो नेपाल सीमा पर तैनात 22 वाहिनी एसएसबी ठूठीबारी की टीम ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर नेपाल से अवैध तरीके से पीलर संख्या 505ध्10 के समीप भारतीय क्षेत्र भेजी जा रही नेपाली नंबर की दो ट्रैक्टर- ट्राली पर लदी लगभग 22 कुंटल स्क्रैप के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए स्थल सीमा शुल्क चौकी ठूठीबारी को सुपुर्द कर दिया। इसी क्रम में 6 नवंबर को एसएसबी की टीम ने गस्त के दौरान सीमा से सटे चंदन नदी के समीप नेपाल से तस्करी के जरिए भारतीय क्षेत्र में लावारिश हालत में रखी हुई 85 बोरी हड्डी चूर्ण बरामद किया था। बताते चले की ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र में चीनी, उर्वरक, स्क्रैप, कपडघ के बाद बडघ्े पैमाने पर जानवरों की हड्डियों की हो तस्करी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के अनुसार जानवरों की हड्डियों के चूरे का प्रयोग घी, दवा, चीनी मिट्टी व क्राक्ररी में उपयोग किया जाता है।

# चार अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**बस्ती ।** जिले की कोतवाली पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलायेजा रहे अभियान केतहत चार लोगो पर गैंगेस्टर की कार्यवाही किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कोतवाली पुलिस ने शुभम गौड़ उर्फ बाबू पुत्र झिन्नू निवासी जामडीह पाण्डेय, सोनू कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी मनहनडीह, प्रियांशु उर्फ सीटू पुत्र विनय प्रताप निवासी जामडीह पाण्डेय, राजू गौड़ पुत्र हृदय राम निवासी कंजड़ टोला थाना कोतवाली को 3 (1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही किया है। प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय ने बताया कि उक्त अभियुक्तों द्वारा अपने आर्थिक एवं भौतिक दुनियाब लाभ के लिए क्षेत्र में रहकर अपराध को अंजाम देते थे। जिससे आम जनमानस में भय का माहौल बना हुआ था। अभियुक्तो के चाल चलन में सुधार न आता देख यह कार्यवाही की गयी।

# जानलेवा हमले के चार आरोपी धराये

**हर्रैया।** परशुरामपुर पुलिस ने मंगलवार को जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चारों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। परशुरामपुर के थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि उपनिरीक्षक अजय कुमार भारती, दिनेश चन्द्र मिश्र, कांसटेबल नरेन्द्र गुप्ता, विजय यादव एवं राजकुमार द्वारा जगदीशपुर निवासी विजय पाल यादव पुत्र शिवशरण यादव, राजकमल यादव पुत्र महादेव यादव, गंगाराम यादव पुत्र रामनवमी यादव तथा अंकित यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारो के विरूद्ध अपराध संख्या 474/2022 धारा 307, 384, 147, 148, 149, 452, 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। उन्होने बताया कि चारो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# भूमि विवाद में महिला की पिटाई

**बभनान ।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के कुनगाई बुजुर्ग निवासी सत्तन पुत्र बरसाती ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार को गांव के हरदीन पुत्र बरसाती ने अपनी पत्नी देवी तथा पुत्र बबलू के साथ मिलकर उनकी पत्नी की जमकर पिटाई किया। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया।

# एंटी रोमियो चेकिंग : आरोपी को न्यायालय भेजा

**बस्ती।** प्रभारी एंटी रोमियो टीम बस्ती उप निरीक्षक किरण भास्कर मय पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन) के तहत थाना कलवारी क्षेत्रान्तर्गत एन्टी रोमियो चेकिंग किया गया एवं महिलाओं/बालिकाओं/ छात्राओं को उनकी सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दिया गया। एंटी रोमियों की चेकिंग के दौरान प्रभावी कार्यवाही करते हुए 1 अभियुक्त राहुल पुत्र सुग्रीव के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 368/2022 धारा 294 भादवि केतहत पंजीकृत कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण राहुल पुत्र सुग्रीव निवासी ग्राम वैष्णोपुर थाना कलवारी शामिल रहे।

# हत्या में वांछित बाल अपचारी सहित एक गिरफ्तार

**बस्ती।** थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना पुरानी बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 293/2022 धारा 302/201 भादवि से सम्बंधित वांछित अभियुक्तों क्रमश 1 अंकित चौहान पुत्र जयेन्द्र चौहान,बाल अपचारी (17) चैनपुरवा ओवरब्रिज अंडर पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण अंकित चौहान पुत्र जायेंद्र चौहान निवासी ग्राम हड़िया थाना पुरानी बस्ती, एक बाल अपचारी शामिल रहे।

# धान ओसाने के विवाद में मारपीट, मुकदमा

छावनी। छावनी पुलिस ने धान ओसाने के दौरान धूल उड़ने पर हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मलौली गोसाई के केवटहिया पुरवा निवासी सोनू निषाद सोमवार को धान की ओसाई करा रहे थे। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि सोनू निषाद की तहरीर पर कुलदीप, पत्नी कैलाशा देवी व सेवकराम पर केस दर्ज किया गया है।

सराहनीय | पांच महीने में 73 वीं रैंक से सुधार कर हासिल किया तीसरा स्थान, पहले पायदान पर महराजगंज, दूसरे पर है मिर्जापुर

# आईजीआरएस में जिले को प्रदेश में तीसरी रैंक

बस्ती, निज संवाददाता। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण रैंकिंग में बस्ती को प्रदेश के जिलों में टाप थ्री में जगह मिली है। बस्ती को आईजीआरएस निस्तारण में 99.29 प्रतिशत अंक मिला है।

पिछले समय में बस्ती की रैंकिंग काफी पीछे चल रही थी। जून 2022 में 73वां, जुलाई में 57वां, अगस्त में 44वां, सितंबर में 43 वां स्थान था। अब अक्टूबर 2022 में बस्ती को प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। प्रदेश में पहले स्थान पर महराजगंज और दूसरे पर मिर्जापुर जनपद है। यहां पर सौ फीसदी शिकायतों का निस्तारण हुआ है। डीएम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य हो रहा है। योजनाओं और परियोजनाओं के सफल संचालन के साथ मानिटरिंग की जा रही है। आईजीआरएस की ताजा रैंकिंग में जिले को पहली बार तीसरा स्थान मिला है।

**43** वें स्थान पर था जिला सितंबर महीने में

**99** प्रतिशत अंक आईजीआरएस निस्तारण में मिला

### राजस्व आय शत-प्रतिशत

बस्ती में सितम्बर माह के दौरान 3.79 लाख, सिद्धार्थनगर में 10.50 लाख व संतकबीरनगर में 4.93 लाख रुपया वसूला गया है, जो लक्ष्य से कम है। आयुक्त ने निर्देश दिया कि स्टाम्प राजस्व आय की शत-प्रतिशत प्राप्ति हो।

**स्टांप वसूली में बस्ती मंडल को प्रदेश में चौथा स्थान : बस्ती।** स्टांप देय वसूली में बस्ती मंडल प्रदेश में चौथे स्थान पर है। यह रैंकिंग सितम्बर माह की है। आयुक्त बस्ती मंडल गोविन्द राजू एनएस ने तीनों जनपदों के डीएम व एडीएम को पत्र लिखकर लंबित स्टांप देय वसूली का निर्देश दिया है। आयुक्त गोविन्द राजू एनएस ने तीनों जनपदों के डीएम व एडीएम को भेजे पत्र में कहा है कि महानिरीक्षक निबंधन ने सितम्बर माह की जनपदवार समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान सितम्बर माह में बस्ती मंडल प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा। बस्ती में 94.77, सिद्धार्थनगर में 87.50 व संतकबीरनगर में 107.16 % वसूली हुई। औसतन मंडल में 94.89 % की वसूली हुई।

# रंगदारी देने से मना करने पर फायरिंग, चार गिरफ्तार

परसरामपुर (बस्ती)। जिले के परसरामपुर थाना क्षेत्र में रंगदारी देने से मना करने पर फायरिंग व मारपीट की घटना सामने आई है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रधान प्रतिनिधि समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है। परसरामपुर थाने के जगदीशपुर निवासी सुभाष सोनी ने तहरीर देकर बताया है कि सोमवार को गांव के काली मंदिर के पास बैठे हुए थे।

# कपूर जलाते समय महिला ने खींची चेन, श्रद्धालुओं ने पकड़ा

- सरयू नदी पर कलवारी थाने के माझा खुर्द घाट की घटना
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया

बस्ती। जिले में कलवारी थानांतर्गत सरयू नदी के माझा खुर्द घाट पर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर एक बुजुर्ग महिला के गले गले से सोने की चेन एक महिला ने खींच लिया। शोर मचाने पर आरोपी महिला ने भागने का प्रयास किया, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

इसी थाने के कलवारी मुस्तहकम निवासी संतोष सिंह अपनी मां, पत्नी व अन्य के साथ सरयू स्नान करने आए थे। उनकी बुजुर्ग मां रमावती देवी स्नान के बाद अगरबत्ती व कपूर जलाने जा रही थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच एक महिला अपने हाथ में अगरबत्ती लेकर आई और उनसे माचिस मांगने लगी। इसी बीच कपूर जलाने में लगी रमावती देवी के गले से इस महिला ने चेन खींच लिया और भागने लगी। गले से चेन छिनते ही वह शोर मचाने लगीं। उनकी अवाज सुनकर आसपास के लोगों ने आरोपी महिला को पकड़ लिया।

# रंगदारी देने से मना करने पर फायरिंग, चार गिरफ्तार

- परसरामपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की घटना
- प्रधान प्रतिनिधि समेत 11 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

परसरामपुर (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के परसरामपुर थाना क्षेत्र में रंगदारी देने से मना करने पर फायरिंग व मारपीट की घटना सामने आई है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रधान प्रतिनिधि समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

परसरामपुर थाने के जगदीशपुर निवासी सुभाष सोनी ने तहरीर देकर बताया है कि सोमवार को गांव के काली मंदिर के पास बैठे हुए थे। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी वहां आ गए। कहने लगे कि तुम लाइटिंग-डेकोरेशन का काम करके खूब पैसा कमा रहे हो। हमें पैसा क्यों दे रहे हो। पैसा देने से जब मैंने मना कर दिया तो घर के अंदर घुसकर मारापीटा। असलहे से जान से मारने की नीयत से फायरिंग की और जान से दुकान पर रखी बेंच और कुर्सी को तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास यादव के अलावा दिनेश यादव, अंकित यादव, विशाल यादव, विजयपाल यादव, गंगाराम यादव, करन यादव, रामकमल, शुभम गौतम निवासी जगदीशपुर, शिवम मौर्या और मनोज गुप्ता निवासी तिरूखा थाना परसरामपुर के खिलाफ आईपीसी 307, 384, 147, 148, 149, 452, 323, 504, 506 व 427 के तहत केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को आरोपी विजयपाल यादव, राजकमल यादव, अंकित यादव व गंगाराम यादव को गिरफ्तार कर लिया

# राजस्व टीम ने बैनामेदार को दिलाया कब्जा

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र पैकोलिया अन्तर्गत ग्राम इमिलियाधीश निवासी संजीव कुमार पाण्डेय ने एसडीएम हर्रैया को आवेदन पत्र देकर अपनी बैनामा भूमि की पैमाइश कराने की मांग थी। निस्तारण के लिए थाना दिवस के अवसर पर राजस्व एवं पुलिस टीम गठित हुई थी। सोमवार को टीम ने ग्राम पंचायत मिश्रौलिया दुर्वासा के राजस्व ग्राम लालपुर पंडित के गाटा संख्या 03 का सीमांकन किया और बैनामेदार को भूमि पर कब्जा दिलाया।

# दहेज हत्या में पति समेत सात लोगों पर मुकदमा

**बस्ती/दुबौलिया, हिटी।** दुबौलिया क्षेत्र के छपिया मलिक में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। मृतका कौशल्या (32) पत्नी चंद्रप्रकाश के भाई दिलीप शर्मा निवासी कम्हरिया लालगंज का आरोप है कि ससुराल में बहन को दहेज में खराब सामान मिलने का ताना देकर प्रताड़ित किया गया। दो लाख नगद व चार पहिया गाड़ी न मिलने पर फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई।

मृतका कौशल्या का पति मुम्बई में रहकर मजदूरी करता है। ससुरालियों के मुताबिक रविवार को ससुर खेत पर काम से चला गया था, घर पर कौशल्या अकेली थी। ससुर शाम लगभग चार बजे जब घर वापस आया तो उसने बहु को आवाज दी। जवाब न मिलने पर कमरे में देखा तो उसका शव साड़ी से छत की कुंडी से झूल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। तहरीर के आधार पर पति चंद्रप्रकाश, ससुर केशवराम, सास सफाली, देवर भीम, ननद गुड्डी, मुन्नी और शोभा के खिलाफ आईपीसी 498ए, 323, 504, 506, 304बी और 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# एसएचओ समेत चार सस्पेंड दरोगा सहित 38 पर केस

## गोवध प्रकरण

**10** आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

- सोनहा के गदापुर चक गांव का मामला, पुलिस तैनात

बस्ती/भानपुर, हिटी। सोनहा क्षेत्र के गदापुर चक गांव में गोवध की सूचना पर भी कार्रवाई में तत्परता न दिखाने पर एसपी ने मंगलवार को सोनहा थाने के एसएचओ विनोद कुमार, हल्का दरोगा अनिल यादव, सिपाही विपिन सिंह और राहुल को निलंबित कर दिया। साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर सोनहा थाने के एसआई अनिल यादव, प्रधान पवन द्विवेदी समेत 18 नामजद और 20 अन्य अज्ञात पर गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दस आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

सोमवार सुबह गदापुर चक गांव में गोवध की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची थी। पता चला कि पशुओं को अवशेष मिट्टी में दबा दिए गए हैं। इसी बीच विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह भी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए। ग्रामीण भी जुट गए। इसके बाद एसडीएम भानपुर की मौजूदगी में पशु का शव निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम में गोवध की पुष्टि हुई। प्रकरण की सूचना पर मंगलवार को डीआईजी आरके भारद्वाज, एसपी आशीष श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

›एनएसए की कार्रवाई होगी P 04

# गोवध प्रकरण के आरोपितों पर होगी एनएसए की कार्रवाई

**सख्ती**

**बस्ती/भानपुर, हिटी।** सोनहा क्षेत्र के गदापुर चक गांव में सामने आए गोवध मामले में एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सख्त रुख अपनाया है। एसपी ने कहा कि आरोपितों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने बताया कि मामले में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की तहरीर पर सोनहा थाने के एसआई अनिल यादव व प्रधान पवन द्विवेदी के अलावा गदापुर चक निवासी हारुन, अब्बूहाजी, हबीब, तौहिद, गुलाब, मुबारक, सफीकुल्लाह हाजी, इम्तियाज अली, रज्जाक, इस्क मिया, जाहिद होमगार्ड, सलीम, रसीद, तजामुल, जुगुन, टिल्लू और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए जुबेर अहमद, सहाबुद्दीन, अब्दुल अहद, तफ्सीर अहमद उर्फ जुगनू, समीर अहमद, अब्दुल कलाम उर्फ बुद्दू, फैयाज अहमद, अब्दुल रहीम, मो. मारुफ और इकबाल उर्फ नन्हू निवासी गदापुर चक को उनके गांव से गिरफ्तार किया है। इन सभी के नाम मामले की जांच के दौरान सामने आए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो अदद चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ाई है। नामजद सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**टीम में ये शामिल रहे :** गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध भगवान सिंह, एसआई दयानंद यादव, रवि प्रकाश तिवारी, हेड कांस्टेबल उज्ज्वल मिश्रा, राजकुमार गौड़, दिनेश कुमार, करुणेश सिंह और कांस्टेबल कृष्णमोहन मौर्य शामिल रहे।



सोनहा थानांतर्गत गदापुर चक गांव में मंगलवार को जांच करने पहुंचे डीआईजी।

## दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

बस्ती। विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव में गोहत्या में शामिल लोगों के विरुद्ध उच्चस्तरीय कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि यदि वह स्वयं और स्थानीय नागरिक न पहुंचते तो मामले को सुनियोजित रूप से समाप्त कर दिया जाता। कहा कि पुलिस कर्मियों का निलम्बन ही काफी नहीं है। लम्बे अरसे से गोहत्या का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी कि यदि मामले में लीपापोती की गई और दोषियों को बचाने का प्रयास हुआ तो वह मामले को मुख्यमंत्री तक ले जाएंगे। महासंघ के प्रदेश मंत्री बाबा गिरजेश दास, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, विन्देश्वल त्रिपाठी, मुन्ना सिंह, महेश हिन्दुस्तानी, अमरजीत सिंह, राकेश सिंह, प्रिन्स पटेल, अजय मिश्रा, अखिलेश पटेल आदि शामिल रहे।

> गोवध प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर दस आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की सूचना के बाद तत्परता न दिखाने के कारण सोनहा थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, हल्का दरोगा व दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आरोपितों पर एनएसए की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- आशीष श्रीवास्तव,** एसपी बस्ती

# 10 बार में खाते से निकाले 80 हजार

**बस्ती।** ऑनलाइन फ्राड कर एक व्यक्ति के खाते से 80 हजार रुपया निकाल लिया गया। मुंडेरवा थाने के बोदवल निवासी ज्ञान प्रकाश अग्रहरि ने तहरीर देकर आरोप है कि बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर रेवटी स्थित उनके बैंक खाते से बिना उनकी जानकारी के अलग-अलग तिथियों में आठ बार में 80 हजार रुपया निकाल लिया गया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। एक फाइनेंस कंपनी के वीएन त्रिपाठी ने तहरीर देकर आरोप है कि उनकी कंपनी से दो बार में सत्रह लाख 48 हजार रुपया कर्जा लिया गया। उसे मांगने जब घर पर गए तो अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने कटरा खुर्द निवासी संगम यादव, उनकी पत्नी समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच नामजद

**बस्ती।** दहेज उत्पीड़न के आरोप में पुलिस ने पांच पर मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया थाने तहरीर देकर पीठिया लश्करी निवासी आरकुन निशा ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने दहेज की मांग की। मोबाइल भी तोड़कर नुकसान कर दिया। पुलिस ने पति गुलबुद्दीन, ससुर खदेरु, सास समरुल, जेठ गुलबहार और ननद किणईया के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है।

# चोर गैंग के चार आरोपितों पर गैंगस्टर

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने चोरी करने के आरोपी गैंग के चार सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शशांक शेखर राय ने बताया कि आरोपी कोतवाली के जामडीह निवासी शुभम गौड़, प्रियांशु उर्फ सीटू, मनहनडीह निवासी सोनू व कंजड़ टोला निवासी राजू गौड़ ने गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी/ नकबजनी का अपराध कारित किया। चारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया गया है।

# दरवाजे के सामने रोककर पीटा

**बस्ती।** दुबौलिया थाने में तहरीर देकर बैरागल निवासी अरशद अली उर्फ बदल ने आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने दरवाजे के सामने गाड़ी रोककर अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने गांव के गुलरेज, तबरेज, सातिर अली और साहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## पुरानी बस्ती पुलिस ने हत्या के मामले में दो को किया गिरफ्तार

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा संदेह में पीटकर की थी हत्या

**शिकंजा**

- हड़िया में मिला था शव, आज तक नहीं हो सकी मृतक की शिनाख्त
- रिपोर्ट के आधार पर हत्या कर शव छिपाने का दर्ज हुआ था केस

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले की पुरानी बस्ती पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। अप्रैल 2022 में घाटित इस घटना में मरने वाले की शिनाख्त नहीं हो सकी है। लेकिन पोस्टमार्टम में पिटाई से मौत की पुष्टि के बाद हत्या कर शव छिपाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चोर होने के संदेह में अज्ञात व्यक्ति की पीटकर हत्या की गई थी। घटना को कुल तीन लोगों ने अंजाम दिया था। इनमें एक बाल अपचारी समेत दो लोगों को पकड़ लिया गया है। तीसरा आरोपी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हड़िया गांव में एक खेत के पास 12 अप्रैल 2022 को एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम में मौत का कारण सिर में चोट आना बताया गया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष के अनुसार पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित गांव पर फोकस किया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि हड़िया निवासी अंकित चौहान, बृजेश चौहान और एक बाल अपचारी ने 11 अप्रैल 2022 की रात करीब 11 बजे अकेले घूम रहे एक व्यक्ति को चोर समझकर पकड़ा था। उसे लात-घूंसा, बेल्ट और बांस के डंडे से मारापीटा। तीनों बार-बार उसे नाम बताने को कह रहे थे, लेकिन वह कुछ बता नहीं पाया। उसे इतना मारा कि उसकी जान चली गई।

**खुलासा व गिरफ्तारी करने पुलिस टीम :** मर्डर मिस्ट्री का खुलासा व गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानेदार प्रदीप कुमार सिंह के साथ चौकी प्रभारी हड़िया एसआई कमलेश गौड़, हेड कांस्टेबल महेश राय, कांस्टेबल कृष्ण कुमार यादव, जयराम यादव, अभिषेक तिवारी, मनोज यादव, पवन यादव, रामभगत, कृष्ण मोहन यादव थाना पुरानी बस्ती शामिल रहे।



पुरानी बस्ती थाने पर मंगलवार को हत्याकांड के आरोपी की धरपकड़ की जानकारी देते थानेदार प्रदीप सिंह। ● हिन्दुस्तान

### गांव के ही युवक ने वीडियो कॉल कर की जानकारी साझा

थानेदार के मुताबिक जांच में सामने आया कि घटना को अंजाम देने के समय में इनमें से एक ने गांव के एक युवक को वीडियो कॉल किया था और चोर पकड़ कर उसे मारने की बात कहते हुए उससे यह जानकारी साझा की थी। घटना के खुलासे की भनक लगने के बाद से आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने तीन नवंबर को न्यायालय से एनबीडब्ल्यू भी प्राप्त किया गया था। मंगलवार को चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास से आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बाल अपचारी को भी संरक्षण में ले लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने अपना जुर्म कबूल लिया है।

www.jagran.com

## खाते से निकाल लिया 80 हजार, मुकदमा

**बस्ती**: आनलाइन धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति के खाते से 80 हजार रुपया निकाल लेने के मामले में मुंडेरवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुंडेरवा थाने के बोदवल निवासी ज्ञान प्रकाश अग्रहरि ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर रेवटी स्थित उनके बैंक खाते से बिना उनकी जानकारी के अलग-अलग तिथियों में आठ बार में 80 हजार रुपये किसी ने निकाल लिया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जागरण

## कोर्ट के आदेश पर रकम हड़पने का मुकदमा

**बस्ती**: कप्तानगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रकम हड़पने का दर्ज किया है। एक फाइनेंस कंपनी के कर्मी वीएन त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनकी कंपनी से दो बार में 17 लाख 48 हजार रुपया कर्जा लिया गया। ब्याज व किस्त मिलाकर जो रुपया देना था, उसे मांगने जब वे उनके घर पर गए तो आरोपितों ने अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने कटरा खुर्द निवासी संगम यादव, उनकी पत्नी गुड़िया, जंगबहादुर व सुधीर कुमार चौधरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

**चोरी के आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई**

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने चोरी के चार आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि कोतवाली के जामडीह निवासी शुभम गौड़, प्रियांशु उर्फ सीटू, मनहनडीह निवासी सोनू कुमार और कंजड़ टोला निवासी राजू गौड़ ने गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी, नकबजनी का अपराध किया। चारों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर मुकदमा

**बस्ती :** दहेज उत्पीड़न के आरोप में दुबौलिया पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पीठिया लश्करी गांव निवासी आरकुन्निशा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने दहेज की मांग की। मांग पूरा न होने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। मोबाइल भी तोड़कर नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति गुलबुद्दीन, ससुर खदेरु, सास समरुल, जेठ गुलबहार सहित पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# वांछित बाल अपचारी समेत दो गिरफ्तार

- विवेचना के दौरान प्रकाश में आए थे दोनों अंकित चौहान व बाल अपचारी
- अज्ञात व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डालने का है आरोप

जासं, साऊंघाट, बस्ती: पुरानी बस्ती पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित एक बाल अपचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों हत्या के मामले की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए थे। दोनों की गिरफ्तारी मंगलवार दिन में 1.10 बजे दोनो को चैनपुरवा ओवरब्रिज के अंडर पास से गिरफ्तार किया। इनमें एक 22 वर्षीय अंकित चौहान है तो दूसरा 17 वर्षीय बाल अपचारी है।

थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम हड़िया स्थित एक खेत में 12 अप्रैल की सुबह खून से लथपथ एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण सिर में आई चोट बताया गया था। मामले में थाने पर हत्या और साक्ष्य मिटाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि ग्राम हड़िया निवासी अंकित चौहान व बृजेश चौहान तथा एक बाल अपचारी द्वारा दिनांक 11 अप्रैल को रात करीब 11 बजे घूम रहे एक व्यक्ति को चोर समझकर बेल्ट और डंडे से मारा-पीटा गया। नाम न बताने के कारण आरोपितों ने पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद से ही आरोपित फरार चल रहे थे। उनके विरुद्ध तीन नवंबर को न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट भी जारी किया था। आरोपित अंकित एवं बाल अपचारी द्वारा पूछताछ के दौरान जुर्म स्वीकार किया गया। वहीं बृजेश चौहान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, चौकी प्रभारी हड़िया उप निरीक्षक कमलेश गौड़,हेड कांस्टेबल महेश राय, कांस्टेबल कृष्ण कुमार यादव, जयराम यादव, अभिषेक तिवारी, मनोज यादव, पवन यादव, रामभगत, कृष्ण मोहन यादव शामिल रहे।



पुरानी बस्ती थाने मे हत्यारोपित के बारे मे जानकारी देते थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह •जागरण

# होमगार्ड ने नदी में डूब रहे अधेड़ की बचाई जान

**जासं, छावनी, बस्ती:** छावनी थाना क्षेत्र में सरयू नदी के ठोकर नंबर 10 के पास मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के लिए गए एक अधेड़ व्यक्ति को नदी में डूबते देख वहां मौजूद होमगार्ड ने नदी में छलांग लगाकर सुरक्षित बचा लिया।

सुबह आठ बजे मंगलवार की सुबह नदी के किनारे माझिलगांव निवासी 58 वर्षीय मुरलीधर दूबे पुत्र बहादुर दुबे स्नान करने के लिए नदी के तट पर पहुंचे। वह ठोकर नंबर 10 के पास स्नान करते समय अचानक सरयू नदी में डूबने लगे। उन्हें डूबते देख वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। वहां तैनात होमगार्ड विजय वर्मा ने अपनी वर्दी



बुजुर्ग के साथ होमगार्ड ●जागरण

उतार कर नदी में छलांग लगा दी। दिलेरी दिखाते हुए उसने डूबते हुए मुरलीधर को बचा लिया। इसके बाद उन्हें घर पहुंचाया। होमगार्ड के इस जवान ने पूर्व में भी नदी डूबते लोगों को बचाया है। उसके इस दिलेरी की हर कोई सराहना कर रहा है।

**दरवाजे के सामने रोककर मारापीटा, मुकदमा, वस्ती:** दुबौलिया थाने के बैरागल निवासी अरशद अली उर्फ बादल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षियों ने दरवाजे के सामने गाड़ी रोककर उन्हें अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने गांव के गुलरेज, तबरेज, सातिर अली और साहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पकड़े जाने के डर से भागी महिला चेन स्नेचर

**कलवारी:** कलवारी मुस्तहकम गांव निवासी संतोष कुमार सिंह ने कलवारी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार की सुबह करीब सात बजे परिवार के साथ वह सरयू नदी के टांडा घाट पर स्नान करने गए थे। मां रमावती सिंह स्नान करने के बाद अगरबत्ती कपूर जलाने जा रही थी। कि तभी एक महिला अगरबत्ती लेकर आई और माचिस मांगने के बहाने मां के गले से चेन खींच कर भागने लगी।उनकी मां ने महिला चेन स्नेचर की साड़ी पकड़ शोर मचाया तो आस पास लोग उनकी ओर दौड़े महिला चेन स्नेचर अपने को फंसता देख चेन फेंक भाग निकली। (जासं)

**दुबई भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, मुकदमा, बस्ती:** लालगंज पुलिस ने दुबई भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के अकेला कुबेरपुर निवासी हरिराम ने आरोप लगाया है कि उनसे दुबई भेजने के नाम पर एक व्यक्ति ने रुपया ले लिया, लेकिन दुबई नहीं भेजा। रुपया वापस मांगने पर बार-बार हीलाहवाली करने लगा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# धान ओसाने के विवाद में मारपीट, मुकदमा

**छावनी :** छावनी पुलिस ने धान ओसाने के दौरान धूल उड़ने पर हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। घटना सोमवार की शाम मलौली गोसांई ग्राम पंचायत के केवटहिया पुरवा पर हुई। घटना में एक युवक को चोट आई है।सोमवार को सोनू निषाद धान की ओसाई करवा रहे थे। इसी दौरान कुलदीप के घर में धूल जाने की बात पर कहासुनी व मारपीट हो गई। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सोनू की तहरीर पर कुलदीप, पत्नी कैलाशा देवी व सेवकराम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# दहेज हत्या के मामले में पति समेत सात पर मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** दुबौलिया थाना क्षेत्र के छपिया मलिक गांव में छह नवंबर को विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

दिवंगत 32 वर्षीय कौशिल्या के भाई दिलीप कुमार शर्मा निवासी कम्हरिया थाना लालगंज ने दुबौलिया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि ससुराल में बहन को दहेज में खराब सामान मिलने का ताना देकर प्रताड़ित किया गया। दो लाख नकद व चार पहिया गाड़ी न मिलने पर फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई। कौशिल्या का पति चंद्रप्रकाश मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। सास बेटे के पास गई हुई थी। घर पर उसका ससुर व डेढ़ वर्ष की बेटी रह रहे थे। ससुरालियों के मुताबिक रविवार को ससुर खेत पर काम से चला गया था, घर पर कौशल्या अकेली थी। ससुर शाम को जब घर वापस आया तो उसने बहू को आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर कमरे में जाकर देखा तो उसका शव साड़ी से छत की कुंडी के सहारे लटक रहा था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि घटनास्थल से फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। पति चंद्रप्रकाश, ससुर केशवराम, सास सफाली, देवर भीम सहित सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज की गई।



# शिकायत निस्तारण में प्रदेश में तीसरे स्थान पर बस्ती

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की मेहनत रंग लाई। शिकायतों के निस्तारण में पिछले पायदान पर रहने वाला बस्ती जनपद इस बार तेजी से उछलकर प्रदेश की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। राज्य स्तर से अक्टूबर की जारी रैंकिंग में जिले को 99.29 प्रतिशत अंक हासिल हुए है। इसके लिए जिलाधिकारी ने आइजीआरएस के नोडल एडीएम कमलेश चंद तथा ई-डिस्टिक मैनेजर सौरभ द्विवेदी के साथ सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने अधिकारियों से इसको लेकर सक्रियता बनाए रखने की अपील की। कहा कि पहला स्थान हासिल करने के लिए सभी विभागों के अधिकारी मिलकर कार्य करें। इससे पहले आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में बस्ती जनपद प्रदेश में जून में 73वें, जुलाई में 57वें, अगस्त में 44वे , सितंबर में 43वें स्थान पर रहा है।

अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र ने बताया कि आइजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के लिए ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सौरभ द्विवेदी के नेतृत्व में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया तथा दो लेखपाल एवं दो कंप्यूटर आपरेटर संबद्ध किए गए। इनके द्वारा नियमित रूप से शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर फीडबैक लिया गया। शासन से सी श्रेणी में पाए गए शिकायतों की पुनः जांच कराई गई तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिले स्तर से भी प्रत्येक तहसील में अधिकारियों की टीम मौके पर भेजकर शिकायत निस्तारण का सत्यापन कराया गया। एडीएम ने इस बात पर बल दिया है कि इस स्थान को बनाए रखने के लिए भविष्य में भी अधिकारी पूरी मेहनत एवं लगन से कार्य करें।

# मारपीट में फायरिंग का आरोप, चार गिरफ्तार

**11 आरोपितो के विरुद्ध जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा, परशुरामपुर थानाक्षेत्र के जगदीशपुर गांव की घटना**

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती:** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में सोमवार की शाम पांच बजे आपसी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों द्वारा मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने 11 आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से चार को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है।

जगदीशपुर गांव निवासी सुभाष सोनी पुत्र भदई ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि सोमवार की शाम करीब पांच बजे वह अपने घर के बगल चाय की दुकान पर बैठे थे। उसी समय जगदीशपुर गांव के विकास यादव अपने कुछ साथियो के साथ आ पहुंचे। आरोप लगाया कि जगदीश और उनके साथियों ने पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपितों ने उन्हें मारा पीटा, चाय की दुकान में तोड़फोड़ किया। इतना ही नहीं असलहा से कई राउंड फायरिंग भी की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर विकास यादव, अंकित यादव पुत्र दिनेश यादव तथा दिनेश यादव पुत्र रामलाल, विशाल पुत्र पवन, विजयपाल पुत्र शिवसरन, गंगाराम पुत्र रामनवमी, रामकरन यादव पुत्र गंगाराम, रामकमल पुत्र महादेव, तथा शुभम गौतम पुत्र पवन गौतम निवासी जगदीशपुर तथा शिवम मौर्य पुत्र हनुमान प्रसाद, मनोज गुप्ता पुत्र अज्ञात निवासी तिरूखा थाना परशुरामपुर के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने तथा फायरिंग करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में विजयपाल यादव, राजकमल, अंकित तथा गंगाराम को गिरफ्तार कर लिया है। परशुरामपुर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में बस्ती रेंज प्रदेश में अव्वल

## आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारण की जारी की गई रेटिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परिक्षेत्र को आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। डीआईजी आरके भारद्वाज ने इस पर संतोष जाहिर करते हुए बताया कि इसमें सभी प्रभारियों की तत्परता का योगदान है।

जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अंतर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जांच के लिए जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हैं।

इस क्रम में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के गुणवत्तापरक निस्तारण में माह अक्तूबर की मासिक रैंकिंग में बस्ती परिक्षेत्र को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

### शिकायतों के निस्तारण में जनपद रहा तीसरे स्थान पर

**बस्ती।** जिले को शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान मिला है। राज्य स्तर पर जारी रैंकिंग में जिले को 99.29 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। डीएम प्रियंका निरंजन ने आईजीआरएस के नोडल एडीएम कमलेश चंद व ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सौरभ द्विवेदी के साथ सभी विभागीय अधिकरियों की पीठ थपथपाई है। उल्लेखनीय है कि आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में जिला प्रदेश में जून में 73, जुलाई में 57, अगस्त में 44, सितंबर में 43, तथा अक्तूबर में प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। संवाद

# चोरी के चार आरोपितों पर गैंगस्टर

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने चोरी करने के आरोपी गैंग के चार गुर्गों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शशांक शेखर राय ने बताया कि आरोपी कोतवाली के जामडीह निवासी शुभम गौड़, प्रियांशु उर्फ सीटू, मनहनडीह निवासी सोनू कुमार और कंजड़ टोला निवासी राजू गौड़ ने गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी/नकबजनी का अपराध कारित किया। चारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया गया है। संवाद

# सात ससुरालियों पर दहेज हत्या का मुकदमा

## दुबौलिया थाने के छपिया मलिक गांव में घर में फंदे से लटका मिला था महिला का शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/दुबौलिया।** थाना क्षेत्र के छपिया मलिक गांव में रविवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतका का शव घर के अंदर फंदे से लटका पाया गया था।

मृतका कौशल्या (32) पत्नी चंद्रप्रकाश के भाई दिलीप कुमार शर्मा निवासी कम्हरिया थाना लालगंज का आरोप है कि ससुराल में बहन को दहेज में खराब सामान मिलने का ताना देकर प्रताड़ित किया गया। दो लाख नगद व चारपहिया गाड़ी न मिलने पर फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतका कौशल्या का पति मुंबई में रहकर मजदूरी करता है।

सास-बेटे के पास गई हुई थी। घर पर उसका ससुर व डेढ़ वर्ष की बेटी रह रहे थे। ससुरालियों के मुताबिक रविवार को ससुर खेत पर काम से चला गया था, घर पर कौशल्या अकेली थी। ससुर शाम लगभग चार बजे जब घर वापस आया तो उसने बहू को आवाज दी। जवाब न मिलने पर कमरे में जाकर देखा तो उसका शव साड़ी से छत की कुंडी से झूल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि घटनास्थल से फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए थे। तहरीर के आधार पर पति चंद्रप्रकाश, ससुर केशवराम, सास सफाली, देवर भीम, ननद गुड्डी, मुन्नी और शोभा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच नामजद

**बस्ती।** दहेज उत्पीड़न के आरोप में पुलिस ने पांच पर मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया थाने पर तहरीर देकर पीठिया लश्करी निवासी आरकुन निशा ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने दहेज की मांग की। डिमांड पूरी न होने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। मोबाइल भी तोड़कर नुकसान कर दिया। पुलिस ने पति गुलबुद्दीन, ससुर खदेरु, सास समरुल, जेठ गुलबहार और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

# रंगदारी के विवाद में मारपीट फायरिंग का आरोप लगाया

## प्रधान प्रतिनिधि सहित 11 नामजद, चार आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**परशुरामपुर।** थानाक्षेत्र के जगदीशपुर गांव में रंगदारी मांगने के विवाद में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत अन्य लोगों पर आरोप है कि गांव के लोगों पर रौब जमाने और दहशत फैलाने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 11 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक जगदीशपुर गांव निवासी सुभाष सोनी घर के बगल में चाय की दुकान पर बैठे थे।

### परशुरामपुर थाने के जगदीशपुर गांव की घटना

सोमवार शाम करीब पांच बजे जगदीशपुर गांव के ही विकास यादव (प्रधान प्रतिनिधि) अपने कुछ साथियों के साथ वहां आ गये। सुभाष सोनी के अनुसार उन लोगों ने कहा कि लाइट के डेकोरेशन से बहुत पैसा कमा रहे हो, कुछ देते क्यों नहीं। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी।

जिसके बाद विकास यादव सुभाष सोनी को मारने-पीटने लगे। आरोप है कि दुकान में तोड़फोड़ भी किया। इसके बाद वह लोग पीड़ित के घर में घुसकर मारापीटा और फायरिंग भी की।

एसएचओ अरविंद कुमार शाही ने बताया कि सुभाष सोनी की तहरीर पर विकास यादव, अंकित यादव, दिनेश यादव, विशाल, विजयपाल, गंगाराम , रामकरन यादव, राम कमल, शुभम गौतम निवासी जगदीशपुर तथा शिवम मौर्य, मनोज गुप्ता निवासी तिरूखा के विरुद्ध हत्या का प्रयास, जबरन वसूली, बलवा, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने मामले में विजय पाल यादव, राजकमल, अंकित तथा गंगाराम को गिरफ्तार कर लिया है।

# जमीन के आठ साल पुराने विवाद का निस्तारण



विवादित जमीन की नाप करने पहुंची राजस्व टीम। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पैकोलिया।** नायब तहसीलदार निखिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने आठ सालों से चल रहे जमीन विवाद का निस्तारण कराया। क्षेत्र के इमिलियाधीश निवासी संजीव कुमार पांडेय ने एसडीएम हर्रैया से शिकायत की थी कि उन्होंने लालपुर गांव में गाटा संख्या तीन का कुछ हिस्सा करीब आठ साल पहले बैनामा कराया था। इसी गाटा के सहखातेदार जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहे हैं।

विवाद निस्तारण के लिए एसडीएम गुलाब चंद्र ने राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की टीम गठित कर पैमाइश कराने और कब्जा दिलाने का निर्देश दिया। टीम ग्राम पंचायत मिश्रौलिया दुर्वासा के राजस्व गांव लालपुर पंडित पहुंची और गाटा संख्या तीन का सीमांकन कर बैनामादार को जमीन पर कब्जा दिलाया। मौके पर कानूनगो दयाराम चौधरी, थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह, हल्का लेखपाल अरविंद कुमार पासवान, मुन्नू सिंह यादव, इस्लाम अंसारी, अंगद यादव मौजूद रहे।

# चोरी करने के शक में पीटकर हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## अप्रैल में हुई हत्या का पुरानी बस्ती पुलिस ने किया पर्दाफाश

**बस्ती।** चोर समझकर बेल्ट और डंडे से पीटकर की गई अज्ञात व्यक्ति की हत्या का पुरानी बस्ती पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। घटना में शामिल एक बाल अपचारी सहित दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों से पूछताछ में एक अन्य आरोपी का नाम प्रकाश में आया है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हड़िया गांव में पास स्थित एक खेत के पास 12 अप्रैल 2022 को एक अज्ञात शव मिला था। तीन दिन कोशिश के बावजूद शिनाख्त न हो पाने की स्थिति में पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो रिपोर्ट में मौत का कारण सिर में चोट आना पता चला था।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष के अनुसार छानबीन के दौरान सबसे पहला शक हड़िया गांव पर गया।

लोगों से गहन पूछताछ में पता चला कि 11 अप्रैल की रात 11 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति अकेले घूम रहा था। इस दौरान हड़िया निवासी अंकित चौहान, बृजेश चौहान और एक बाल अपचारी ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया। आरोप है कि तीनों बेल्ट और बांस के डंडे से पीटकर उसका नाम पूछते रहे। कोई जवाब न मिलते पर तीनों उसे पीटते रहे, जिससे उसकी मौत हो गई।

एसओ प्रदीप कुमार सिंह के मुताबिक तफ्तीश में पाया गया कि इन तीनों में से एक ने गांव के एक युवक को वीडियो कॉल करके चोर पकड़ कर उसकी पिटाई करने की बात बताई थी।

बाद में जब इन तीनों को शक हुआ कि पुलिस उन्हें पकड़ सकती है तो तीनों फरार हो गए। नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने तीन नवंबर को न्यायालय से गैर जमानती वारंट प्राप्त किया। जिसके क्रम में मंगलवार को चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास से आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर बाल अपचारी को भी संरक्षण में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# 10 बार में खाते से निकाले 80 हजार

**बस्ती।** ऑनलाइन धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति के खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए।

मुंडेरवा थाने के बोदवल निवासी ज्ञान प्रकाश अग्रहरि ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर रेवटी स्थित उनके बैंक खाते से बिना उनकी जानकारी के अलग-अलग तिथियों में आठ बार में 80 हजार रुपये निकाल लिये गए। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# माचिस मांगने के बहाने महिला ने खींची चेन, पकड़ी गई

संवाद न्यूज एजेंसी

## कपूर जलाते समय बुजुर्ग महिला की खींची चेन

## सरयू नदी पर कलवारी थाने के माझा खुर्द घाट की घटना

**कलवारी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सरयू नदी के माझा खुर्द घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच मंगलवार सुबह माचिस मांगने के बहाने एक महिला ने दूसरी बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन खींच ली। बुजुर्ग महिला के शोर मचाने पर महिला ने भागने का प्रयास किया, लेकिन आसपास के लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक कलवारी मुस्तहकम थाना कलवारी निवासी संतोष कुमार उर्फ गुड्डू सिंह अपनी मां, पत्नी व अन्य महिलाओं के साथ सरयू स्नान करने गए थे। उनकी 65 वर्षीय मां रमावती देवी स्नान के बाद अगरबत्ती व कपूर जलाने जा रहीं थीं। तभी एक 30 वर्षीय महिला अपने हाथ में अगरबत्ती लिए हुए आई और माचिस मांगने लगी। रमावती देवी को कपूर जलाने में तल्लीन देख माचिस मांग रही महिला ने उनके गले से चेन खींच ली और भागने लगी।

गले से चेन छिन जाने पर रमावती देवी शोर मचाने लगीं। उनकी अवाज सुनकर आसपास के लोगों ने आरोपी महिला को पकड़ लिया। तभी संतोष सिंह ने पुलिस को फोन किया। सूचना पर चौकी प्रभारी माझाखुर्द, महिला आरक्षी के साथ पहुंचे और चेन खींचने वाली महिला को हिरासत में ले लिया।

**अपराध** ज्यादातर बिहार, झारखंड के जिलों की मिलती है लोकेशन

# दूर बैठकर शिकार बना रहे साइबर अपराधी, पुलिस बेबस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पिछले तीन महीने में साइबर क्राइम के नौ मामलों में पुलिस की साइबर टीम को कामयाबी मिली। लेकिन, सिर्फ तीन में ही अपराधी पकड़े जा सके। बाकी सभी में मामलों में सिर्फ जालसाजी कर चुराई गई रकम ही वापस हो पाई।

जांच में पाया गया कि ऑनलाइन होने वाले अपराध में अपराधी गैर प्रांत के किसी शहर में बैठकर लोगों को शिकार बनाते हैं। इसलिए चाह कर भी पुलिस उस तक नहीं पहुंच पाती। सोमवार को ही साइबर थाने की टीम ने बिहार के गोपालगंज के रहने वाले दो साइबर अपराधियों को कुशीनगर से गिरफ्तार किया था।

साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव बताते हैं कि जुलाई महीने से ही उक्त दोनों पर सर्विलांस के जरिए नजर रखी जा रही थी। लेकिन, उनका लोकेशन गोपालगंज के आसपास ही मिल रहा था। संयोग ही था कि रविवार को उनके कुशीनगर के पटहेरवा थानाक्षेत्र में आने की सूचना मिल गई। जिसके आधार पर जाकर उन्हें पकड़ा जा सका।

जानकारों का कहना है कि साइबर अपराधियों के हौसले इसलिए और भी ज्यादा बुलंद हैं। क्योंकि वे आसानी से पुलिस की गिरफ्त में नहीं आते। एसपी आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि ऐसे मामलों में आरोपी को गिरफ्तार करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हालांकि, मुकदमा दर्ज होने के बाद उन्हें किसी भी तरह से गिरफ्तार किया जाता है।

### बरतें सावधानियां

- जालसाजी होने पर एफआईआर दर्ज कराएं
- संबंधित अथॉरिटी से शिकायत करें
- क्रेडिट कार्ड से निकासी की सीमा रखें
- अनजाने लिंक्स पर क्लिक न करें
- एटीएम, नेट बैंकिंग का पिन-पासवर्ड बदलते रहें
- ऑनलाइन लॉटरी आदि के चक्कर में न पड़ें

### ऐसे होती है छानबीन

**एटीएम** का पिन पता करके या उसका क्लोन बनाकर, बातों में उलझाकर चार अंकों का कोड पूछकर, लाटरी या इनाम जीतने के बहाने आदि करके साइबर अपराधी लोगों को चूना लगाते आ रहे हैं। ऐसे मामलों में जानकारी होने पर संबंधित व्यक्ति पुलिस अधिकारी के पास प्रार्थनापत्र लेकर पहुंचता है। अधिकारी वह प्रार्थनापत्र साइबर सेल को संदर्भित कर देते हैं। जिसके बाद साइबर सेल अपने तरीकों से छानबीन करता है। उच्च तकनीकी इस्तेमाल करके संबंधित जालसाजी करने वाले व्यक्ति का खाता फ्रीज करवाकर रकम वापस ठगी किए गए खाते में मंगवा ली जाती है।

# सोनहा के थानेदार सहित चार पुलिसकर्मी निलंबित

**गोवंश हत्या के मामले में थाने के दरोगा, ग्राम प्रधान सहित 18 नामजद, 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, 10 आरोपी गिरफ्तार किए गए**

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/सोनहा/भानपुर।** सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव के सीवान में प्रतिबंधित पशु की हत्या करने के मामले ने तूल पकड़ लिया। थाने के एसएचओ विनोद कुमार, हल्का दरोगा अनिल यादव और दो आरक्षियों को निलंबित कर दिया गया। मामले में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर हल्का दरोगा समेत 18 लोगों के विरुद्ध गोवध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें से 10 आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस कर चुकी है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बाकी की तलाश भी की जा रही है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। सोमवार सुबह गदापुर चक गांव के बाग में पशु वध की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि थाने के एक एसआई और आरक्षी मौके पर पहुंचे और पशु के शव को मिट्टी में दफन करवा दिया।

**सोनहा थाने के गदापुर चक गांव में सोमवार को सामने आया था मामला**

इस बात की जानकारी विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं को हो गई। जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए। काफी संख्या में ग्रामीणों के इकट्ठा होने की जानकारी मिलने पर एसडीएम भानपुर और एसएचओ मौके पर पहुंचे।

एसडीएम की मौजूदगी में पशु के शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगने लगा। मामले को तूल पकड़ते देख गांव में सोनहा के अलावा वाल्टरगंज और पुरानी बस्ती थाने की पुलिस बुला ली गई।

बाद में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की तहरीर पर हारून, अब्बूहाजी, हबीब, तौहिद, गुलाब, मुबारक, सफीकुल्लाह हाजी, इम्तियाज अली, रज्जाक, इश्क मिया, जाहिद होमगार्ड, सलीम, रशीद, तजम्मुल, जुगुन, टिल्लू और ग्राम प्रधान पवन द्विवेदी उर्फ मंटू दुबे निवासी गदापुर चक थाना सोनहा के अलावा थाने के एसआई अनिल यादव और अज्ञात 20 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

एसपी ने बताया कि इनमें जुबेर अहमद, सहाबुद्दीन, अब्दुल अहद, तफसीर अहमद उर्फ जुगनू, समीर अहमद, अब्दुल कलाम उर्फ बुद्दू, फैयाज अहमद, अब्दुल रहीम, मो. मारूफ, और इकबाल उर्फ नन्हू निवासी गदापुर चक को उनके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। इन सभी के नाम तफ्तीश के दौरान सामने आए थे। नामजद सहित बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।



मामले में गिरफ्तार आरोपी। संवाद

### रवींद्र सिंह बने सोनहा के नए प्रभारी निरीक्षक

**बस्ती।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड के जरिए चार थानों पर नए प्रभारियों की तैनाती की है। दुबौलिया थाने पर तैनात अतिरिक्त निरीक्षक रवींद्र कुमार सिंह को सोनहा का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। इसके अलावा पैकोलिया के थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह को सोशल मीडिया सेल में भेजकर वहां तैनात रहे महेश सिंह को लालगंज का थानाध्यक्ष बना दिया गया है। लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह को पैकोलिया का थानाध्यक्ष बनाया गया है। संवाद

### गोवंश हत्या के मामले में निलंबन काफी नहीं आरोपियों पर की जाए कठोर कार्रवाई

**बस्ती।** विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुरचक गांव में हुई गोवंश हत्या मामले में कठोर कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद वे स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे और मामले को डीएम, एसडीएम और एसपी के संज्ञान में लाया। मामले में सोनहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जाना काफी नहीं है। इसमें संलिप्त सभी आरोपियों को सजा दिलाए जाने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए। बताया कि मामले में यदि लीपापोती का प्रयास किया गया तो मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करेंगे। मौके पर बाबा गिरजेश दास, सौरभ तिवारी, विंदगोपाल त्रिपाठी, मुन्ना सिंह, महेश हिंदुस्थानी, अमरजीत सिंह, राकेश सिंह, प्रिंस पटेल, अजय मिश्रा, अखिलेश पटेल आदि मौजूद रहे। संवाद

# एपीएनपीजी कॉलेज में धरना प्रदर्शन के दौरान मारपीट

## 11 नामजद सहित बीस अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के अंबिका प्रताप नारायण पीजी कॉलेज परिसर में धरना-प्रदर्शन के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि कॉलेज में परीक्षा परिणाम सही कराने के लिए छात्रों का धरना-प्रदर्शन चल रहा था। एक पक्ष के प्रशांत मिश्रा निवासी हरैया मिश्र थाना पुरानी बस्ती हाल मुकाम तुरकहिया कोतवाली का आरोप है कि वह और उनके सहयोगी कॉलेज प्रशासन के पास परीक्षा परिणाम सही कराने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे थे।

तभी विकास त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी और 15 से 20 अज्ञात लोगों ने एक राय होकर मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के विकास त्रिपाठी निवासी अमहरी थाना कोतवाली का आरोप है कि एपीएनपीजी कैंपस में धरना-प्रदर्शन करते समय विपक्षियों ने एक राय होकर अपशब्द कहा।

इसके बाद उन्हें व उनके सहयोगियों को मारापीटा। सहयोगियों का मोबाइल व वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने अभिषेक पांडेय उर्फ अभी, शिवम त्रिपाठी, प्रशांत मिश्रा, अम्बुज पटेल (प्रत्याशी अध्यक्ष), दीपक पाल, हिमेश त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी और राघवेन्द्र रत्नाकर पांडेय के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। एसएचओ शशांक शेखर राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश की जा रही है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 09-11-2022

# कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। आज कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर लोगों ने पवित्र नदियों व सरोवरों में डुबकी लगाया। लोगों ने इस अवसर पर दान पुण्य भी किया। जगह जगह मेले भी लगे जहाँ लोगों ने जमकर खरीदारी की, इसमें सभी उम्र के लोग सम्मिलित हुए।

आज कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर लोगों जगह जगह पवित्र नदियों व सरोवरों में स्नान ध्यान किया।बाबुराहनी घाट, ककरही घाट,राप्ती तट बाँसी ,डुमरियागंज आदि स्थानों पर पहुंचकर बूढ़ी राप्ती नदी, कूड़ा नदी,राप्ती नदी, बाणगंगा नदी में सुबह सुबह डुबकी लगाया और ध्यान लगाकर पवित्र नदियों को नमन किया साथ ही दानपुण्य भी किया। नदियों के किनारे लोगों ने गाय को भी पूजा और बछियों का पूँछ स्पर्श कर उन्हें दान दिया व भवसागर पार कराने का आशीर्वाद लिया।जगह जगह इस अवसर पर शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गया।

**कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाया आस्था की डुबकी**

**जगह जगह लगे मेले का लुत्फ उठाया लोगों ने**

**'लेदवा मेले में झूला,सर्कस, हाथी, खिलौने रहे आकर्षण**

सोहास बाजार प्रतिनिधि के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर क्षेत्र के कूड़ा नदी,जमुआर नाला और घोंघी नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।लोगों ने गो दान,अन्न दान कर गंगा जी की पूजा अर्चना की। जगह जगह मेला का भी आयोजन किया गया

बानगंगा प्रतिनिधि के अनुसार शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के बानगंगा नदी में कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र कार्तिक स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से भक्तों के सभी दुःख-दर्द दूर हो जाते है और उनके जीवन में सदैव खुशियां बनी रहती है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से कार्तिक स्नान किया जाता है।इस दिन बानगंगा नदी तट पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु कार्तिक स्नान करने बानगंगा नदी पर आते हैं। हिन्दू धर्म में इस स्नान का विशेष महत्व है।किवदंतियों के अनुसार कार्तिक मास में भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप धारण किया था। साथ इसी तिथि के दिन भगवान शिव ने दैत्य त्रिपुरासुर का वध किया था। इसलिए इस दिन को त्रिपुरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि पद्म संजय कुमार यादव,राजू कुशवाहा, बृजेश कुमार, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

बांसी (एसएनबी)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार की भोर में बांसी के रानी मोह भक्त लक्ष्मी घाट सहित राप्ती के टेढ़िया, गेठवा, बधिनी आदि घाटों पर कन्याओं, महिलाओं व पुरुषों ने नदी के जल में आस्था की डुबकी लगाया।

सर्वप्रथम कन्याओं ने तदुपरान्त महिलाओं व पुरुषों ने स्नान कर भगवान की स्तुति किया। महिलाओं ने घरों में तुलसी की धूप-दीप व पुष्प-अच्छत आदि से अर्चना की। इस दौरान नपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीस पटवारी सहयोगियों के साथ लगातार घाट के समीप मौजूद रहे, और पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। चेतिया प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के बूढ़ी राप्ती नदी के महरथा घाट एवं बड़हरघाट के परासी नदी में भोर चार बजे से ही श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। इस दौरान कई स्थानों पर मेला भी लगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुकामी पुलिस मुस्तैद रही। पथरा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के बधिनी घाट में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लोग भोर से ही राप्ती में स्नान करना शुरू कर दिये। महिलाओं व पुरुषों ने आस्था की डुबकी लगाते हुए दान-पुण्य भी किये। पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही।

इसीक्रम डुमरियागंज में कार्तिक पूर्णिमा के



बूढ़ी राप्ती ककरही के तट पर लोगों की भीड़, मौके पर तैनात पुलिस के अधिकारी व जवान,मेले मे लगा बच्चो के खेलने का झूला।

फोटो : एसएनबी

# ९४ वाहनों का किया गया चालान

सिद्धार्थनगर। जनपद व यातायात पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कागजात में खामियां मिलने, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने व यातायात नियमों का उलंघन करने पर ९४ वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही ९८ हजार रुपये शमन शुल्क वसूलने की कार्रवाई की गई।

# नेपाल ले जाई जा रही किशोरी बॉर्डर से बरामद

**कामयाबी**

- एसएसबी ने ककरहवा से तस्कर को दबोचा
- भदवल का निवासी है आरोपित सलाहुद्दीन

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने एक भारतीय किशोरी को मानव तस्कर के चंगुल से बचा लिया है। बरामद किशोरी व पकड़े गए आरोपी को एसएसबी ने एएचटीयू सिद्धार्थनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

एक युवक के साथ बाइक से एक किशोरी ककरहवा बार्डर से नेपाल जाने की फिराक में थी। एसएसबी जवानों को मामला संदिग्ध लगा तो रोक कर पूछताछ की। पूछताछ में मामला मानव तस्करी से प्रेरित लगा। एसएसबी में तैनात एएचटीयू की टीम भी पहुंचकर पूछताछ में लग गई। पकड़े गए आरोपित की पहचान सलाहुद्दीन निवासी भदवल थाना सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। एसएसबी ने मानव सेवा संस्थान की उपस्थिति में किशोरी व पकड़े गए आरोपित को एएचटीयू सिद्धार्थनगर पुलिस को सुपर्द कर दिया है। प्रभारी कमांडेंट आरके डोगरा ने बताया की भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी की रोकथाम के लिए एसएसबी की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

# बालगृह से भाग किशोर सिद्धार्थनगर पहुंचा

कल्याणपुर/सिद्धार्थनगर। सीटीएस बस्ती स्थित राजकीय बाल गृह से सोमवार को किशोर भागकर सिद्धार्थ नगर स्थित घर पहुंच गया। बालगृह अधीक्षक ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। कानपुर से पुलिस टीम किशोर के घर के लिए रवाना हो गई है। राजकीय बाल गृह में 3 नवंबर को बाल कल्याण समिति ने सिद्धार्थनगर के खेसराहा थाना निवासी किशोर को रखा था। इसे जीआरपी ने बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा था।

# 10 लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**बढ़या** : मंगलवार को मिश्रौलिया पुलिस ने कच्ची के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि सोनौली नानकार निवासी महेंद्र को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। इसके पास से 10 लीटर कच्ची बरामद हुई।

# गश्त की होगी आनलाइन निगरानी

**जासं, सिद्धार्थनगर :** जनपद में अपराध तेजी से बढ़े हैं। मारपीट से लेकर चोरी, अपहरण की घटनाओं में इजाफा हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं से पुलिस के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों व पुलिस बीट अधिकारियों को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने चेताया है कि क्षेत्र में अपराध न रूकने पर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ठंड बढ़ने के साथ ही जनपद में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। इनमें चोरी की घटनाएं सर्वाधिक हो रही है।

घटनाओं का पर्दाफाश कर पाना पुलिस के लिए मुश्किल हो गया है। इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को गश्त बढ़ाने को कहा है। साथ ही क्षेत्र में गश्त के दौरान लोकेशन भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उनसे कहा गया है कि शहर और गांवों में नियमित गश्त की जाए। रात्रि में वाहनों की चेकिंग और गांव मोहल्ले में मिले संदिग्धों से पूछताछ के बाद ही जाने की अनुमति होगी।

**सदर थाना क्षेत्र में हो चुकी है आधा दर्जन चोरी :** शहर में पिछले महीने कई चोरी की घटनाएं हुई हैं। अगस्त माह में एसपी कार्यालय में कार्यरत एक बाबू के मकान को भी चोर निशाना बना चुके हैं, इसके बावजूद अभी तक मामले का पर्दाफाश नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से पुलिस की कार्यप्रणाली पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

**थाना प्रभारी को क्षेत्र में भ्रमण का डालना होगा लोकेशन, पुलिस अधिकारी करेंगे क्षेत्र भ्रमण की क्रास चेकिंग, लापरवाह होंगे चिह्नित**

### रात्रि गश्त के बीट प्रभारियों को फोटो डालना होगा आवश्यक



पुलिस बीट अधिकारियों को भी अपने क्षेत्र में रात्रि में नियमित गश्त के निर्देश मिले हैं। सभी को निर्देशित किया गया है कि चिह्नित अपराधियों पर भी नजर रखें। गतिविधि संदिग्ध होने पर तत्काल कार्रवाई करें। क्षेत्र में कानून व्यवस्था में कमी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।



ठंड में चोरी की घटनाओं में इजाफा होता है। इसे रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये गए हैं। इधर हुई घटनाओं के पर्दाफाश के लिए पुलिस की टीम लगाई गयी है।

**अमित कुमार आनंद**, एसपी

# युवती को मानव तस्कर से बचाया

जासं, सिद्धार्थनगर : भारत नेपाल सीमा के ककरहवा बार्डर से मंगलवार को एक किशोरी को मानव तस्करों से बचाया गया। एक युवक उसे शादी का झांसा देकर नेपाल ले जाने की फिराक में था। बाइक से बार्डर पार करते समय संदिग्ध दिखने पर एसएसबी जवानों ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान सलाहुद्दीन निवासी भदवल के तौर पर हुई है। किशोरी व युवक को एएचयूटी व मानव सेवा संस्थान के कर्मियों की मौजूदगी में मोहाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

# रुपयों की बढ़ती लालच में कर रहे अपराध

**जासं, सिद्धार्थनगर** : हर जरूरत को पूरा करने में धन अहम भूमिका निभाता है। धन खर्च करने में सोच अहम मायने रखती है, लेकिन धन का महत्व इतना भी नहीं कि लोगों की जान ही ले ली जाए, पर जनपद में चंद रुपये के लिए कइयों की हत्या तक हो चुकी है। पुलिस भी गिरफ्तारी कर मामले को खत्म कर देती है, पर इसका समाज पर गहरा असर देखने को मिल रहा है। एक वर्ष के भीतर छह से अधिक लोगों की हत्या इस वजह हो चुकी है।

जनपद में ऐसे अपराध भी हो रहे हैं, जो रिश्तों और मानवता को तारतार कर रहे हैं। लोगों को लालच ने ऐसा पर्दा डाल दिया है कि उन्हें इस बात की जरा भी परवाह नहीं है कि रुपये तो कमाया जा सकता है, पर परिवार व रिश्तेदार को दोबारा हासिल नहीं किया जा सकता। पुलिस ने कई ऐसी घटनाओं को पिछले दिनों पर्दाफाश किया, जिसे सुनकर लोगों को विश्वास नहीं हो रहा है।

- **एक वर्ष के भीतर छह से अधिक लोगों की हो चुकी है हत्या**
- **पुलिस की कार्रवाई सिर्फ गिरफ्तारी तक होती है सीमित**

**केस- एक :** इटवा थाना क्षेत्र के भिलौरी ककरही निवासी 45 वर्षीय सुभाष चौरसिया की हत्या उसके सगे साले डुमरियागंज के तेलियाना मोहल्ला निवासी सुनील चौरसिया ने तीन लाख 65 हजार रुपये को हड़पने के लिए हथौड़ा मारकर किया था। वह जीजा के रुपये वापस नहीं करना चाहता था। इसे नाते उसने ऐसा कृत्य किया, पर उसे इस बात का भान नहीं हुआ कि जीजा के न रहने पर बहन का जीवन किन परिस्थितियों में बीतेगा।

**केस- दो :** मोहाना थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव में सितंबर महीने में युवती और उसके पिता ने मिलकर गांव के चार वर्षीय सन्नी चौरसिया की हत्या कर दी थी। इसकी वजह बच्चे में गले में पहनी गई सोने की मछली थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपितों ज्योति व उसके पिता को जेल भेज दिया था। बच्चा आरोपित का पड़ोसी व रिश्ते में भतीजा लगता था।



कोरोनाकाल के बाद लोगों में आर्थिक तंगी बढ़ी है। तनाव होने से जान लेने तक की घटनाएं होने लगीं हैं। इससे सभी को बचना चाहिए। तनाव दूर करने के लिए व्यायाम व दवाओं का सहारा लेना चाहिए।

**डा. मोहम्मद अफजल**, विभागाध्यक्ष मनोरोग विभाग, माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय

# बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी स्कार्पियो

जासं, तुलसियारपुर, सिद्धार्थनगर : ढेबरुआ थानाक्षेत्र के ढेबरुआ-ढेकहरी मार्ग पर खजुरिया शर्की गांव के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में चार पहिया वाहन स्कार्पियो पलट गया। घटना में बाइक सवार दो लोगों को हल्की चोट आई।

# नाबालिग लड़की को मानव तस्कर से बचाया

संवाद न्यूज एजेंसी

## ग्राम भदवल थाना का बताया जा रहा है आरोपी सलाहुद्दीन

**ककरहवा।** एसएसबी 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने भारतीय नाबालिग लड़की को मानव तस्कर से बचाया। पकड़े गए आरोपी का नाम सलाहुद्दीन निवासी ग्राम भदवल थाना व जिला सिद्धार्थनगर बताया जा रहा है।

एसएसबी के अनुसार, सोमवार को ककरहवा पोस्ट से मोटरसाइकिल से एक युवक अपने साथ एक नाबालिग लड़की को भारत से नेपाल ले जाने की फिराक में था। एसएसबी के जवानों ने रोक कर पूछताछ की तो मामला मानव तस्करी से संबंधित निकला। एसएसबी ने मानव सेवा संस्थान की मौजूदगी में नाबालिग लड़की एवं आरोपी को एएचटीयू यूपी पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

इस संबंध में एसएसबी के प्रभारी कमांडेंट आरके डोगरा ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर मानव तस्करी को रोकने के लिए एसएसबी की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# सिद्धार्थनगर पुलिस शिकायत निस्तारण में पहले स्थान पर

**जासं, सिद्धार्थनगर:** जन सुनवाई शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में सिद्धार्थनगर पुलिस ने अक्टूबर महीने में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

इसके अलावा प्रदेश स्तर पर आइजीआरएस की थानावार रैंकिंग में जनपद के पांच थाने चिल्हिया, मोहाना, गोल्हौरा, ढ़ेबरुआ व शोहरतगढ़ को भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एसपी अमित कुमार आनंद ने समस्त थाना प्रभारी व थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ित साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभयपक्ष के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# सुलह समझौते के बाद विवाद का हुआ पटाक्षेप

**धनघटा (एसएनबी)।** बीते दिनों धनघटा थानान्तर्गत रामपुर बारहकोनी बाजार के समीप दो वाहनों के आपसी टक्कर के बाद दो गुटों में हुए विवाद को लेकर पौली कस्बा समेत आसपास उत्पन्न हुआ तनाव क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों की उपस्थिति में हुए सुलह समझौते के बाद समाप्त हो गया। विवाद समाप्त होने के बाद स्थानीय पुलिस भी राहत की सांस लेने लगी है। विदित हो कि बीते बुधवार की शाम थाना क्षेत्र के रामपुर बारहकोनी बाजार के समीप थाना क्षेत्र के अमौली गांव निवासी नितिश सिंह पुत्र अरुण सिंह की बोलेरों वाहन तथा रामपुर परसा गांव निवासी वाजिद पुत्र अब्दुल वहीद के कार की आपस में टक्कर हो गयी और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई। मारपीट में एक पक्ष से नितिश सिंह और अमौली गांव के ही निवासी अश्वनी पुत्र जवाहिर कन्नौजिया तथा दूसरे पक्ष से वाजिद तथा एयाज पुत्र तौहिद को चोटे भी आई थी। घटना के बाद तत्काल दोनों पक्ष आमने सामने हो गए थे लेकिन समय रहते पहुंची पुलिस ने विवाद का तत्कालिक पटाक्षेप करा दिया लेकिन अगले दिन दुबारा दोनों पक्षों के बीच पौली कस्बे में आमने सामने होने की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। हालत यह रही कि दोनों पक्ष के लोग लाठी डण्डा और असलहा लेकर पौली कस्बें में एक दूसरे के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी भी देते नजर आए। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण पौली समेत आसपास के गावों में घटना को लेकर तनाव बना हुआ था। सोमवार को क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता हो गया जिससे विवाद का पटाक्षेप हो गया और विवाद को लेकर फैल रहा तनाव खत्म हो गया। विवाद समाप्त होने के बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ले ली है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि दोनों पक्ष बातचीत कर आपस में सुलह समझौता कर लिए इसलिए घटना को लेकर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

# तीन आरोपितों पर पुलिस ने की कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने अलग-अलग मामले में तीन आरोपितों को दबोचकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई किया। थाना धनघटा पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

थाना महुली पुलिस ने 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ विजय पुत्र सर्वजीत निवासी गुदौरा थाना महुली को गिरफ्तार कर थाना महुली पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई पूरी किया। पुलिस टीम ने सभी आरोपितों को संबंधित न्यायालय रवानाकर दिया।

# पुलिस ने 1.78 लाख जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से एक लाख 78 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के 121 वाहनों के चालकों से एक लाख 78 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।



बिड़हर घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# मेले के दौरान चौकस दिखी पुलिस

बिड़हरघाट पर लगने वाले स्नान पर्व पर भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इस बार सुरक्षा रणनीति कारगर साबित हुई। सड़कों पर बनाए गए बैरिकेडिंग स्थल पर कोई ढिलाई न बरतें जाने से श्रद्धालुओं का रेला घाट तक सुविधा पूर्वक पहुंचता रहा। वापसी में भी लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नही करना पड़ा। मेले में चप्पे -चप्पे पर पुरुष व महिला सुरक्षा कर्मी तैनात किए गये थे। घाट पर मोबाइल टीमें गश्त पर थी। एसडीएम, तहसीलदार व सीओ नजर बनाए रहे।

# पांच के विरुद्ध हत्या और बलवा का मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपितों के विरूद्ध हत्या, बलवा व अन्य मामले में मुकदमा दर्ज किया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि कोर्ट को दिए अपने प्रत्यावेदन में लालमती देवी पत्नी स्वर्गीय रामप्रसाद पाण्डेय निवासी मौजा मूंसाबार थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर ने बताया कि उनके बड़ी लड़की वन्दना राय की शादी रामनिवास पुत्र जगदीश राय निवासी ग्राम बाहिलपार में हुई थी। जिसकी एक मात्र लड़की सौम्या राय थी, जो बीएससी की छात्रा थी। लड़की के ससुराल पक्ष के लोग बहुत ही लालची प्रवृति के हैं। पीड़िता के अनुसार पति रामप्रसाद पाण्डेय ने बड़ी लड़की को जीविकोपार्जन के लिए करोड़ों रुपये की अचल सम्पत्ति दिया था। उसके ससुराल वाले बार-बार लड़की को प्रताड़ित करते थे कि वह संपत्ति को उनके नाम कर दें। उसे ऐसा करने से मना कर दिया तो पति रामनिवास, ससुर जगदीश, सास शांति देवी, जेठानी कंचन व उनके रिश्तेदार उपेन्द्र उर्फ राजू पुत्र रामनरेश राय निवासी ग्राम करमा, थाना बेलौहा जनपद सिद्धार्थनगर ने मिलकर लड़की वन्दना राय व उसकी पुत्री सौम्या राय को गला दबाकर मार दिए।

# संदिग्ध हालात में वृद्ध की हुई मौत

मगहर। कोतवाली खलीलाबाद के मगहर कताई मिल के निकट भाई के घर रह रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वृद्ध की मौत को लेकर संदेह की स्थिति में पीआरवी की सूचना पर स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोरखपुर जनपद के बोक्टा थाना गीड़ा निवासी 80 वर्षीय मृतक लालधारी यादव अपने भाई मगहर कताई मिल निकट निवासी लाल मोहर यादव के घर पर रह रहे थे। उनका मंगलवार भोर में निधन हो गया। ग्रामीणों की माने तो पिता के निधन की खबर सुन पहुंचे बेटे हरेन्द्र यादव ने मौत को लेकर संदेह जाहिर किया।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को दबोचकर कानूनी कार्रवाई किया। थानाध्यक्ष बेलहरकला अमित कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अप्राकृतिक दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट से संबंधित वांछित बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित अभियुक्त ने दिनांक 07 नवंबर को वादिनी के नाबालिग बेटे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# कोर्ट के निर्देश पर विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

संतकबीरनगर, हिसं। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि कोर्ट को दिए अपने प्रत्यावेदन में आवेदिका अकालपति ने बताया कि करीब चार साल पूर्व कैलाश, जिलाजीत चौधरी व नरसिंह यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा खलीलाबाद से लोन लेने का प्रयास किया। वह अनुसूचित जाति की महिला है।

एक माह तक दौड़ने के बाद उक्त ने कई कागजात पर हस्ताक्षर कराकर उसका आईडी एवं दो हजार रुपए नकद लिया। इसके बाद भी लोन न मिलने पर निराश होकर घर वापस चली आई। एक साल पूर्व उसको एलडीबी बैंक शाखा खलीलाबाद से नोटिस प्राप्त हुआ। जिसके बारे में पूछने पर पता चला कि नाजायज तरीक से धोखाधड़ी एवं फ्राड कर बैंक लोन बकाया होना बताकर लोन वसूली का नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके बारे में उसे कोई जानकारी नही है। बैंक नोटिस मिलने के बाद कई बार उक्त से संपर्क साधने का प्रयास किया।

खलीलाबाद के चौधरी कृषि केन्द्र इंडियन बैंक सुगर मिल रोड पर मुलाकत हुई तो बताया कि तुम्हारे नाम से लोन बकाया है। दिए हुए रुपए वापस मांगने पर विपक्षियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते गाली दी।

# मारपीट में घायल को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। यूपी 112 पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मारपीट व विवाद की घटना में घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 3316 को थाना बेलहरकला क्षेत्र के कुशहरा गांव से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट व विवाद की घटना होने से 02 महिलाओं के घायल होने के संबंध में सूचना दिया था।

# पुलिस ने वाहनों से वसूले 1.78 लाख शमन शुल्क

संतकबीर नगर : पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 121 वाहनों से 1,78,000 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूले। (जासं)

# मासूम के साथ कुकर्म करने वाले आरोपित को भेजा बाल सुधार गृह

**जासं, सांथा, संतकबीर नगर :** बेलहर पुलिस ने मासूम के साथ कुकर्म करने वाले आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग होने के कारण आरोपित को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया। सोमवार को नाबालिग आरोपित ने एक विद्यालय में घटना को अंजाम दिया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीड़ित बच्चे का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

बेलहर थाने में दी गई तहरीर में एक गांव की महिला ने उल्लेख किया है कि सोमवार की दोपहर के समय वह तीन वर्षीय बेटे को घर पर छोड़कर चौराहे पर सामान खरीदने के लिए गयी थी। गांव के ही युवक उनके घर में चला आया। बेटे को अकेले पाकर उसे एक विद्यालय में लेकर चला गया। उसने जबरन उनके बेटे के साथ कुकर्म किया। घर पहुंचने पर उनका बेटा नहीं मिला। इस पर वह बेटे को खोजने लगी। इस दौरान वह बच्चे के रोने की आवाज सुनी। निकट पहुंचने पर उनका बेटा रोता हुआ मिला।

इस मामले में पुलिस ने आरोपित तौहीद के विरुद्ध कुकर्म, पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# मनरेगा मजदूरों की पिटाई के मामले में पिता-पुत्र पर मुकदमा

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर:** धनघटा पुलिस ने मनरेगा मजदूरों की पिटाई के मामले में मंगलवार को पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पौली ब्लाक के बघौड़ा में बीते सोमवार को दोपहर के समय इन्हें पीटा गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

धनघटा थाने पर बघौड़ा गांव निवासी बजरंगी, कोदई,उमेश,अमरमणि, सनी आदि मनरेगा मजदूरों ने तहरीर दी है। इसमें इन्होंने उल्लेख किया है कि वे बीते सोमवार को बघौड़ा गांव में इंटरलाकिंग सड़क बना रहे थे। इसी दौरान दोपहर के करीब 12 बजे इस गांव के विनोद व उनके पिता चौथी मौके पर पहुंचे। इस कार्य को रोकने लगे। कारण पूछने पर इन्होंने लाठी से पीटकर घायल कर दिए।

थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि पिता-पुत्र के विरुद्ध दलित उत्पीड़न, सरकारी काम में बाधा डालने, मारने-पीटने, जान-माल की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## दिव्यांग के साथ छेड़छाड़, जांच जारी

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर:** धनघटा थाने के एक गांव में मनचला युवक दिव्यांग बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसे पीटा। फिलहाल मां की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। धनघटा थाने में दी गई तहरीर में एक गांव की महिला ने उल्लेख किया है कि सोमवार की देर रात वह घर में बच्चों के साथ थी। इसी दौरान गांव का ही युवक उसके घर में घुस गया। उसकी दिव्यांग बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर वह व अन्य लोग उसके पास पहुंचे। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीर नगर : महुली थाने की पुलिस ने पांच लीटर कच्ची के साथ गोन्दौरा निवासी विजय को गिरफ्तार किया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है। (जासं)

# शांतिभंग में दो लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा थाने की पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय रवाना किया।(जासं)

# मां-बेटी की हत्या के आरोप में पति समेत पांच पर केस दर्ज

## न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बंधक बनाने और हत्या करने के आरोप में केस दर्ज कर की जा रही छानबीन : कोतवाल**

संतकबीरनगर। कोर्ट के आदेश पर मंगलवार की देर शाम कोतवाली पुलिस ने मां-बेटी की हत्या के आरोप में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

गोरखपुर जिले के कैम्पियरगंज क्षेत्र के मुसाबार की रहने वाली लालमती देवी पत्नी राम प्रसाद पांडेय का आरोप है कि उसकी बड़ी बेटी वंदना राय की शादी कोतवाली क्षेत्र के वाहिलपार निवासी राम निवास पुत्र जगदीश राय के साथ हुई थी। जिसकी एकलौती बेटी सौम्या राय थी, जो बीएससी की छात्रा थी।

उसका कोई पुत्र नहीं है, सिर्फ दो बेटियां हुईं। उसकी सेवा छोटी बेटी करती है। पति राम प्रसाद पांडेय ने बड़ी बेटी वंदना को जीविकोपार्जन के लिए करोड़ों रुपये की अचल संपत्ति दी थी। पिता के जरिए मिली संपत्ति को ससुराली अपने नाम लिखवाने को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। जिसकी सूचना बेटी ने पूर्व में कई बार दी थी। 22 फरवरी 2020 को उसकी बेटी ने पिता की संपत्ति की ससुरालियों के नाम रजिस्ट्री करने से मना कर दी।

आरोप है कि उसी रंजिश की वजह से लोग उसकी बेटी वंदना और नातिन सौम्या को बिना अन्न, जल के कमरे में कैद कर दिए। उसके बाद भी बेटी ने जमीन देने से मना कर दिया। आरोप है कि लोग वंदना और नातिन सौम्या का गला दबाकर मार डाले। घटना को हत्या से भटकाने के लिए बेटी और नातिन के शव को कुंडे से लटका दिए।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि इस मामले में पति राम निवास, जगदीश, शांति देवी, कंचन और उपेंद्र उर्फ राजू के खिलाफ बंधक बनाने और हत्या करने के आरोप में केस दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा मजदूरों की पिटाई के आरोप में बाप-बेटे पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। विकास खंड पौली के बघौड़ा गांव में सोमवार शाम मनरेगा के तहत इंटरलॉकिंग कार्य कर रहे मजदूरों को गांव के ही दो लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार देर शाम बाप-बेटे के विरुद्ध दलित उत्पीड़न, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और मारपीट का केस दर्ज किया।

बघौड़ा निवासी बजरंगी, कोदई, उमेश, अमरमणि, सनी आदि का आरोप है कि वे लोग गांव में इंटरलॉकिंग कर रहे थे। उसी दौरान गांव निवासी विनोद व उनके पिता चौथी मौके पर पहुंचे और कार्य को रोकने लगे ।

जब कार्य रोकने का कारण पूछा तो लाठी डंडे से मारपीट कर उन लोगों को घायल कर दिए। एसओ केडी सिंह ने बताया कि तहरीर कें आधार पर विनोद और चौथी के विरुद्ध दलित उत्पीड़न, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व मारपीट मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# पुलिस ने कुकर्म के आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लिया

बेलहर। क्षेत्र के एक गांव में बालक से कुकर्म करने के आरोपी किशोर को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपी किशोर को बाल न्यायालय बस्ती भिजवा दिया।

एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि सोमवार को पीड़ित मां तीन वर्षीय बालक को घर छोड़कर सांथा कुछ सामान लेने के लिए गई थी। सुनसान देखकर गांव का ही किशोर घर में पहुंच गया और बालक से कुकर्म किया। पीड़ित मां ने इस मामले में आरोपी किशोर के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

सूचना के आधार पर आरोपी किशोर को मंगलवार को अभिरक्षा में लेते हुए बाल न्यायालय बस्ती भिजवा दिया गया। संवाद

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# हाईवे से अनाधिकृत खड़े वाहन पुलिस ने हटवाए

**हि असर**

करनैलगंज, संवाददाता। गोण्डा जरवल फोरलेन पर अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों के चलते हो रही लगातार मार्ग दुर्घटनाओं के चलते स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त था। इन वाहनों को हटवाने व सड़क को खाली करवाने के लिये कई बार स्कूलों के प्रधानाध्यापकों सहित स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की थी। इस समस्या पर 'हिन्दुस्तान' ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।

इसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने मंगलवार सुबह अभियान चलाकर लगभग दो किलोमीटर के दायरे में स्थित ट्रांसपोर्टो के सामने खड़े ट्रकों व डंपरों को हटवा दिया। इससे कार्तिक पूर्णिमा पर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं सहित आम लोगों ने राहत की सांस ली है। सीओ मुन्ना उपाध्याय व एसडीएम हीरालाल ने बताया कि हाईवे को खाली रखने के लिये पुलिस को सख्त निर्देश दिये गये है। अब दुबारा किसी भी ट्रांसपोर्ट के सामने अनाधिकृत वाहन खड़े पाये गये तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर के ट्रांसपोर्ट संचालक अपनी पहुंच व पुलिस से साठगांठ कर वाहन सड़क पर ही खड़ा करवाते

# युवती को भगाने का आरोपी पकड़ा

मोतीगंज। थाना क्षेत्र की युवती को बहला फुसलाकर भगाने के आरोपी युवक को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक करीब एक माह पूर्व उसे भगा ले गया था। इसके बाद से आरोपी युवक की पुलिस तलाश कर रही थी।

थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि मंगलवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि आरोपी युवक महेश कुमार निवासी कोनिया बनकट बाबागंज थाना धानेपुर बीरपुर बाजार में युवती के साथ खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने युवक को पकड़ लिया।

# गांव के दबंगों ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, वेलसर (गौंडा)** : सिंहपुर के रहने वाली राजेश्वरी ने दी गई तहरीर में कहा कि पति लक्ष्मी प्रसाद शर्मा बाहर रहते हैं। वह घर पर अकेली थी। गांव के ही पवन, संजय, अंजनी ने लाठी पिटाई कर दी। वही घाचा बीकापुर टपरहन पुरवा निवासी आशीष पांडेय ने तहरीर देकर कहा कि उसका मिट्टी का मकान बना हुआ था।

बाढ़ आने की वजह से मिट्टी का मकान गिर गया। उसी पर नया मकान बना रहा था। गांव के विजय, अरुण, अनिल निर्माण कार्य रोक रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने कहा कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

# बालिका से छेड़छाड़ करने का आरोपित गिरफ्तार

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा)** : एक गांव में बालिका के साथ छेड़खानी के मामले में वृद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बालिका के पिता ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी बेटी को आरोपित ने रुपये का लालच देकर अपने पास बुलाया। आरोप लगाया कि जब उसकी बेटी वहां नहीं गई तो आरोपित ने उसे पकड़कर छेड़छाड़ की। बेटी ने घर पहुंच कर आपबीती सुनाई। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

**जिले की महत्वपूर्ण खबरें**
www.jagran.com पर पढ़ें

# गवाही न देने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**संवादसूत्र, बेलसर (गोंडा) :** 39 वर्ष पूर्व दर्ज मुकदमे में अदालत पर हाजिर न होने के मामले में गवाह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तरबगंज थाने के चौकी प्रभारी भानपुर सोम प्रताप सिंह ने कहा कि 1983 में एक मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें बनगांव डीहा निवासी सूर्यलाल की गवाही होनी थी। इन्हें अदालत ने कई नोटिस जारी कर तलब किया लेकिन, वह अदालत पर हाजिर नहीं हुआ। अदालत ने उसे गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश जारी कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**धानेपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के मेहनौन निवासी एक युवक लापता हो गया। उसकी मां कुसमा देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि उनका बेटा सुनील कुमार (26) सोमवार की रात घर से बिना कुछ बताए कहीं चला गया। जिसकी काफी खोज बीन की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। उसके पास उपलब्ध मोबाइल पर फोन लगाने पर घंटी बज रही है, लेकिन उठ नहीं रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# खैर की लकड़ी के साथ चार गिरफ्तार

ललिया, संवाददाता। सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग जंगल में अवैध कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात करीब 12 बजे बरहवा रेंज क्षेत्र के महदेइया गांव के पास आधा ट्रक छिला खैर बोटा पुलिस ने बरामद किया है।

साथ ही चार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी बनकटवा रेंज इंद्रभान सोनकर ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बरहवा रेंज क्षेत्र के महदेईया गांव थाना महाराजगंज तराई के पश्चिम नहर के पास से आधा ट्रक छिला खैर बोटा बरामद किया गया है। मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। जबकि चार अभियुक्त जाकिर अली निवासी गिरधरडीह, अजीजुलहक तथा अजमत उल्लाह निवासी बसंतपुर थाना तुलसीपुर और मनीराम निवासी बालापुर जरावा थाना कोतवाली जरवा को पकड़कर उनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। चालक की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।



अवैध कटान की गई खैल बोटे के साथ गिरफ्तार अभियुक्तगण

# दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## कार्रवाई

जरवा, संवाददाता। थाना कोतवाली जरवा अंतर्गत ग्राम चौहत्तर कला में एक नाबालिग छात्रा से गांव के ही दबंग प्रवृत्त तथा पूर्व प्रधान के बेटे इसरार अहमद उर्फ कल्लू पर बलात्कार का आरोप लगा है। साथ ही परिवार को डरा धमका कर मामले को दबाने के प्रयास का मामला सामने आया है। लड़की के पिता शरीर से पैरालाइज हैं। लड़की की मां घर पर एक छोटा दुकान पान की टपरी चलाती है। लड़की के दो भाई हैं जो बाहर मजदूरी करते हैं।

लड़की के पिता ने बताया कि सोमवार रात कल्लू पीछे के रास्ते से घर में घुसा और लड़की के मुंह में



गिरफ्तार दुष्कर्म के आरोपी के साथ मौजूद पुलिस टीम।

रुमाल डालकर उसके साथ जबरदस्ती किया। लड़की के शोर मचाने पर पीड़ित की मां अंदर गई। इसपर इसरार ने लड़की के परिजनों को धमकाते हुए उसने लड़की मोटरसाइकिल पर बैठा कर लक्ष्मी नगर पचपेड़वा भाग गया। इसरार अहमद का चचेरा भाई लगभग दो माह पहले ग्राम नवानगर के मजरा मकुनहवा में लड़की के सामूहिक दुष्कर्म में अभी भी जेल में ही है। काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया। वहीं आरोपी को गिरफ्तार करने में भी पुलिस कामयाब रही। प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि पीड़िता को वन स्टॉप सेंटर बलरामपुर में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा चुका है। क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, कार्रवाई की जा रही है।

# मानव तस्करी की रोकथाम के लिए किया जागरूक

बलरामपुर, संवाददाता। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उप्र की ओर से मानव तस्करी से आजादी अभियान के तहत भारत-नेपाल सीमा स्थित गांवों में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने पचपेड़वा के मजगवां स्थित प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति का बोध कराया। साथ ही बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम व मानव तस्करी की रोकथाम में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

उपनिरीक्षक निलोफर बानो ने कहा कि बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है। कहीं भी बच्चों से मजदूरी कराता कोई मिले, तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। कहाकि बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। कहा कि बाल विवाह का महिलाएं खुलकर विरोध करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लें। सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित है। यहां महिलाएं खुलकर अपनी परेशानी बता सकती हैं। यूनिसेफ के परीक्षित ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ग्रामीणों व बच्चों को फिल्म दिखाकर अभियान का उद्देश्य समझाया।

# सेवानिवृत्त होमगार्डों को विदाई दी गई

ललिया। हर्रैया थाना परिसर में दो सेवानिवृत्त होमगार्डों के विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त दोनों होमगार्डों को धार्मिक पुस्तक एवं अंग वस्त्र प्रदान कर विदाई दी गई। थानाध्यक्ष हर्रैया अखिलेश कुमार पांडेय ने सेवानिवृत्त होमगार्ड राम समुझ मिश्र तथा राम समुझ भारती को धार्मिक पुस्तक और अंग वस्त्र देकर विदा किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि होमगार्ड के सेवानिवृत्त साथी कार्यों से निवृत्त हो रहे हैं, लेकिन इनका सहयोग हमेशा यादगार रहेगा।



सेवानिवृत्ति होमगार्ड को विदाई देते थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस कर्मी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**बलरामपुर :** नवीन दीवानी न्यायालय परिसर में 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, बैंक, सिविल वाद, भूमि अधिग्रहण, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक वाद समेत अन्य वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते से किया जाएगा। (संसू)

## टीम ने किया जागरूक

**बलरामपुर :** विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के निर्देश पर सार्वजनिक स्थलों पर बेटियों को मिशन शक्ति व नारी सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। 1090, महिला हेल्प लाइन 181, 108 एंबुलेंस सेवा, 1076, यूपी डायल 112 के प्रयोग की जानकारी दी गई। (संसू)

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** जरवा कोतवाली की पुलिस ने दुष्कर्म आरोपित को गिरफ्तार किया है। तुलसीपुर सीओ कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि अभियुक्त इसरार अहमद निवासी चौहत्तर कला कोतवाली जरवा को पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

## लापता दो युवतियां मिलीं

**हरैया सतघरवा:** क्षेत्र के एक गांव से गायब दो युवतियों को पुलिस ने शुक्ला बाजार से खोजा है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि एक गांव से दो युवतियों के गायब होने की शिकायत चार नवंबर को उसके पिता ने की थी। युवतियां बलदेवनगर बाजार में सामान खरीदने गई थी। (संसू)

# फर्जी शिक्षकों का हब बना शिक्षा विभाग

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : माध्यमिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अशासकीय सहायता प्राप्त इंटर कालेजों में प्रबंधकीय कोटे व आयोग से नियुक्त होने वाले शिक्षकों के अभिलेख कूटरचित मिलने से विभागीय कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। हाल ही में बसंत लाल इंटर कालेज तुलसीपुर में दो शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। इन्हें एफआइआर की चेतावनी देकर स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

इससे पूर्व बलरामपुर बालिका इंटर कालेज में शिक्षिका के अभिलेख फर्जी मिलने पर निलंबन के साथ एफआइआर दर्ज कराई जा चुकी है। इन शिक्षकों के फर्जी अभिलेखों का राज खुलने के बाद नियुक्ति के समय हुआ सत्यापन भी सवालों के घेरे में है। बसंत लाल इंटर कालेज तुलसीपुर में माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड प्रयागराज के फर्जी समायोजन आदेश पर दो शिक्षकों के विरुद्ध विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पांडेय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें सामाजिक विषय के शिक्षक चंद्रशेखर सिंह व हिंदी अध्यापक सुनील कुमार पांडेय शामिल है। दोनों शिक्षकों को 31 जुलाई 2021 को माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज के आदेश पर कार्यभार ग्रहण कराया गया था। विद्यालय स्तर पर सत्यापन में दोनों के अभिलेख फर्जी पाए गए हैं। इस फर्जीवाड़े में दोनों को अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर दिया गया है। निर्धारित समय में पक्ष न रखने पर एफआइआर दर्ज कराने की बात कही गई है।

**बसंतलाल इंका तुलसीपुर व बलरामपुर गर्ल्स इंका में मिल चुके हैं फर्जी शिक्षक, जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठे सवाल**

## दर्ज कराया जाएगा केस

डीआइओए गोविंद राम का कहना है कि फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। गर्ल्स इंटर कालेज की फर्जी शिक्षिका पर मुकदमा दर्ज हो चुका है। जल्द ही बसंतलाल इंका के दो शिक्षकों पर भी केस दर्ज कराया जाएगा।

## फर्जी शिक्षिका पर हो चुका है मुकदमा

फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी करने वाली बलरामपुर बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापक आसमा परवीन के विरुद्ध 22 सितंबर को नगर कोतवाली में मुकदमा लिखा गया है। आरोपित शिक्षिका की तैनाती नवंबर 2021 में आयोग से हुई थी। तैनाती के बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रबंध तंत्र में अभिलेखों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन में बीएड की डिग्री फर्जी होने की पुष्टि पश्चिम बंगाल के सिद्दू कान्हू बिरसा विश्वविद्यालय ने की थी। विश्वविद्यालय की पुष्टि होते ही जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय प्रधानाचार्य रेखा देवी को पत्र जारी कर अध्यापिका के खिलाफ कूटरचित अभिलेख के सहारे नौकरी करने के आरोप में एफआइआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था।

# एसडीएम ने छापेमारी कर जब्त की 20 क्विंटल पालीथिन



सिविल लाइन स्थित दुर्गेश ट्रेडर्स के यहां बरामद पालीथिन को सील करते ईओ डा. देवेंद्र श्रीवास्तव बाएं व एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर (दाएं) ● जागरण

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त तेवर अपनाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर ने नगर पालिका की टीम के साथ छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान सिविल लाइन मुहल्ला में दुर्गेश ट्रेडर्स के यहां बिक्री के लिए रखी 20 क्विंटल से अधिक पालीथिन बरामद की गई। पालीथिन को जब्त करते हुए संबंधित पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एसडीएम ने बताया कि पालीथिन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। दुकानदारों को भी पालीथिन का उपयोग बंद करने की हिदायत दी गई है। छापेमारी अभियान लगातार चलता रहेगा। यदि कोई व्यापारी पालीथिन में सामान बेचता मिला, तो उसके खिलाफ जुर्माना किया जाएगा। टीम में अधिशासी अधिकारी डा. देवेंद्र श्रीवास्तव, सफाई प्रभारी सुरेश कुमार गुप्त शामिल रहे।

# ट्रक में लदे खैर के बोटों संग चार लकड़कट्टे गिरफ्तार



महदेइया गांव के पास लकड़ी लदे ट्रक व चार आरोपित के साथ वन विभाग की टीम ● जागरण

**संवादसूत्र, हर्रैया सतघरवा (बलरामपुर) :** सोहेलवा जंगल में पेड़ों की अवैध कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की रात बरहवा रेंज के महदेइया गांव के पास वन विभाग की टीम ने आधा ट्रक खैर के बोटे बरामद किए हैं।

बोटों के साथ तुलसीपुर के गिरधरडीह निवासी जाकिर अली, बसंतपुर के अजीजुलहक, अजमत उल्लाह व बालापुर जरवा के मनीराम को गिरफ्तार किया गया है। ट्रक चालक फरार हो गया है।

क्षेत्रीय वनाधिकारी इंद्रभान सोनकर ने बताया कि रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर महराजगंज तराई के महदेइया गांव के पश्चिम नहर के पास आधा ट्रक खैर के बोटे पकड़े गए। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा। उसकी तलाश की जा रही है।

# 20.08 क्विंटल पॉलीथिन जब्त

**बलरामपुर।** उपजिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर व नगर पालिका ईओ डॉ. देवेंद्र कुमार ने मंगलवार को कोतवाल संजय दुबे के साथ सिविल लाइंस मोहल्ले में एक व्यापारी के घर से 20.08 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की है। एसडीएम ने बताया कि पॉलीथिन जब्त करके दुर्गेश ट्रेडर्स पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। (संवाद)

# किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज

**जरवा (बलरामपुर)।** क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है कि रविवार देर रात गांव के ही एक युवक ने घर में घुसकर उसकी 14 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म किया। फिर बाइक से अगवा कर ले गया। महिला के मुताबिक उसका बेटा किसी तरह आरोपी तक पहुंच गया। जहां आरोपी ने उसके बेटे की पिटाई कर दी। हालांकि उसने किसी तरह अपनी बहन को आरोपी के चंगुल से छुड़ा लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि आरोपी इसरार अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। सीओ कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# खैर की लकड़ी से भरे ट्रक समेत चार दबोचे

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** क्षेत्रीय वनाधिकारी बनकटवा रेंज इंद्रभान सोनकर ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान महदेईया गांव के पास से खैर के बोटे से भरे ट्रक के साथ जाकिर अली निवासी गिरधरडीह, अजीजुल हक व अजमत उल्लाह निवासी बसंतपुर थाना तुलसीपुर व मनीराम निवासी बालापुर कोतवाली जरवा को गिरफ्तार किया गया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। (संवाद)

# युवक की पिटाई, चार पर केस

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)।** क्षेत्र में चार लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। श्रीदत्तगंज थाने में दी गई तहरीर में पीड़िता सुनीता ने कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी उसके घर आकर हंगामा करने लगे। उसके बेटे आशीष ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी गई। इससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि सुनीता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# यातायात पुलिस ने 65 वाहनों का ई चालान किया

बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देशन में मंगलवार सुबह से यातायात पुलिस ने यातायात माह की श्रंखला में जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व सीओ सिटी व यातायात डॉ. जंग बहादुर यादव के मार्गदर्शन में गंगा घाटों पर भी अभियान चलाया गया।

यातायात प्रभारी जय प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक यातायात शशीकांत कौल, सिपाही दिनेश चौहान, रवि कुमार व होमगार्ड रविंद्र शुक्ला ने शहर के विभिन्न चौराहों- तिराहों पर यातायात नियमों से संबंधित बैनर लगवाया और पंपलेट वितरित किया गया। ट्रैक्टर - ट्रालियों, पिकअप, मैक्स व अन्य कामर्शियल गाड़ियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। सोमवार को सरकार पयागपुर के खुटेहना स्थित बहादुर शुक्ला हायर सेकेंडरी स्कूल बनकटा के छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक किया।

वाहन चेकिंग अभियान के तहत 65 वाहनों से 1,05,000 रुपए का चालान किया गया। अवैध टैक्सी/बस स्टैंड बनाकर वाहनों का संचालन न करने की अपील की गई। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने को, वाहन संचालन के समय मोबाइल का प्रयोग न करने को जागरूक किया गया।

# चोरी की बाइक बरामद, गिरफ्तार

बहराइच। कैसरगंज पुलिस ने मंगलवार को अन्तरजनपदीय वाहन चोरी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को दबोच लिया। उनके पास से अमेठी जिले से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई। चोर बाइक का नम्बर प्लेट बदलकर बिक्री कर देते थे।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि मंगलवार को कैसरगंज एसएचओ दद्दन सिंह को भनक लगी कि कुछ संदिग्ध युवकों की गतिविधियों को देखा गया है। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने दरोगा मुहम्मद कैसर खां ने टीम के साथ कैसरगंज -हुजूरपुर रोड पर दबिश देकर बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि बाइक अमेठी से चोरी की गई है। चोरों की पहचान हुजूरपुर थाने के रज्जापुरवा निवासी अबूतालिब व बाराबंकी जिले के मंझारा रामगांव थाने के इब्राहिमपुर के राम स्वरूप पुरवा निवासी तसौव्वर के रूप में की गई।

# 65 निजी बीज केंद्रों पर छापेमारी

## 41 दुकानों पर बिक रही बीज की गुणवत्ता संदिग्ध, तीन दुकानें सस्पेंड की गईं

**कार्रवाई**

बहराइच, संवाददाता। बेमौसम बारिश व सूखे से बिगड़ी खेती से बेहाल किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज मुहैय्या कराकर राहत देने के लिए कृषि विभाग ने मंगलवार को सभी तहसीलों में 65 दुकानों पर छापेमारी की। 41 दुकानों पर बीज की गुणवत्ता ठीक न होने पर नमूने भरे गए हैं। सिंगल टैग लगे बीज मिलने पर तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। रिकार्ड अधूरे व रख रखाव ठीक न होने पर चार से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। छापेमारी शुरू होते ही कई दुकानदार शटर गिरकार फरार हो गए, इन पर भी कार्रवाई होगी।

तराई के किसानों को घटिया बीज बिक्री करने वालों पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश शासन स्तर से जारी किए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी, डीडी व उप संभागीय अधिकारी के नेतृत्व में तीन टीम गठित की गई। सभी छह तहसीलों में तीनों टीमों ने 65 बीज की दुकानों पर छापेमारी की। इनमें 41 दुकानों पर किसानों को बेची जा रही चना, मसूर, राई, गेहूं, सरसों के बीज की गुणवत्ता घटिया पाई गई। कई दुकानों पर सिंगल टैग गेहूं भी पकड़ा गया। सभी बीज के नमूने भरे गए हैं। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधोमानक या फिर जमाव न होने की पुष्टि पर इन दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। डीएओ सतीश कुमार पांडेय ने मिहींपुरवा व नानपारा, डीडी टीपी शाही, कैसरगंज व महसी, उदयशंकर सिंह ने सदर व कैसरगंज में छापेमारी कर बीज गुणवत्ता, स्टॉक रजिस्टर व बीज के रख रखाव की स्थिति का निरीक्षण किया।



बाबागंज में किसान सेवा केंद्र पर बीज की जांच करते डीएओ।

**नहीं दिखा पाए सही रिकार्ड, थमाई गई नोटिस :** डीएओ ने बताया कि जांच के दौरान बाबागंज में वर्मा किसान सेवा केंद्र, बाबागंज में अफजल ट्रेडर्स, मिहींपुरवा में न्यू श्याम बीज भंडार व श्री गणपति सीड्स के अभिलेख सही नहीं पाए गए। रेट बोर्ड व रख रखाव भी बदहाल पाया गया। दुकानदारों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

**50 फीसद अनुदान पर खरीदें बीज :** डीएओ ने बताया कि किसानों को राहत देने के लिए सभी 14 राजकीय बीज भंडारों पर राई, सरसों, गेहूं, मसूर समेत सभी गुणवत्ता युक्त बीज की खेप उपलब्ध है। किसान यहां से 50 फीसदी अनुदान पर बीज खरीद सकते हैं। अनुदान की रकम सीधे खातों में आएगी।

### लाइसेंस रद्द, बीज बिक्री पर पाबंदी

बहराइच। सिंगल टैग गेहूं बीज बिक्री करने व बीज बिक्री व आपूर्ति का रिकार्ड दुरुस्त न होने पर डीएओ ने रुपईडीहा में अजय वर्मा बीज भंडार, मिहींपुरवा में जनता बीज ट्रेडर्स व धनागमा सीड्स के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। इन दुकानों पर बीज बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

“ छह तहसीलों में तीन टीमों ने छापेमारी की है। 41 दुकानों से सैंपल भरे गए हैं। तीन के लाइसेंस निलंबित व चार को नोटिस दिया गया है। गुणवत्तायुक्त बीज न होने पर कानूनी कार्रवाई भी होगी।

**सतीश कुमार पांडेय,** डीएओ, बहराइच

# नदी में मिले युवती के शव की हुई पहचान

**संसू, हुजूरपुर (बहराइच) :** पुरैनी पुल के नीचे सोतिया नदी में सोमवार को मिली युवती के शव की पहचान हो गई है। युवती के पिता ने बताया कि बीमारी से उसकी मौत हुई है। शव उसने ही सोतिया नदी में प्रवाहित किया है।

युवती के पिता ननकू निवासी गुलरिया गाजीपुरा ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पुत्री सिंपी उसकी पहली पत्नी की बच्ची थी। 30 अक्टूबर को इलाज कराने कैसरगंज ले जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

वापस आते समय उसने सोतिया नदी में प्रवाहित कर दिया। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# खाद–बीज की 65 दुकानों पर छापे, तीन लाइसेंस निलंबित

**जासं, बहराइच :** कृषि विभाग के अधिकारियों ने एक साथ जिले में छापा मार कर जांच की। कुल 65 दुकानों पर छापे मारे गए। इस दौरान जांच के लिए 41 नमूने लिए गए। अभिलेख पूरे नहीं मिलने पर तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए।

एक साथ छापेमारी अभियान की अगुआई उप निदेशक कृषि टीपी शाही ने तहसील महसी और कैसरगंज में, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने नानपारा और मिहीपुरवा तथा उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदय शंकर सिंह ने तहसील सदर और पयागपुर में की। चेकिंग के दौरान चना, मटर, राई और सरसों सहित विभिन्न बीजों के 41 नमूने लिए गए। अभिलेख दुरुस्त नही होने पर अजय वर्मा रुपईडीहा, जनता बीज भंडार मिहींपुरवा और श्रीधनागम प्राइवेट लिमिटेड मिहींपुरवा के लाइसेंस निलंबित किए गए। इसके अलावा वर्मा किसान सेवा केंद्र बाबागंज, अफजल ट्रेडर्स जमुनहाबाद, श्याम बीज भंडार मिहींपुरवा और गणपति एग्रो सीड मिहींपुरवा को नोटिस दिया गया।



रुपईडीहा में खाद दुकान का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ● जागरण

# भिउरा वीरघाट में गैंडे की दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

**संसू, मिहींपुरवा** : कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के समीपवर्ती गांवों में वन्यजीवों की आमद थम नहीं रही है। भिउरा वीरघाट में गैंडा पहुंचने से लोगों दहशतजदा हैं। वन विभाग ने इसके पगचिह्न से गैंडा होने की पुष्टि की है।

गैंडों की आमद शुरू हो गई है। एक दिन पूर्व मोतीपुर रेंज के ग्राम खड़िया में ग्रामीण के दरवाजे पर गैंडे ने दस्तक दी। यहां आर्मी भर्ती की तैयारी करने वाले युवा भोर में दौड़ लगाने जा रहे थे। घर के आसपास रास्ते में जंगल से काफी दूर स्थित पूर्व प्रधान रघुपति यादव के दरवाजे पर भारी-भरकम जंगली गैंडा दिखा। लोगों के शोर मचाने पर गैंडा जंगल की तरफ भाग गया। मंगलवार को ककरहा वन रेंज के ग्रामपंचायत मधवापुर के मजरा भिउरावीरघाट में शंकर मौर्य के घर से होते हुए हंसनाथ मौर्य के घर के बगल से होते हुए गैंडे ने गांव में घूमते हुए दिखा। इससे लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि जानकारी मिली है। वन टीम को निगरानी के लिए लगाया गया है।

# झाड़-फूंक के नाम पर युवती से दरिंदगी

## तांत्रिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की जांच

**संसू, वहराइच :** एक तांत्रिक ने अन्य के साथ झाड़-फूंक के नाम पर युवती के साथ दरिंदगी की। युवती की हालत गंभीर हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से डाक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया।



एक चीनी मिल के सेवानिवृत कर्मचारी यहीं एक मकान में परिवार के साथ रहते हैं। 26 वर्षीय पीड़िता बीमार रहती थी। लाल महाराज उर्फ रामप्रकाश पाठक उसे ठीक करने के लिए झाड़-फूंक करता था। सोमवार को तांत्रिक ने बुलाया और युवती के साथ दरिंदगी की। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई। युवती की खोजबीन करते हुए परिवार के लोग पहुंचे। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। कोतवाल देहात मामले को दबाने में जुटे रहे, लेकिन मंगलवार सुबह लखनऊ से फोन आते ही तांत्रिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ, जबकि परिवार के लोग घटना में तीन से चार लोगों के शामिल होने की बात कह रहे हैं। अंदरूनी हिस्से में चोट आने एवं बच्चेदानी को क्षति पहुंचने के कारण युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। तांत्रिक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

### ट्वीट के बाद दर्ज किया गया मुकदमा

स्थानीय पुलिस मामला संज्ञान में आने के बावजूद मुकदमा नहीं दर्ज कर रही थी। किशोरी को जब लखनऊ में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। तब वहां के एक व्यक्ति ने बहराइच पुलिस की शिथिलता का ट्वीट किया। इस पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी की हिदायत के बाद मुकदमा दर्ज किया गया।

# चार मकान, 87 जवान! सभी परेशान

**संसू, फखरपुर(वहराइच) :** दूसरों के घरों की सुरक्षा व क्षेत्र की कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने वाले पुलिसकर्मियों को आराम के लिए किराए के मकानों का सहारा लेना पड़ रहा है। अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती तो की गई, लेकिन आवास की समस्या उन्हें मानसिक तौर पर परेशान कर रही है।



फखरपुर थाने में जर्जर आवास ●जागरण

फखरपुर थाने में थानाध्यक्ष के अलावा 12 उपनिरीक्षक, 17 महिला सिपाही समेत करीब 87 कर्मियों की तैनाती है, लेकिन आवास मात्र चार हैं। इनमें एक थानाध्यक्ष को आवंटित है, जबकि तीन अन्य लोगों के लिए। आवास न होने से दो उपनिरीक्षक आरक्षी बैरक में रहते हैं और थाने के बरामदे में बैठकर मुकदमों की केस डायरी लिखते हैं। महिला आरक्षियों को भी किराए व ब्लाक मुख्यालय के जर्जर आवास में रह रही हैं। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि पांच वर्ष पहले थाने में करीब 50 मीटर लंबाई-चौड़ाई में आवास निर्माण के लिए टेंडर हुआ था। समाजसेवी सुभाष दीक्षित कहते हैं कि टेंडर के बाद आवास निर्माण की आस जगी थी, लेकिन मामला फिर ढाक के तीन पात बनकर रह गया।

# 65 दुकानों पर छापे, तीन के लाइसेंस निलंबित

## तीन टीमों ने खाद-बीज की दुकानों पर की कार्रवाई, चार को नोटिस, 41 नमूने भी भरे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले की तहसीलों में मंगलवार को कृषि विभाग की टीम ने खाद-बीज की 65 दुकानों पर छापा मारा। उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी व उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीमों ने 41 दुकानों से नमूने भरे। सिंगल टैग बीज मिलने, बीज रखरखाव व दस्तावेज दुरुस्त न मिलने पर तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। चार विक्रेताओं को नोटिस दी गई। कार्रवाई के दौरान कई विक्रेता शटर गिराकर भाग गए।



नानपारा में एक दुकान की जांच करते कृषि अधिकारी। -संवाद

किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध करवाने के लिए शासन के निर्देश पर मंगलवार को कृषि विभाग की टीमों ने यह अभियान चलाया। उप निदेशक कृषि टीपी शाही ने कैसरगंज व महसी, जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने नानपारा व मिहींपुरवा और उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदयशंकर ने पयागपुर व सदर तहसील क्षेत्र में छापे मारे। टीमों ने जिले की 65 दुकानों पर खाद-बीज के रखरखाव, गुणवत्ता, दस्तावेज आदि की जांच की। इस दौरान अजय वर्मा बीज भंडार, रुपईडीहा, जनता बीज भंडार, मिहींपुरवा और धनागमा सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, मिहींपुरवा में सिंगल टैग बीज मिलने व रखरखाव सही न मिलने पर इनका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

वर्मा किसान सेवा केंद्र, बाबागंज, अफजाल ट्रेडर्स, जमुनहा, न्यू श्याम बीज भंडार, मिहींपुरवा व गणपति एग्रो सीड्स, मिहींपुरवा में खाद व बीज का रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं मिला। इन सभी को नोटिस जारी की गई है। बीज संदिग्ध पाए जाने पर 41 नमूने भी संकलित किए गए।

### मुकदमा भी होगा

कंपनी टैग व प्रमाणीकरण टैग वाले बीज ही बेचने के निर्देश हैं। कोई दुकानदार मानक विहीन सिंगल टैग बीज बेचता पाया गया तो लाइसेंस निलंबित कर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। अभियान जारी रहेगा।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-11-2022

# जन शिकायत निपटारे में जिला अव्वल

**श्रावस्ती।** आनलाइन शिकायत प्रणाली प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस प्रणाली के माध्यम से लोगों को घर बैठे आनलाइन माध्यमों से शिकायत कर समस्या का समाधान मिल रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण मामले में माह अक्टूबर में श्रावस्ती पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि समय-समय पर अधिकारियों की ओर से समीक्षा कर आईजीआरएस सेल की कमियों को दूर किया गया तथा आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# 19 बच्चों को मां-बाप को सौंपा

इकौना। इकौना के टंडवा महंथ स्थित सीताद्वार मंदिर पर खोया पाया केन्द्र स्थापित किया गया है। मंगलवार को मेले में कई बच्चे अपने मां बाप से बिछड़ गए। जिन्हे खोया पाया केन्द्र के माध्यम से उनके मां बाप से मिलाया गया। मां बाप के साथ मेला देखने आए कुल 19 बच्चे आपने अभिभावकों से बिछड़ गए। इस दौरान लोगों की ओर से सभी बच्चों को खोया पाया केन्द्र में पहुंचाया गया। जिसके बाद केन्द्र में तैनात कर्मचारियों की ओर से लाउडस्पीकर के सहारे एलाउंस कराया गया। जिसके जिसे सुन अपने बच्चों को खोज रहे माता व पता खोया पाया केन्द्र पहुंच गए। जहां पूरी पड़ताल के बाद कर्मचारियों की ओर से बच्चों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# डीएम व एसपी ने सीताद्वार मेले का जायजा लिया

**निरीक्षण**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** मंगलवार को सीताद्वार में आयोजित मेले में डीएम व एसपी लगातार भ्रमणशील रहे। इस दौरान दोनों अधिकारी मेले की व्यवस्था का जायजा लेते रहे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

मेले में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इकौना क्षेत्र के सीताद्वार मंदिर परिसर में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के मेले का भव्य आयोजन हुआ। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने सीताद्वार मन्दिर में चल रहे कार्तिक पूर्णिमा मेले का निरन्तर भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मेले में घाट, झील व सभी स्टालों और दुकानों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने मेले में आये मेलार्थियों से उनका कुशलक्षेम जाना और मेलार्थियों को मेले में कोई दिक्कत न होने पावे, इसके लिए मेले की व्यवस्था में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि मेला समाप्ति तक प्रतिदिन मेला परिसर के अंदर व बाहर साफ सफाई विशेष रूप से कराया जाय।

# जन शिकायतों के निस्तारण में जिला प्रदेश में अव्वल

**जासं, श्रावस्ती** : अक्टूबर में जिले ने आइजीआरएस प्रणाली के तहत जन शिकायतों के निस्तारण में पूरे प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त किया है। पुलिस अधिकारियों की ओर से समय-समय पर समीक्षा कर आइजीआरएस सेल की कमियों को दूर किया गया। इससे यह परिणाम मिला है।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे व सीओ इकौना महेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों की ओर से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। इसके परिणाम स्वरूप कर्मियों की मेहनत व लगन की वजह से जिले के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में अक्टूबर माह में जिले की रैंकिग प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही। इसमें संतुष्ट फीडबैक 72.97 प्रतिशत रहा। थाना स्तर पर इकौना व मल्हीपुर थाने की रैंक प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पर रही। इसमें संतुष्ट फीडबैक क्रमशः 62.86 व 67.65 प्रतिशत रहा। जिले स्तर पर आइजीआरएस शाखा में तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को पांच हजार रुपये पुरस्कार की घोषणा की गई।

# कार्तिक पूर्णिमा पर नदी व झीलों में लगाई आस्था की डुबकी



कार्तिक पूर्णिमा पर सीताद्वार झील में स्नान करते श्रद्धालु ● **जागरण**

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** कार्तिक पूर्णिमा पर्व मंगलवार को पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। पौ-फटते ही स्नान के लिए नदी व झीलों के तटों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजन-अर्चन कर दान-पुण्य किया गया। जगह-जगह मेले लगे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद दिखी। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

भगवान लवकुश की जन्मभूमि सीताद्वार पर आस्था का सैलाब उमड़ा। यहां स्थित पौराणिक झील में भोर से ही डुबकी लगाने व घाट पर दान दक्षिणा का कार्यक्रम शुरू हो गया। सीता माता मंदिर में देर शाम तक पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। इस दौरान मंदिर परिसर मां सीता के जयकारों से रह-रहकर गूंजता रहा। मेले में दोपहर तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन दोपहर बाद मेलार्थियों का रेला उमड़ पड़ा। मनोरंजन के लिए लगाए गए काला जादू, इलेक्ट्रानिक झूले, मूविंग डांस, ड्रैगन ट्रेन, समेत अन्य आधुनिक झूलों के स्टैंड पर भारी भीड़ देखी गई। श्रृंगार, घरेलू सामानों व गुब्बारे की दुकानों पर बच्चों व महिलाओं की भीड़ रही। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा मेला होने के कारण हाथ से इस्तेमाल होने वाले कृषि यंत्रों की भी खूब बिक्री हुई। झील में श्रद्धालुओं ने नौकायन कर खूब मजा लिया। मेला कमेटी की ओर से खोया पाया केंद्र संचालित कर भूल भटके लोगों को उनके परिवारजन के सिपुर्द किया गया। हरिहरपुररानी के लखरांव, भिनगा नगर के राजघाट, कोकल, सिरसिया के जनकपुर, जोखवा खाकी दास कुट्टी आदि स्थानों पर भी मेले का आयोजन किया गया।

# दो पर अपहरण का केस दर्ज

**जमुनहा :** मल्हीपुर क्षेत्र के एक गांव से चार नवंबर को कालेज के लिए निकली छात्रा गायब हो गई थी। स्वजन ने काफी खोजबीन की, पर छात्रा का पता नहीं चला। लापता छात्रा के पिता ने दो युवकों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।(वि.)

# खुद की सुरक्षा के लिए करें यातायात नियमों का पालन

**श्रावस्ती।** यातायात माह के तहत मंगलवार को तिराहों व चौराहों पर पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को रोक कर यातायात नियमों के पालन की सीख दी। इस दौरान इकौना में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष पांडे ने सीताद्वार मेले में आने वालों से कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों व संकेतों का जरूर पालन करें। ऐसा पुलिस की कार्रवाई के डर से नहीं बल्कि खुद की सुरक्षा के लिए जरूरी है। बगैर हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय फोन पर बात न करें। इस दौरान सीताद्वार मेले में आए श्रद्धालुओं व वाहन चालकों को पंपलेट वितरण किए। संवाद

# 66 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार को चिकपोस्ट व बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 66 वाहनों का ई।चालान कर 95000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# शांति भंग के आरोप में चार गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार रात अभियान चला कर चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। पर पर कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। संवाद

# स्कूल गई छात्रा का अपहरण

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में एक छात्रा चार नवंबर को लाल बहादुर इंटर कॉलेज गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पहुंची। बाद में पता चला कि उसकी सहेली के भाई ने एक दोस्त के साथ मिलकर अपहरण कर लिया है। मामले में छात्रा के पिता की तहरीर पर मल्हीपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। संवाद

# नवजात अस्पताल में, आरक्षी दंपती गोद लेने को बेताब

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** गिलौला के झाली धाम मंदिर के पास शनिवार देर शाम एक नवजात लावारिस हालात में मिला था। इसकी सूचना डीसीआर की ओर से वायरलेस पर प्रसारित की गई तो सिरसिया में तैनात आरक्षी ने गिलौला में तैनात महिला आरक्षी पत्नी को भेजा था। फिलहाल नवजात जिला अस्पताल में है। वहीं, आरक्षी दंपती ने नवजात को गोद लेने की कवायद शुरू कर दी है।

गिलौला थाने में तैनात महिला आरक्षी मौसम पासवान के पति गौतम पासवान भी

## गिलौला में झाली धाम मंदिर के पास मिला था नवजात

पुलिस में आरक्षी हैं। मौजूदा समय में वह सिरसिया थाने में तैनात हैं। दोनों के एक तीन वर्षीय पुत्री इंशिका है। शनिवार देर शाम वायरलेस पर सूचना प्रसारित हुई कि गिलौला के झाली धाम मंदिर के निकट एक नवजात लावारिस पड़ा हुआ है। इसे सुनकर सिरसिया में तैनात आरक्षी गौतम ने पत्नी मौसम को मौके पर जाकर बच्चे को गोद लेने के लिए कहा। वहीं, काफी देर तक झाड़ियों में पड़े होने के कारण बच्चे की



आरक्षी मौसम पुत्री इंशिका के साथ। -संवाद

तबीयत खराब हो गई थी। मौसम उसे गिलोला सीएचसी ले गई। फिलहाल मासूम को इलाज के लिए बहराइच ले जाया गया है। आरक्षी दंपती ने नवजात को गोद लेने की कवायद शुरू कर दिया है। गौतम ने बताया कि वह और मौसम बच्चे को गोद लेना चाहते हैं।

इस बारे में थाना प्रभारी गिलौला योगेंद्र कुमार राय बताते हैं कि थाने में तैनात बाल कल्याण अधिकारी एसआई सुधीर शुक्ला सीताद्वार मेला ड्यूटी पर हैं। बच्चा अस्पताल में है। एसआई के ड्यूटी से वापस आने के बाद औपचारिकता पूरी कराकर नवजात को आरक्षी दंपती को गोद दे दिया जाएगा।